श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत
सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 108, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12

आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत 14

## ...कुछ नया जन्म लेने वाला है

नई सोच हमेशा नई राहों पर ले जाती है।
इसी तरह नई शुरुआत नए जीवन से रू-ब-रू कराती है।
यही निरंतरता की स्थिति होती है।

# शुभांशु की वापसी पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमएस,लखनऊ ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण देख रहे लोगों ने एकदूसरे को दी बधाई
- शुभांशु के पिता ने कहा- बेटे की अंतरिक्ष यात्रा भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम

**अमृत विचार:** शुभांशु शुक्ला के स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने मंगलवार को भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे जैसे ही प्रशान्त महासागर के कैलीफोर्निया तट पर सफल लैंडिग की, देशवासी खुशी व गर्व से झूम उठे। सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस), कानपुर रोड ऑडिटोरियम में शुभांशु के माता-पिता और परिजनों के साथ सैकड़ों लोगों ने इस ऐतिहासिक क्षण को लाइव देखा। जैसे ही कैप्सूल ने प्रशांत महासागर की सतह को छुआ, ऑडिटोरियम का माहौल अत्यन्त भावुक हो उठा। पूरा ऑडिटोरियम भारत माता की जय के नारे व तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

शुभांशु 25 जून को फाल्कन-9 रॉकेट से अंतरिक्ष की उड़ान पर रवाना हुए थे। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गए थे। उन्होंने अंतरिक्ष में 18 दिन बिताए। 310 से अधिक कक्षाएं पूरी कीं और लगभग 1.3 करोड़ किमी की दूरी तय की। इस दौरान उन्होंने इसरो द्वारा सौंपे गए सातों सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगों को सफलतापूर्वक पूरा किया। मांसपेशी पुनर्जनन, टार्डिग्रेड परिक्षण, बीज अंकुरण, शैवाल संवर्धन, फसल सहनशीलता, विकिरण प्रभाव एवं मानव शरीर विज्ञान संबंधी अध्ययन शामिल थे। ये प्रयोग भारत के आगामी गगनयान कार्यक्रम हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शुभांशु के अन्तरिक्ष यान के पानी में उतरने के साथ ही सीएमएस प्रबंधन एवं शुभांशु के परिवार ने त्रि-स्तरीय केक काटा। इस केक के तीन स्तर लांच, आईएसएस पर प्रवास और धरती पर वापसी के प्रतीक स्वरूप थे। इस अवसर पर पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर शुभांशु के पिता शम्भू दयाल शुक्ल ने भावुक होकर कहा कि यह उपलब्धि भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम है। उन्होंने डा. भारती गांधी, प्रो. गीता गांधी किंगडन और सीएमएस परिवार का आभार व्यक्त करता हूं। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की सफलता ने हमारे छात्रों की कल्पनाशक्ति को पंख दिए हैं। वह सीएमएस के आदर्श वाक्य 'जय जगत' का जीवंत उदाहरण हैं और सिद्ध करते हैं कि अंतरिक्ष कोई कल्पना नहीं, बल्कि हमारा भविष्य है। सीएमएस अलीगंज कैम्पस, जहां शुभांशु ने शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के छात्र भी अत्यधिक प्रेरित दिखे। कक्षा 9 की छात्रा अनन्या मिश्रा ने कहा कि अब मैं भी अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती हूं,अगर वो कर सकते हैं, तो मैं भी कर सकती हूं। कक्षा 11 के आदित्य वर्मा ने कहा, 'पहले यह सपना दूर लगता था। आज यह वास्तविक है।

सीएमएस की संस्थापक-निदेशिका डा. भारती गांधी ने समापन में कहा, 'शुभांशु हमारे मार्गदर्शक सितारे हैं। साक्षात प्रमाण हैं कि गहरे मूल्यों और साहसी सपनों के साथ सितारों तक पहुंचा जा सकता है।

## आईएसएस से आखिरी कॉल कर रहा हूं मां - शुभांशु

**लखनऊ।** यह मेरी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से आखिरी कॉल है... अब लौट रहा हूं, जल्द मिलूंगा। एस्ट्रोनॉट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही ये शब्द कहे, लखनऊ स्थित उनके घर में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया और परिवार के लोगों की आंखें खुशी के आंसुओं से छलक उठीं। 18 दिनों की ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के अंतिम चरण में यह कॉल शुभांशु के परिवार के लिए सबसे भावुक क्षण बन गई। सोमवार सुबह 4:30 बजे एक्सिओम मिशन-4 के तहत शुभांशु का आईएसएस से अनडॉकिंग शेड्यूल थे। उसी से कुछ घंटे पहले उन्होंने अपने माता-पिता को सेटेलाइट कॉल की। यह बातचीत परिवार के दिल में हमेशा के लिए दर्ज हो गई।

### ये कॉल अलग थी

शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि, अब तक की हर कॉल में हम हंसते थे। बात करते थे, सवाल पूछते थे। लेकिन, इस बार जैसे सभी ने चुप रहने का मन बना लिया था। मां आशा शुक्ला की आंखों से लगातार आंसू बहते रहे। उन्होंने कहा, मैं कुछ बोल नहीं पाई। बस उसकी आवाज सुनी और रोती रही। वो जानता था कि मैं रो रही हूं, लेकिन फिर भी शांत रहा। हमें ढांढस देता रहा। कहता रहा कि सब ठीक होगा। परिवार ने माना कि यह कॉल भले ही भावुक थी, लेकिन उसी ने उन्हें हिम्मत भी दी। मां आशा शुक्ला कहती हैं, वो स्वस्थ लग रहा था, उसकी आंखों में चमक थी। उस कॉल ने हमारे बहुत सारे डर मिटा दिए।

### पिता ने किया सुंदरकांड पाठ

अंतरिक्ष से लौटते समय देशभर की नजरें जिस वीर बेटे पर टिकी थीं। उसके परिवार ने रात भर ईश्वर से उसकी सलामती की प्रार्थना की। लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के परिवार के लिए बीती रात बेहद तनावपूर्ण और भावनात्मक रही। शुभांशु का रिटर्न कैप्सूल पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है, उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला ने सोमवार सुबह सुंदरकांड का पाठ किया।

### पूरी रात जागते रहे

शुभांशु के पिता ने बताया, हमारे लिए बीती रात बहुत भारी रही। नींद तो जैसे आंखों से कोसों दूर थी। बस भगवान से यही प्रार्थना कर रहे थे कि हमारा बेटा सुरक्षित जमीन पर उतर जाए। वो जिस तरीके से एक बंद कैप्सूल में आ रहा था, उसे सोचकर दिल बैठा जा रहा था।

शुभांशु शुक्ला की वापसी के बाद केक काटकर जश्न मनाते माता- पिता और अन्य परिजन।

### शुभांशु का मानो दूसरा जन्म हो

शुभांशु की वापसी को परिवार पुनर्जन्म के तौर पर देख रहा है। बहन शुचि कहती हैं, जैसे वो पृथ्वी से किसी और ही दुनिया में गए और अब वापस लौट रहे हैं। नए अनुभवों और यादों के साथ। जैसे वो फिर से जन्म लेकर आ रहे हों। मां आशा ने बताया कि मिशन के अंतिम चरण में उन्होंने घर पर 18 दिन तक विशेष पूजा करवाई। हमारे लिए वो दोबारा जन्म लेकर आ रहा है।

### मां रो पड़ी, पिता ने लहराया तिरंगा

शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट 20 दिन अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। शुभांशु के सकुशल लौटने पर उनका परिवार बेहद खुश है। लखनऊ के सीएमएस स्कूल में माता-पिता ने बेटे की लाइव लैंडिंग देखी। यह क्षण परिवार के लिए भावुक और गर्व से भर देने वाला था। पिता शंभू दयाल मुस्कराते हुए तिरंगा लहराकर बेटे का हौसला बढ़ा रहे थे।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य क्रू सदस्यों के मंगलवार को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौटने पर मुरादाबाद के स्कूली में जश्न मनाते छात्र।

### शुभांशु के 17 अगस्त तक भारत आने की संभावना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के मिशन बाद की कई प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद 17 अगस्त तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कुछ मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया जाना है... उनका पुनर्वास, डीब्रीफिंग सत्र और इसरो की टीम के साथ कई चर्चाएं। हम 17 अगस्त तक उनके दिल्ली पहुंचने की उम्मीद कर सकते हैं। इस मिशन को "अभूतपूर्व" बताते हुए सिंह ने कहा कि कक्षीय प्रयोगशाला में अपने प्रवास के दौरान शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोग मानव अस्तित्व और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में जीवन से निकटता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, "ये प्रयोग न केवल भारतीयों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए उपयोगी होंगे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुभांशु के पिता से बात कर कहा- पूरे देश को है गर्व

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष में रिकॉर्ड बनाकर धरती पर वापसी पर खुशी और गर्व व्यक्त किया और लखनऊ में शुभांशु के पिता से फोन पर बात कर कहा कि पूरे देश को उनके पुत्र पर गर्व है। शुभांशु 18 दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे हैं। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवपूर्ण कदम है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें अपार सफलता की कामना करता हूं।

### शुक्ला ने भारत का गौरव बढ़ाया, वैज्ञानिकों में फिर से विश्वास जगाया : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के बाद पृथ्वी पर सफलतापूर्वक लौटने पर मंगलवार को बधाई दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शुक्ला ने एक ऐसी विजय गाथा लिखी है, जिसने न केवल देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों एवं वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस को लेकर विश्वास भी जगाया है। शाह ने एक्स पर लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के बाद पृथ्वी पर उनकी सफल वापसी पर हार्दिक बधाई। भारत की महानता की खोज में उन्होंने विजय की एक ऐसी गाथा लिखी है, जिसने न केवल हमारा गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों और वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस के प्रति विश्वास भी जगाया है। गृह मंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान अर्जित ज्ञान और अनुभव भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों में भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 108, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12

आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत 14

# शुभ आगमन

## 18 दिन आईएसएस पर रहने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे शुभांशु शुक्ला

बेटे की वापसी पर भावुक हो गए शुभांशु के माता-पिता।

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को खुशी और मुस्कुराहट के साथ शुभांशु शुक्ला पृथ्वी पर लौट आए। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने का वादा करती है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला और निजी 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री प्रशांत समयानुसार रात 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे) कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के निकट प्रशांत महासागर में उतरे। पूरे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई।

भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत रूस मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी। वह ऐसे पहले भारतीय भी बन गए हैं, जिन्होंने पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय (20 दिन) तक रहकर अंतरिक्ष की यात्रा की। भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए इस मिशन ने मानव अंतरिक्ष उड़ान की वापसी को साकार किया है, क्योंकि इन देशों के अंतरिक्ष यात्रियों ने 40 वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा की है। कक्षीय प्रयोगशाला में शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन तथा पोलैंड के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीवस्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 मिशन दल ने अगले 18 दिन 60 प्रयोगों और 20 संपर्क सत्रों में बिताए। ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने 28 हजार किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से यात्रा करते हुए एक्सिओम-4 चालक दल के सदस्यों को लेकर धीरे-धीरे गति कम करने और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के लिए कई प्रक्रियाएँ पूरी कीं तथा प्रशांत महासागर में उतरने से पहले तीव्र गर्मी का सामना किया। कुछ ही मिनटों बाद अंतरिक्ष यान को स्पेसएक्स के रिकवरी शिप शैनन के ऊपर ले जाया गया।

### ड्रैगन अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले

### तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद धरती पर रखा कदम

आईएसएस पर तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाने के लिए पैरों के सहारे चलवाने में शुक्ला की ग्राउंड स्टाफ ने मदद की। हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर ले जाए जाने से पहले एक्सिओम-4 के चालक दल को जहाज पर ही कई चिकित्सीय जांचों से गुजरना पड़ा। चारों अंतरिक्ष यात्रियों के सात दिन पुनर्वास कार्यक्रम में रहने उम्मीद है।

### माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू छलके

लखनऊ में शुक्ला के माता-पिता ने अपने बेटे के पृथ्वी पर लौटने पर राहत की सांस ली। शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा देवी की आंखों से खुशी के आंसू निकल आए। उनकी बहन शुचि मिश्रा ने भी नम आंखों और हाथ जोड़कर अपने भाई के पृथ्वी पर उतरने का स्वागत किया। शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, वह अंतरिक्ष में गए और वापस आए तथा हम बहुत खुश हैं, क्योंकि इस मिशन का देश के गगनयान कार्यक्रम के लिए अपना महत्व है।

### शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि ने करोड़ों सपनों को किया प्रेरित : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

### शुभांशु साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का प्रतीक : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव का क्षण बताया। योगी ने लिखा है कि वेलकम बैक टू अर्थ! ऐतिहासिक मिशन को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम को हार्दिक बधाई।

# स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत: योगी

## विश्व युवा कौशल दिवस पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कौशल मेले का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ में आयोजित कौशल मेले में युवती को यूथ आईकॉन सम्मान देते योगी।

**अमृत विचार:** सीएम योगी ने एआई व डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है। डबल इंजन सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

वह मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। योगी ने युवाओं को विश्व युवा कौशल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस वर्ष की थीम 'एआई और डिजिटल स्किल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' प्रदेश के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। सीएम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति युवाओं को एक साथ डिग्री और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा देती है। पिछले आठ वर्षों में 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करने के लक्ष्य समेत टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 150 आईटीआई को न्यू-एज टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ने का जिक्र किया।

### प्रदेश में खुल रहे निवेश और रोजगार के नए अवसर

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी जिक्र किया। कहा कि 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। यह लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं। उन्होंने उद्योगों और शैक्षिक संस्थानों के बीच तालमेल को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जा सकते हैं। 'सीएम युवा' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक 50 हजार से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं।

### डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार

योगी ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं के माध्यम से परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया गया है। ओडीओपी के तहत डेढ़ करोड़ को रोजगार मिला जबकि विश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख हस्तशिल्पियों टूलकिट दिए गए।

### 15 युवाओं को दिया यूथ आईकॉन सम्मान

सीएम ने 15 युवाओं को यूथ आईकॉन सम्मान और 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच स्किल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान से भी सम्मानित किया।

## पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई तक की जा सकती है। इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन की जा सकती है।

पद्म पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं और इनकी शुरूआत वर्ष 1954 में की गयी थी। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

# निलंबित आईएएस अभिषेक को रिश्वतकांड में चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद 400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** इन्वेस्ट यूपी और डिफेंस कॉरिडोर घोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को आखिरकार चार्जशीट थमा दी गई है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद 400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ को यह कार्रवाई की गई है।

चार्जशीट में निलंबित आईएएस अधिकारी के खिलाफ इन्वेस्ट यूपी में निवेशकों से सौदे के नाम पर मोटी रिश्वत मांगने के आरोप हैं। साथ ही डिफेंस कॉरिडोर परियोजना में भूमि आवंटन एवं अनियमितता की जांच और प्रभावशाली पद पर रहते हुए आर्थिक अनुशासन के उल्लंघन के प्रकरण भी शामिल है। मालूम हो कि, लखनऊ के पूर्व डीएम और एलडीए के पूर्व वीसी अभिषेक प्रकाश को घूसखोरी कांड में निलंबित किया गया था। आरोप है कि उन्होंने उद्योग लगाने के बदले व्यापारी से पांच प्रतिशत कमीशन की मांग की थी।

दरअसल, जो चार्जशीट अभिषेक प्रकाश को थमाई गई है, उसमें मुख्यतः एक ही आरोप लगाया गया है। जिसमें सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने का संयंत्र लगाने वाली कंपनी एसएईएल सोलर पी-6 प्राइवेट लिमिटेड की उस फाइल का जिक्र है, जिसमें पांच प्रतिशत कमीशन (400 करोड़) के चक्कर में लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) कम्पनी को नहीं जारी किया गया था।

# राहुल ने किया आत्मसमर्पण, मिली जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी का मामला
- मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के लिए कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया। उनके अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने अदालत से जमानत पर रिहा करने की मांग की।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने यह अर्जी मंजूर करते हुए, अभियुक्त राहुल गांधी को 20 हजार रुपये की दो जमानत व इतनी ही धनराशि का निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ इस मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त के लिए नियत कर दी। राहुल के साथ यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सीबीए के पूर्व महामंत्री संजीव पांडेय, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह व कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद थे। गौर है कि अदालत के समक्ष सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक (भारतीय सेना में कर्नल के पद के समकक्ष) उदय शंकर श्रीवास्तव की ओर से एक परिवाद दाखिल कर कहा गया है कि 16 दिसंबर 2022 को राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडिया कर्मियों और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा था कि चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक बार भी सवाल नहीं पूछा जा रहा है'। राहुल गांधी द्वारा भारतीय सैनिकों की चीनी सैनिकों द्वारा पिटाई के झूठे बयान से परिवादी को आघात लगा।

# दिव्यांगजनों को राशन दुकानों के आवंटन में मिलेगा 4% आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव को दी गई मंजूरी

**अमृत विचार:** प्रदेश में सरकारी राशन दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों को तीन से बजाय चार प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को योजना भवन में दिव्यांगजनों के लिए गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

साथ ही सभी विभागों में दिव्यांगजनों के खाली पद भरे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शिक्षण संस्थानों में छात्रों के प्रवेश में आरक्षण को चार प्रतिशत से बढ़ाकर पांच प्रतिशत किये जाने को भी मंजूरी दी गई। बैठक के बाद राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए लागू की गई योजनाओं के धरातल तक क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि नगर निकायों के जरिये दिव्यांगजनों को दी जाने वाली दुकानों व गुमटी क्योस्क के आवंटन में आरक्षण को प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश दिया गया।

# भारतीय नर्स की मौत की सजा टली

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- यमन में निमिषा प्रिया के मामले में सहायता प्रदान कर रही भारत सरकार

यमन के अधिकारियों द्वारा भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित करने से उसके परिवार और दक्षिणी राज्य केरल के राजनीतिक नेतृत्व सहित अन्य लोगों को राहत मिली है। अब प्रिया के बचने की उम्मीद बढ़ गई है।

सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार ने हाल के दिनों में प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के वास्ते अधिक समय देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। भारतीय नर्स को बुधवार को मौत की सजा दी जानी थी। प्रिया के पति टॉमी थॉमस ने सरकार और अन्य संगठनों के सामूहिक प्रयास पर संतोष व्यक्त किया है। टॉमी थॉमस ने बताया, फांसी टाल दी गई है। यह अच्छी खबर है। हम खुश और राहत महसूस कर रहे हैं।

मुझे यकीन है कि उसकी फांसी रुकवाने और उसे सुरक्षित वापस लाने के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने इस मुहिम में समर्थन के लिए सभी लोगों का धन्यवाद किया। थॉमस ने बताया कि उनकी एक बेटी है जो बारहवीं कक्षा में पढ़ती है और उसे इन सब चीजों से दूर रखा गया है। केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में यमन के एक नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया था।

वर्ष 2020 में, यमन की अदालत ने प्रिया को मौत की सजा सुनाई और देश की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में उनकी अपील खारिज कर दी। प्रिया (38) वर्तमान में यमन की राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हूतियों के नियंत्रण में है।

सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार शुरू से ही इस मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

# 19 से 9 अगस्त तक 10 दिन बंद रहेगा लखनऊ-गोरखपुर हाईवे

संवाददाता, अयोध्या

- नहीं चल सकेंगे भारी वाहन, लागू होगा रूट डायवर्जन

**अमृत विचार:** श्रावण माह में 19 जुलाई से नौ अगस्त के बीच 10 दिन लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर हाईवे भारी वाहनों के लिए बंद रहेगा। पुलिस ने डायवर्जन लागू किया है।

दूसरे सोमवार व श्रावण त्रयोदशी को लेकर 19 से 24 जुलाई तक 120 घंटे लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि नहीं चल सकेंगे। वहीं, इस वर्ष नई व्यवस्था लागू करते हुए मणिपर्वत मेला, श्रावण माह के तृतीय सोमवार व नाग पंचमी पर्व पर 26 जुलाई की प्रातः आठ से 29 जुलाई की रात 11 बजे तक, श्रावण माह के चतुर्थ व अंतिम सोमवार पर तीन अगस्त की सुबह आठ बजे से चार अगस्त की रात 11 बजे तक व श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व पर आठ अगस्त की प्रातः आठ बजे से नौ अगस्त की रात 11 बजे तक हाईवे को बंद किया गया है। एसपी यातायात एपी सिंह ने बताया कि पड़ोसी जनपद बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, अमेठी, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर से भारी वाहनों का डायवर्जन कर उन्हें अन्य मार्ग से उनके गंतव्य को भेजा जाएगा।

## निवेशकों की भागीदारी से डीमैट खातों की संख्या 19.4 करोड़ बढ़ी

**मुंबई।** भारतीय बाजार में खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी जा रही है और डीमैट खातों की संख्या 2019 के 3.6 करोड़ से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ हो गई। सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों का स्वामित्व 13 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया जबकि विदेशी स्वामित्व 22 प्रतिशत से घटकर 17 प्रतिशत रह गया है। आईवीसीए नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेबी की कार्यकारी निदेशक रुचि चोजर ने कहा कि विश्वास निवेश की आधारशिला है और भारत ने वह विश्वास हासिल कर लिया है।

# छात्रों के लिए दिल्ली दुनिया का सबसे किफायती शहर

## क्यूएस रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में चार भारतीय शहर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई छात्रों के लिए दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में शामिल हैं, वहीं राष्ट्रीय राजधानी को छात्रों के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे किफायती शहर का दर्जा दिया गया है। मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग से यह जानकारी मिली।

छात्रों के लिहाज से बेहतरीन शहरों की रैंकिंग में शामिल सभी चार भारतीय महानगरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई ने अपनी स्थिति में सुधार किया है, जो भारत में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। लंदन स्थित क्यूएस द्वारा घोषित 2026 क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग के अनुसार, मुंबई ने वैश्विक शीर्ष 100 शहरों में फिर से प्रवेश किया है और 15 स्थान ऊपर चढ़कर 98वें स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली सात स्थान चढ़कर 104वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि भारतीय शहरों में बेंगलुरु सबसे ज्यादा सुधार करते हुए 22 स्थान ऊपर चढ़कर 108वें स्थान पर पहुंच गया है। चेन्नई भी उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है और 12 स्थान ऊपर चढ़कर 128वें स्थान पर पहुंच गया है। मुंबई और बेंगलुरु ने भी किफायती के पैमाने पर अच्छा प्रदर्शन किया है और शीर्ष 15 शहरों में शामिल हैं। नियोक्ता गतिविधि श्रेणी में, दिल्ली और मुंबई दोनों ही वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 में शामिल हो गए हैं, जो स्नातकों के लिए रोजगार की मजबूत संभावनाओं को दर्शाता है।

### भारत की बढ़ती उपस्थिति एक सांख्यिकीय उछाल से कहीं अधिक : जेसिका टर्नर

क्यूएस की सीईओ जेसिका टर्नर ने कहा, 2026 क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग में भारत की बढ़ती उपस्थिति एक सांख्यिकीय उछाल से कहीं अधिक है। यह देश के उच्च शिक्षा परिदृश्य में एक ढांचागत बदलाव को दर्शाती है। जैसे-जैसे हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहे हैं, वैश्विक जुड़ाव, गुणवत्ता वृद्धि और छात्र-केंद्रित शिक्षा पर इसका ध्यान अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाभदायक दिखने लगा है।

### शीर्ष पर काबिज लंदन तीसरे स्थान पर खिसका

छह वर्षों तक शीर्ष स्थान पर रहा लंदन तीसरे स्थान पर खिसक गया, जिसका मुख्य कारण किफायती सूचकांक में उल्लेखनीय गिरावट थी, जहां यह 11 स्थान नीचे गिरकर विश्व स्तर पर 137वें स्थान पर आ गया। क्यूएस कम से कम 2,50,000 की आबादी वाले शहरों और कम से कम दो विश्वविद्यालयों को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में स्थान दिलाने वाले शहरों को रैंकिंग प्रदान करता है।

सुपरमैक्स हॉस्पिटल
(A Unit of Supermax Health Care Pvt. Ltd.)

पेट, लीवर एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.के. सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन (गोल्ड मेडलिस्ट)
के.जी.एम.यू. लखनऊ
DNB, FACG गेस्ट्रो (अमेरिकन कॉलेज ऑफ गेस्ट्रोइन्टोलॉजी)
डायग्नोस्टिक एण्ड थेराप्यूटिक एण्डोस्कॉपिस्ट
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
विवेकानन्द सुरपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद
पेट एवं लीवर रोग विभाग, के.जी.एम.यू. लखनऊ
निम्न रोगों के विशेषज्ञ
★ लीवर सिरोसिस तथा लीवर (जिगर) सम्बन्धित बीमारियाँ
★ साधारण पीलिया, डिपोटाइटस बी/सी (काला पीलिया)
★ लीवर (जिगर) तिल्ली का बड़ा होना, फैटी लीवर
★ गले में रूकावट, खाना निगलने में तकलीफ
★ खाने के बाद उल्टी का इलाज
★ गैस, बदहजमी (खाना न पचना) अफरा या पेट फूलना
★ छाती में जलन/दर्द, खट्टी डकार
★ खून की उल्टी और लैट्रिन (टट्टी) में खून आना
★ बार-बार दस्त लगना, खूनी दस्त
★ भूख न लगना, वजन घटना
★ लीवर में मवाद (पस) / फोड़ा
★ पेट में दर्द होना
★ पेट/आंतो में टी.बी.
★ कब्ज/पेट साफ न होना
★ पेंक्रियाज की सूचन
★ शराब से हुई लीवर (जिगर) की बिमारियाँ
★ अल्सरेटिव कोलाइटिस (आई.बी.डी.)
★ पित्त की नली, पेंक्रियाज की नली की पथरी या सिकड़न का इलाज

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीतू वर्मा
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (कानुपर)
स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाँझपन रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
महारानी लक्ष्मीबाई
मेडिकल कॉलेज, झाँसी
परामर्श
समय प्रातः 10:00 बजे से
सायं 03:00 बजे तक
निम्न रोगों के विशेषज्ञ
★ गर्भवती महिला का सम्पूर्ण जाँच
★ नॉर्मल डिलीवरी एवं दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी
★ ऑपरेशन द्वारा बच्चे का जन्म
★ बच्चेदानी व अण्डेदानी से रसौली का दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन
★ नि:संतान रोगी का जॉच व इलाज
★ बच्चेदानी के कैंसर की जाँच व इलाज

जनरल सर्जरी-दूरबीन विधि के द्वारा पित्ते की थैली का ऑपरेशन हार्निया, हाइड्रोसिल एवं अपेंडिक्स के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ENDOSCOPY ERCP
COLONOSCOPY FIBROSCAN
SIGMOIDOSCOPY
Ph.: 0591-3560194
9410477870, 9758362794
Z-16
आशियाना-2, 24 मी. रोड,
निकट विवेकानन्द हॉस्पिटल, अम्बेडकर पार्क, मुरादाबाद
समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं
सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक
(रविवार में केवल इमरजेन्सी)
24 घंटे इमरजेन्सी की सुविधा
24 घंटे इमरजेन्सी पैथोलॉजी की सुविधा

## स्कूटनी में 12वीं की छात्रा को टॉप 10 में नवां स्थान

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम लदावली स्थित पंडित बाबूलाल शर्मा मैमोरियल इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा प्रियांशी पाल को 25 अप्रैल को जारी रिजल्ट में 500 में से 450 अंक प्राप्त गए थे। छात्रा को अंग्रेजी विषय में 75 अंक मिले थे जबकि उसे ज्यादा की उम्मीद थी इसलिए छात्रा ने स्कूटनी की अंग्रेजी व गणित में परीक्षा दी।

छात्रा प्रियांशी।

जिसमें अंग्रेजी में 75 के स्थान पर 81 अंक मिले, जिससे कुल योग 456 हो गया। स्कूटनी के परिणाम के उपरांत प्रियांशी ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद की टॉप 10 सूची में नवां स्थान प्राप्त किया। परिजनों एवं विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

### बिना सत्यापन नहीं लगा पाएंगे सेवा शिविर, भोजन, अल्पाहार की गुणवत्ता पर ध्यान

# आस्था से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त, प्रशासन की पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा व अन्य विभागों की टीमें कर रहीं सत्यापन

**अमृत विचार:** श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की आस्था से खिलवाड़ न हो इसके लिए प्रशासन की विशेष नजर है। कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाने वालों का भी सत्यापन पुलिस व प्रशासन के स्तर से किया जा रहा है। उनकी हिस्ट्री का सत्यापन करने के बाद ही शिविर लगाने की अनुमति दी जा रही है। इन शिविरों में भोजन, अल्पाहार के गुणवत्ता की मानीटरिंग खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से की जाएगी।

सावन में हर साल लाखों शिवभक्त कांवड़ यात्रा में शामिल होते हैं। उनकी सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के लिए सरकार व जिला प्रशासन लगी है। ड्रोन के अलावा एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के 256 सेंसरयुक्त कैमरे व बड़ी डिजिटल स्क्रीन से पूरे क्षेत्र में मुरादाबाद-कांठ, हरिद्वार मार्ग, रामपुर और दिल्ली रोड पर नजर रखी जा रही है। यात्रा के दौरान कहीं भी शिवभक्तों की आस्था से खिलवाड़ न हो इसके कड़े निर्देश हैं।

### सोशल मीडिया की हो रही निगहबानी

सोशल मीडिया कंटेंट की भी निगहबानी की जा रही है जिससे किसी भी प्रकार के अवांछित और भड़काऊ पोस्ट मीडिया प्लेटफार्म पर न पोस्ट हो। वहीं शासन की ओर से जारी गाइडलाइंस का पालन कांवड़ियों से भी करने की अपील जिला प्रशासन लगातार कर रहा है।

### अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

डीएम अनुज सिंह ने बताया कि शासन की गाइडलाइंस का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया है। कांवड़ यात्रा में खलल डालने और अशांति फैलाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### महिला श्रद्धालुओं को शिविर में मिलेंगे सेनेटरी नेपकिन

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में दिल्ली रोड और कांठ-हरिद्वार रोड पर 11 स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। मार्ग में आते-जाते समय किसी तरह की दुर्घटना, बुखार, उल्टी-दस्त और एंटी फंगल दवाओं के साथ महिला श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए सेनेटरी नेपकिन भी उपलब्ध कराई गई है। एंटी रेबीज व सांप या कीड़े के काटने पर बचाव के भी इंतजाम हैं। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि सभी चिकित्सा शिविर में बेड, आक्सीजन सिलेंडर की सुविधा के साथ सभी प्रकार की दवाओं की उपलब्धता कराई गई है। कांवड़ यात्रियों में महिलाओं की संख्या भी काफी होती है। ऐसे में उनके लिए सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराए जाएंगे। थानों, पुलिस चौकी, कांवड़ यात्रा की ड्यूटी में तैनात अधिकारियों के वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध है। बरसात में सांप काटने और रास्ते में कुत्तों के काटने के मामले आते हैं जिसे देखते हुए एंटी वेनम स्नैक और एंटी रेबीज इंजेक्शन भी मिलेंगे। 108 एंबुलेंस लगभग 24 तैनात कर दी गई हैं। जिला अस्पताल के साथ ही कांवड़ मार्ग पर स्थित प्राइवेट अस्पतालों में भी कांवड़ियों के लिए बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बोल बम के जयकारों से कांवड़ पथ गुंजायमान

### हरिद्वार व ब्रज घाट से गंगाजल ला रहे बड़ी संख्या में कांवड़िये, हाईवे पर व्यवस्था बनाने में जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिविरों में भंडारे की तैयारी कर रहे आयोजक

**अमृत विचार:** सावन के दूसरे सोमवार को गंगाजल से भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए शिवभक्त हरिद्वार और ब्रजघाट रवाना हो रहे हैं। वहीं बहुत से कांवड़िये जल लेकर लौट भी रहे हैं। कांवड़ मार्ग पर 24 घंटे हर हर महादेव, बोल बम का जयघोष गूंज रहा है। डीजे पर बज रहे भजन देर रात तक सुनाई दे रहे हैं।

सावन का दूसरा सोमवार 21 जुलाई को है। इस दिन बड़ी संख्या में शिवभक्त अपने आराध्य भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करेंगे। वहीं 22 जुलाई को सावन महीने के तेरस शिवरात्रि पर भी शिवालयों में आस्था की भीड़ उमड़ेगी। इसके लिए कांवड़िये गंगाजल भरने के लिए जा रहे हैं। शुक्रवार से हरिद्वार और बृजघाट जाने वालों की संख्या काफी बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए शनिवार से वाहनों का डायवर्जन हाईवे पर प्रभावी जो जाएगा। दिल्ली, मुरादाबाद हरिद्वार और रामपुर रोड पर कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। दूसरे सोमवार पर लाखों की संख्या में शिवभक्त इन मार्गों से होकर गुजरेंगे जिसको देखते हुए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी व्यवस्था व सुरक्षा के प्रबंध करने में जुटे हैं। हर मार्ग पर अधिकारियों की गाडियां दौड़ रही हैं। जिससे कहीं कोई असहज स्थिति न हो। शिवालयों के आसपास सफाई, पेयजल का प्रबंध नगर निगम की ओर से कराया गया है। कांवड़ियों के लिए शिविरों में भंडारा करने वाले लोग भी तैयारी में जुट गए हैं। वह शिविरों में अस्थायी बिजली कनेक्शन, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर मानक की जानकारी व उसकी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं।

गंगा जल लेने हरिद्वार जाते शिव भक्त। ● अमृत विचार

### भोलेनाथ व वीर बजरंगी की पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

**मुरादाबाद-पाकबड़ा, अमृत विचार :** सावन में हर दिन मंदिरों में आस्था उमड़ रही है। मंगलवार को भी भोलेनाथ का जलाभिषेक कर वीर बजरंगी का पूजन कर परिवार के सुख समृद्धि व लोक कल्याण का आशीर्वाद मांगा। महानगर के नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में सुबह और शाम को लोगों ने पूजा अर्चना की। शिवजी की स्तुति के साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंग बली से कल्याण करने की विनती की। महाकालेश्वर धाम मंदिर में सावन के पहले सोमवार के अलावा मंगलवार को भी भक्त जुटे। भोलेनाथ के अलावा हनुमान जी की पूजा की। हनुमान जी की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मनीष सिंह, विशाल सिंह, बाबूराम, अभिषेक, मोंटू ठाकुर, मोनू शर्मा, विक्की ठाकुर, अनन्या आदि भक्ति मौजूद रहे। इसके अलावा आशियाना फेज एक स्थित शिव शक्ति मंदिर, ढाप वाले मंदिर, हरथला शिव मंदिर में भी भक्तों ने सुबह शाम हाजिरी लगाई। शाम को मंदिर में भजन कीर्तन किया गया।

## अंतरिक्ष से लौटे शुभांशु शुक्ला स्कूलों में मना जश्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतरिक्ष से सफल यात्रा कर शुभांशु शुक्ला के लौटने पर स्कूलों में जश्न मनाया गया।

मंगलवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में छात्रों ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु के पोस्टर बनाकर, नारे और रचनात्मक चित्रों के माध्यम से उनकी उपलब्धियों को दर्शाया। "हम भी बनेंगे शुभांशु", "आसमान नहीं अब ब्रह्मांड है सीमा" जैसे नारों ने पूरे स्कूल परिसर का माहौल उत्साह से भर दिया। शिक्षकों ने शुभांशु शुक्ला के संघर्ष, कठिन परिश्रम और समर्पण की प्रेरणादायक कहानी सुनाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि शुभांशु जैसे वैज्ञानिक आज के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। विशेष सभा, निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता और विज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने इन सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को उनके उत्साहवर्धन के लिए प्रशंसा पत्र भी वितरित किए गए।

## दो हजार किमी की अमरनाथ यात्रा पर निकले बिहार के नीरज

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

- छह जुलाई को बिहार के बैरिया खुर्द गांव से स्केटिंग कर मंगलवार को पहुंचे मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिहार के गांव बैरिया खुद निवासी 17 साल के नीरज खेलने कूदने की उम्र में दो हजार किमी की यात्रा पर बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए स्केटिंग करते जा रहे हैं। मंगलवार को करीब 750 किमी दूरी तय कर वह मुरादाबाद पहुंचे। बताया कि बचपन का सपना था स्केटिंग कर बाबा अमरनाथ जाने का।

महानगर के कांठ रोड पर नीरज से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि वह छह जुलाई को बिहार से निकले थे। सावन के अंतिम सोमवार तक बाबा बर्फानी के दर्शन का लक्ष्य रखा है। लोग साइकिल, मोटरसाइकिल से या दंडवत यात्रा करते हैं। स्केटिंग के जरिए यात्रा का अलग अनुभव होगा। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन को आगे बढ़ाना है। इस संदेश को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है।

**हमारे साथ भोलेनाथ, तो किस बात की चिंता**

नीजर ने बताया कि तीन महीने स्केटिंग सीखी। मां अनीता देवी को घबराहट थी लेकिन पिता उमेश सानी ने हौसला बढ़ाया। मां को समझाया किहमारे साथ भोलेनाथ हैं तो किस बात कि चिंता। बताया कि दिन भर यात्रा करते हैं और रात को रास्ते में कोई मंदिर मिलता है तो वहीं विश्राम होता है। अब बेसब्री से सिर्फ बाबा के दर्शन करने का ही इंतजार है।



बिहार निवासी नीरज।

# स्कूलों की कम से कम दो खेलों में भागीदारी अनिवार्य

जिला क्रीड़ा समिति की बैठक में उपस्थित डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय व अन्य।

जिला क्रीड़ा समिति की बैठक में उपस्थित प्रबंधक व प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जनपदीय क्रीड़ा समिति की बैठक में सत्र 2025-26 के खेल आयोजनों की बनी कार्ययोजना

**अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तय करने के लिए जनपदीय क्रीड़ा समिति की बैठक मंगलवार को मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुई। अध्यक्षता करते हुए डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि हर विद्यालय में खेलकूद का हों और संकुल स्तर से लेकर जनपद स्तर तक सभी स्कूल कम से कम से दो खेलों में भागीदारी जरूर करें।

बैठक में खेलों के निष्पक्ष, पारदर्शी आयोजन पर जोर दिया गया। प्रतियोगिताएं जिले के विभिन्न विद्यालयों में होंगी, जिनका आवंटन किया गया। मेजर एसके नेथन प्रधानाचार्य पारकर इंटर कॉलेज को कोषाध्यक्ष और वंश बहादुर प्रवक्ता जीजी हिंदू इंटर कॉलेज को पुनः क्रीड़ा सचिव चुना गया। प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। डीआईओएस ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास को बल मिलता है। बैठक में बलवीर सिंह, डॉ. मुक्ता अग्रवाल, डॉ.मधुबाला त्यागी, अरुण शुक्ला, सीमा शर्मा, डॉ. हिमांशु यादव, रश्मि विमल, स्वदेश कुमारी, शिवकुमार शर्मा, नीतिपाल, कल्पना सैनी, आफताब आलम जिले भर के प्रधानाचार्य, व्यायाम शिक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। संचालन क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर और आसिफ हसन ने संयुक्त रूप से किया।

### भागीदारी न होने पर विद्यालयों के क्रीड़ा कोष की होगी जांच

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार ने खेलों के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया। कहा कि दो खेलों में भागीदारी न करने वाले विद्यालयों के क्रीड़ा कोष की जांच होगी। साथ ही तय किया गया कि शारीरिक शिक्षा शिक्षक को अन्य शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखते हुए केवल खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की जिम्मेदारी दी जाए।

### हाईस्कूल की मार्कशीट पर्याप्त

क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने बताया कि खिलाड़ियों को sspup.in पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पिछले वर्ष की अंक तालिका, विद्यालय का UDISE नंबर व पैन नंबर देना होगा। जबकि कक्षा 11-12 के लिए हाईस्कूल की मार्कशीट पर्याप्त होगी।

### बालिका जूनियर वॉलीबॉल और खो-खो प्रतियोगिता 17 व 18 को

खेल निदेशालय के निर्देश के बाद स्थानीय स्तर पर खेल विभाग ने प्रतियोगिताओं की तिथि निर्धारित कर दी है। 17 और 18 को वॉलीबॉल और खो-खो के बालिका वर्ग की प्रतियोगिता सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगी। टीमों को खेल किट लानी होगी। मंगलवार को जिले के सभी स्कूलों में पत्र जारी कर आवेदन मांगे गए हैं। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विजेता, उपविजेता टीम और टीम मैनेजर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम मंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कुश्ती और बैडमिंटन प्रतियोगिता अगले सप्ताह आयोजित की जाएगी।

# खो- खो में 24 वीं वाहिनी विजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीएसी की पश्चिमी जोन अंतर वाहिनी कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** 9वीं वाहिनी पीएसी में चल रही पीएसी की पश्चिमी जोन अंतर वाहिनी कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को मुरादाबाद की 24 वीं वाहिनी ने खोखो का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं अलीगढ़ की 38वीं वाहिनी उपविजेता बनी। जिम्नास्टिक में भी 24वीं वाहिनी ने जीत दर्ज की। साथ ही मेजबानी कर रही 9वीं वाहिनी ने फेंसिंग के विभिन्न इवेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर विजेता बनी।

पीएसी पश्चिमी जोन की तीन दिवसीय अंतर वाहिनी कबड्डी क्लस्टर(जिम्नास्टिक, फेंसिंग और खोखो) प्रतियोगिता में खिताबी मुकाबलों में पहुंचने के लिए टीमों में जबरदस्त भिड़ंत हुई। खोखो के फाइनल मुकाबले में में मुरादाबाद की 24वीं वाहिनी ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए अलीगढ़ की 38वीं वाहिनी को मात देकर खिताब अपने नाम किया। अलीगढ़ की टीम उपविजेता रही।

कबड्डी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6वीं वाहिनी मेरठ ने 41वीं वाहिनी गाजियाबाद पर 24-7 की आसान जीत दर्ज कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। 47वीं वाहिनी गाजियाबाद ने 24वीं वाहिनी मुरादाबाद को 40-20 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ऐसे ही 45वीं वाहिनी अलीगढ़ ने मेजबान टीम 9वीं वाहिनी मुरादाबाद को 37-20 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और मेरठ की 44वीं वाहिनी ने 8वीं वाहिनी बरेली को 43-32 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में स्थान हासिल किया। जिम्नास्टिक में 24वीं वाहिनी मुरादाबाद विजेता और 8वीं वाहिनी बरेली उपविजेता रही। जिम्नास्टिक के निर्णायक मंडल में सतीश कुमार, प्रशांत कुमार, मुनीश राणा, टीकम सिंह, राम स्वरूप, चरण सिंह। खोखो में पुरुजीत, फिरोज, धीरज, निधि, विजेंद्र। खोखो में, सुधीर तोमर, मेनपाल सिंह, नागेंद्र, मनोज आदि मौजूद रहे।

# चेहरा प्रमाणित सत्यापन अधूरा, 60 हजार से अधिक को नहीं मिल सका पुष्टाहार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- बाल विकास पुष्टाहार विभाग के कार्य में लापरवाही, डीएम के दो दिन में कार्य पूरा करने के निर्देश
- निष्क्रिय 74 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोका, सुपरवाइजर को दिया नोटिस

**अमृत विचार:** बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित पुष्टाहार वितरण व्यवस्था संकट में है। जिले में 1,98,976 लाभार्थियों को चेहरा प्रमाणित सत्यापन (फेस ऑथेंटिकेशन) के बाद पुष्टाहार वितरित किया जाना था। लेकिन फरवरी से चल रही यह प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इससे 60 हजार लाभार्थियों को पुष्टाहार नहीं मिला है। इसके लिए 74 आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय रोक दिया गया है।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी जानकी देवी ने बताया कि अब तक केवल करीब 1.38 लाख लाभार्थियों का सत्यापन ही हो पाया है। जबकि 60 हजार से अधिक लाभार्थी अभी भी सत्यापन प्रक्रिया से वंचित हैं। इससे उन्हें निर्धारित समय पर पुष्टाहार नहीं मिला है। सत्यापन में देरी और लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को दो दिन के भीतर सत्यापन कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। लापरवाही के चलते 74 आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय भी रोका गया है, वहीं सुपरवाइजर के स्तर से कार्य में लापरवाही सामने आने पर उन्हें भी नोटिस दिया गया है।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह कार्य गर्भवती, धात्री माताओं और बच्चों के पोषण से जुड़ा है, जिसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में अतिरिक्त टीमें लगाकर कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने की योजना बनाई गई है जिससे किसी भी लाभार्थी को पोषण सामग्री से वंचित न रहना पड़े। कार्य में तकनीकी उपकरणों की कमी, नेटवर्क की समस्या और फील्ड स्टाफ की सुस्ती कारण बताए जा रहे हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया गया है।

**आज का मौसम**

बादलों की आवाजाही रहेगी, छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 34.0⁰ | 24.0⁰ |

सूर्योदय 07:27 | सूर्यास्त 07:15

**शहर में आज**

- पीएसी 9वीं वाहिनी में विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता का आखिरी दिन सुबह 9:00 बजे
- राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करेंगी 12:15 बजे

### परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग के जरिए दंपत्तियों में कराया जा रहा समझौता

# सोशल मीडिया से नजदीकी बन रही रिश्तों में दीवार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक वर्ष में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से विवाद के लगभग 20 मामले आए सामने

**अमृत विचार:** डिजिटल युग में सोशल मीडिया जहां एक ओर जानकारी का सशक्त माध्यम बन चुका है, वहीं दूसरी ओर यह रिश्तों में दरार भी डाल रहा है। जिले में बीते एक वर्ष में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से जुड़े लगभग 20 पारिवारिक विवाद हुए है। जिसमें अधिकांश मामले दंपती के बीच आपसी तनाव, शक, दूरी और झगड़े को लेकर थे। कुछ मामले ऐसे भी सामने आए जहां बात तलाक तक पहुंच गई। हालांकि पुलिस ने समय रहते काउंसलिंग कराकर कई परिवारों को टूटने से बचा लिया।

मौजूदा समय में लोग सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा समय बिताते है। निजी बातचीत को नजरअंदाज करना और आभासी दुनिया में डूबे रहना आजकल विवाद का बड़ा कारण बन गया है। रिश्तों में संवाद की कमी, भरोसे में दरार और समय की उपेक्षा से कई परिवार तनावग्रस्त हो रहे हैं।

लोग पूरा-पूरा दिन मोबाइल पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे है। सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल परिवार के बिखराव का कारण बन रहा है। लगभग एक साल में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से संबंधित लगभग 20 मामले पुलिस के सामने आए।

हालांकि, ज्यादातर मामलों में पुलिस ने काउंसलिंग कर परिवारों में समझौता करा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आज के समय में सोशल मीडिया के इस्तेमाल परिवारों के बीच विवाद ज्यादा बढ़ रहा है। कई मामले ऐसे आए है कि सोशल मीडिया के ज्यादा इस्तेमाल से पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद होने पर कई परिवार टूटकर बिखर जाते हैं। इसके कारण न केवल दंपतियों को, बल्कि पूरे परिवार को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### बच्चों पर भी असर, पढ़ाई में गिरावट के साथ अनुशासनहीनता बढ़ी

सोशल मीडिया का बुरा असर सिर्फ बड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आकर पढ़ाई से विमुख होते जा रहे हैं। लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के नाम पर बच्चों के हाथ में मोबाइल आ गए, लेकिन अब वह पढ़ाई के बजाय इंस्टाग्राम, यूट्यूब और रील्स में खोए रहते हैं। अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि न सिर्फ बच्चों का शैक्षणिक प्रदर्शन गिरा है बल्कि उनमें चिड़चिड़ापन, अनुशासनहीनता और बाहरी दुनिया से कटाव जैसे लक्षण भी सामने आ रहे हैं।

### दंपती के बीच अलगाव की वजह सोशल मीडिया भी

दंपती के बीच सबसे ज्यादा विवादों का कारण अवैध संबंध बन रहे हैं। कई बार पुरुष या महिला का किसी अन्य से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क बढ़ता है जो बाद में अवैध संबंध में बदल जाता है। ऐसे मामलों में जब दूसरे साथी को सच का पता चलता है तो झगड़ा, अलगाव और कभी-कभी घरेलू हिंसा जैसी स्थितियां बन जाती हैं। कुछ शिकायतें तो एफआईआर तक पहुंच चुकी हैं। हालांकि, पुलिस की पारिवारिक परामर्श इकाई ने काउंसलिंग के जरिए कई मामलों में सुलह करा दी है।




## मकसद तुझे हासिल करना है, प्लॉट और चेक तो बहाना था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली युवती ने दो युवकों पर आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है।

पीड़िता के अनुसार वह एक प्रॉपर्टी कंपनी में सेल्स एक्जीक्यूटिव है। दिसंबर 2024 में एक युवक ने खुद को ग्राहक बताकर प्लॉट खरीदने की बात कही और एक प्लॉट का सौदा तय हुआ। आरोपी ने 5 लाख रुपये का चेक एडवांस दिया, जो बाउंस हो गया। आरोपी ने पीड़िता के फोन पर अश्लील बातें शुरू कर दीं और धमकी दी कि मकसद तुझे हासिल करना है, प्लॉट और चेक तो बहाना था। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने पीछा किया और जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। 13 जुलाई की रात आरोपी ने बहन के नंबर पर भी फोन कर अश्लील बातें कीं। 14 जुलाई को ऑफिस से घर लौटते समय उसकी स्कूटी रास्ते में रोककर जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। शोर मचाने पर भीड़ एकत्र हो गई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उसने जान-माल की सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी ने थाना सिविल लाइंस पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# किसी ने आसानी से हल किया प्रश्नपत्र तो कोई सवालों में उलझा

### 3216 विद्यार्थियों ने कड़ी निगरानी के बीच दी एलएलबी, एलएलएम एवं एमएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एलएलबी, एलएलएम एवं एमएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मंगलवार को प्रवेश परीक्षा दो पालियों में कराई गई। 3692 अभ्यर्थियों में से 3216 परीक्षा में बैठे। 476 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रवेश परीक्षा के लिए मुरादाबाद और बिजनौर में कुल छह केंद्र बनाए गए थे। जिनमें मुरादाबाद के हिंदू कॉलेज, केजीके कॉलेज, डीएके डिग्री कॉलेज, एमएच डिग्री कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज और वर्धमान कॉलेज बिजनौर शामिल रहा। मंगलवार को परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई।

प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान एलएलबी में 3028 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें 356 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। 2672 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। वहीं एलएलएम के 440 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 76 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। 364 ने परीक्षा दी। वहीं एमएड के लिए 224 में से 44 विद्यार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थियों में किसी ने आसानी से प्रश्नपत्र हल करने तो किसी ने कुछ सवालों में फंसने की बात बताई। केंद्रों पर सख्ती से नियमों का पालन कराया गया। मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ियां व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। केंद्रों पर छात्रों की सघन तलाशी ली गई ताकि किसी प्रकार की अनुचित गतिविधियों को रोका जा सके। परीक्षा के दौरान कहीं से भी गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं मिली। परीक्षा के प्रभारी विवि के कुलसचिव गिरीश द्विवेदी ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से हुई है।

दयानंद कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- 476 ने छोड़ी परीक्षा, हिंदू कॉलेज में 818 परीक्षार्थियों ने दो पालियों में दी परीक्षा

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रतूपुरा मार्ग पर मंगलवार शाम बाइक से घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर लेदा निवासी शुभम कुमार (20) पुत्र मुखराम सिंह मंगलवार की शाम 6 बजे बाइक से घर जा रहा था। ठाकुरद्वारा रतूपुरा मार्ग पर अब्दुल्लापुर लेदा और रूपपुर के बीच मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार शुभम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर परिजनों ने घायल को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देखते हुए रैफर दिया। परिजनों ने काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से पिता मुखराम सिंह, मां फूलवती देवी, बहन शिवानी , भाई सुमित सहित अन्य परिजनों का रोते बिखलते बुरा हाल है।

मृतक शुभम।

## संविदा परिचालक भर्ती को 135 महिलाओं ने किया आवेदन

मंडलीय कार्यालय पर इंटरव्यू देती युवती। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- आरएम ने दस्तावेज देखे सत्यापन के बाद जारी होगी सूची

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग में 135 महिला संविदा परिचालक भर्ती के लिए मंगलवार को आरएम कार्यालय में भर्ती मेला लगा। इसमें महिला अभ्यर्थियों ने दस्तावेज दिखाए। क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह, सेवा प्रबंधक अनुराग यादव, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त बीएल मिश्रा ने आवेदन करने वाली महिलाओं के दस्तावेज चेक किया। इसके सत्यापन के बाद लिस्ट चस्पा की जाएगी।

परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय परिसर में भर्ती मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 135 महिला अभ्यर्थी पहुंचीं। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत महिला अभ्यर्थियों के शैक्षिक दस्तावेज चेक किए गए। इसके लिए महिला अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही उन्हें केंद्र अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से "सीसीसी कंप्यूटर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना था। भर्ती मेरिट इंटरमीडिएट अंकों के आधार पर निर्धारित की जाएगी। उम्मीदवारों की ओर से उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, एनसीसी (बी प्रमाण पत्र), एनएसएस अथवा भारत स्काउट एंड गाइड में से किसी एक का प्रमाण पत्र भी दिए गए।

दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक) प्रेम सिंह की देखरेख में पूरी की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि उम्मीदवारों के दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य तीन से चार दिन के भीतर हो जाएगा। जिसके बाद योग्य को नियुक्ति दी जाएगी।

## अमीरुल हसन जाफरी ने बार अध्यक्ष पद को कराया नामांकन

अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करते अमीरुल हसन जाफरी। ● अमृत विचार

**बार एसोसिएशन चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो दिन में अध्यक्ष व महासचिव समेत सभी पदों पर 76 नामांकन

**अमृत विचार:** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव में दूसरे दिन मंगलवार को 35 प्रत्याशियों ने अलग-अलग पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए हाजी अमीरुल हसन जाफरी ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। अब अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं।

एल्डर्स कमेटी द्वारा वार्षिक चुनाव की घोषणा के बाद सोमवार को 41 प्रत्याशियों नामांकन कराया था। सोमवार को आनंद मोहन गुप्ता ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था। मंगलवार को दूसरे दिन नामांकन पत्र दाखिल होने की प्रक्रिया शुरू हुई। दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए अमीरुल हसन जाफरी ने नामांकन कराया, जबकि महासचिव पद के लिए अब्दुल रहमान, दिनेश चंद तिवारी, कुलभूषण सक्सेना, कपिल गुप्ता और प्रभात सिंघल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए पारुल अग्रवाल ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अरविंद मोहन मल्होत्रा और कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए आसिफ अतीक और खलील अहमद ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। संयुक्त सचिव पद के लिए विनीत गौड़, आवरण अग्रवाल, जितेंद्र प्रताप सिंह जेपी, मंजू बिहार, अलका शर्मा, दीपिका वर्मा, हबीब हुसैन, प्रतीक गोयल और राजू गुप्ता ने नामांकन पत्र जमा किया है। सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ पद के लिए नीरज सिंह, अनिल गुप्ता, जाबिर हुसैन, सुरेंद्र कुमार शर्मा, कैलाश सिंह, शिवकुमार गौतम, आशीष उपाध्याय, आकाश, अनुपम सिंह, श्याम रंजन भारद्वाज, मुन्नी देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किए। सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ वर्ग के लिए फिरोज आलम, काजल सिंह, उमर अब्बास, लोकेश कुमार, सुनील कुमार सक्सेना और पंकज शर्मा ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। कुल मिलाकर दो दिन में 76 नामांकन हुए हैं।

## शराबी पति से परेशान एसएसपी से शिकायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव झौड़ा निवासी अनीता देवी ने मंगलवार को एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। एक बेटे की मौत हो चुकी है।

पति शराब व सुल्फा का नशा करता है, आए दिन मारपीट और गाली गलौज करता है। 13 जुलाई को दोपहर लगभग 12 बजे पति सुरेंद्र सिंह ने नशे में गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे हाथ में फ्रैक्चर हो गया। सिर और कंधे में भी चोट आई। आरोपी ने धक्का देकर घर से भगा दिया कहा कि दोबारा आई तो जान से मार देंगे। आरोप लगाया कि पति गांव के ही एक लड़के के नाम घर और संपत्ति करने की धमकी देता। पीड़िता ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र के माध्यम से बताया कि वह अपने पति के कृत्य से बहुत परेशान है। पति घर का सामान बेच कर उस लड़के को दे देता है। एसएसपी ने मझोला एसएचओ को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

## गैर हाजिर सफाई कर्मी को भेजा नोटिस तो फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पहले भी एक बार खुदकुशी का प्रयास कर चुका था अंकित

**अमृत विचार :** पीटीएस में तैनात सफाईकर्मी को गैरहाजिरी पर नोटिस भेजा गया तो उसने फंदे पर लटककर जान दे दी। पत्नी ने कमरे का दरवाजा बंद देखा तो शोर मचा दिया। पुलिस के दरवाजा तोड़ने पर कर्मचारी फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कर्मी पहले भी एक बार खुदकुशी का प्रयास कर चुके थे।

थाना नागफनी क्षेत्र के दौलतबाग निवासी राजू कुमार पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में सफाई कर्मचारी थे। उनकी चार साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक आश्रित में उनके बेटे अंकित कुमार को नौकरी मिल गई। अंकित पत्नी रंजना, बेटी प्रियांशी और चून्नु के साथ पीटीएस में बने सरकारी आवास में रहता था। परिजनों ने बताया कि अंकित पांच जुलाई से काम पर नहीं जा रहा था। पत्नी बार-बार काम पर जाने की बात कह रही थी। दस दिन से गैर हाजिर होने के चलते मंगलवार को नोटिस भेजा गया। जिसके बाद अंकित कमरे में गया और दरवाजा बंद कर फंदे पर लटक गया। शाम करीब पांच बजे जब पत्नी ने दरवाजा अंदर से बंद देखा तो आवाज लगाई। आवाज नहीं आने पर उन्होंने पुलिसकर्मियों को बुला लिया। दरवाजा तोड़कर देखा तो अंकित फंदे पर लटका था। सूचना के बाद सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता और सिविल लाइंस इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ पहुंच गए। फारेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मानदेय न मिलने से नाराज बिजली विभाग के संविदा कर्मियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कंपनी बाग में अधिकारी के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते विद्युत संविदा कर्मचारी।

- दो माह से नहीं मिला मानदेय अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर जताया विरोध

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने मंगलवार को मानदेय न मिलने के विरोध में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले दो महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वह इस संबंध अधीक्षण अभियंता से मिले, उन्हें जल्द मानदेय मिलने का आश्वासन देकर कार्य पर भेज दिया।

मंगलवार को निजी कंपनी से अनुबंधित संविदा कर्मचारियों ने कंपनी की लापरवाही के चलते मानदेय नहीं मिलने पर विद्युत केंद्रों, अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मियों का कहना है कि उन्हें पिछले दो महीने मानदेय नहीं मिला है। जिससे अब उनके आगे रोटी का संकट खड़ा हो गया। अधीक्षण अभियंता को बताया कि घरों का खर्च, बच्चों की फीस और जरूरतें पूरी नहीं हो पा रहीं, लेकिन अधिकारी परेशानी सुनने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक बकाया नहीं मिलेगा, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो वह कार्य बहिष्कार जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार अग्रवाल ने टीडीएस कंपनी के प्रतिनिधि से वार्ता की जिस पर जल्द ही कर्मचारियों के मानदेय दिए जाने की बात बताई गई। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सभी संविदा कर्मचारियों का जल्द भुगतान किया जाएगा। आगे से मानदेय मिलने में कोई देर न हो इसके लिए उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा।

## रिश्तेदार बताकर पुलिस ने जोड़े को छोड़ा

**डिलारी, अमृत विचार :** पुलिस ने सोमवार को करनपुर स्थित एक गांव में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जोड़े को परिजनों के आने पर छोड़ दिया। लोगों ने बताया कि शहर के एक शादी हॉल में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। इसकी शिकायत गांव के विनोद व प्रेमचंद ने पुलिस से की थी। हॉल के पड़ोस में ही एक इंटर कॉलेज है। जिसका असर छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि उनके गांव का एक व्यक्ति इस धंधे में संलिप्त है। वह हॉल मालिक और मैनेजर से मोटी रकम लेता है। सोमवार को लोगों ने हंगामा कर हॉल बंद करा दिया था। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि होटल से जो लड़की लड़का बरामद किए हैं वह रिश्तेदार थे।मामला एसडीएम ठाकुरद्वारा के संज्ञान में है।

**बैठक** मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई एमडीए बोर्ड की 141वीं बैठक, 360 न्यूज लेटर के द्वितीय अंक का विमोचन

# शहर के विकास को रफ्तार, बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद के सुनियोजित विकास और शहरी सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 141वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता मंडलायुक्त व प्राधिकरण अध्यक्ष आंजनेय कुमार सिंह ने की।जिसमें शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, आवासीय योजनाओं, भूमि उपयोग संशोधन और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

बैठक में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह व एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने प्राधिकरण की नई वेबसाइट सारथी ऐप की शुरूआत भी की। जिसके माध्यम से घर बैठे किश्त जमा करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही एमडीए के 360 न्यूज लेटर के द्वितीय अंक का विमोचन किया गया। इसके अलावा एमडीए की अन्य सुविधाएं भी इस एप पर मिलेगी। बोर्ड की बैठक में जगतपुर रामराय मुस्तकम एवं हुसैनपुर हमीर गांवों की भूमि को ग्रीन बेल्ट के अंतर्गत अनुमन्य करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बागड़पुर क्षेत्र स्थित गाटा संख्या 292, 293 एवं 295 के भू-उपयोग संशोधन को अनुमोदन किया गया। बैठक में डीएम अनुज सिंह की प्रतिनिधि एडीएम एफआर ममता मालवीय, डीएम अमरोहा की ओर से डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, जल निगम के अधीक्षण अभियंता एमपी सिंह, अपर निदेशक भ्रगनारायण झा, बोर्ड सदस्य राजू कालरा, विकास जैन, राजकिशोर चौहान समेत एमडीए के अन्य अधिकारी शामिल रहे।

बैठक में 360 न्यूज लेटर के द्वितीय अंक का विमोचन करते कमिश्नर अंजनेय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनुभव सिंह व अन्य।

### प्रशासनिक व कार्मिक निर्णय

- प्राधिकरण के तीन निष्प्रयोज्य वाहनों के स्थान पर एक नया वाहन क्रय करने का प्रस्ताव पारित।
- नई टाउनशिप योजना के लिए एक राजस्व निरीक्षक व दो लेखपालों की सेवाएं छह माह तक बढ़ाने की स्वीकृति।
- सहायक अभियंता (सिविल) व अवर अभियंता (सिविल) को नियत मानदेय पर रखने की अनुमति।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत भूमि अर्जन अनुभाग की मजबूती के लिए सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार, तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी की अनुबंध नियुक्ति को मंजूरी।

### नगर सौंदर्यीकरण व नामकरण

- नया मुरादाबाद आवासीय योजना एवं दिल्ली रोड के प्रमुख चौराहों और तिराहों का नामकरण शीघ्र करने का निर्णय।
- सामुदायिक केंद्रों को नगर निगम को हस्तांतरित करने पर विचार और विधिक व नीतिगत सुधार
- न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु प्राधिकरण अधिवक्ताओं की काउंसिल फीस व अन्य व्ययों के पुनर्निर्धारण पर सहमति
- रेरा में रजिस्टर्ड ब्रोकरों को कमीशन आधारित संपत्ति विक्रय हेतु चयनित करने का प्रावधान

# घूमने गया था परिवार, चोरों ने साफ किया मकान

## थाना मझोला के नया मुरादाबाद सेक्टर 13 की घटना,सीसीटीवी से चोरों की तलाश कर रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चोरों ने एक मकान के ताले तोड़कर नकदी, जेवर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार बाहर घूमने गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना मझोला के क्षेत्र नया मुरादाबाद सेक्टर 13 निवासी हेमचंद बलोदी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 जुलाई की रात चोरों ने उनके घर के ताले तोड़कर दो टीवी , सोने-चांदी के जेवर, नकदी और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय वह परिवार के साथ बाहर घूमने गए थे। अगले दिन 14 जुलाई की सुबह आस पड़ोस के लोगों ने मकान के ताले टूटे देखे तो उसे जानकारी दी।वह वापस आए और पुलिस को जानकारी दी। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोगों में दहशत का माहौल है। साथ ही पुलिस के प्रति आक्रोश है।

### ताले तोड़कर शराब की दुकान में चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र के सिरकोई भूड़ निवासी इंद्रजीत सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सिरकोई भूड़ में उनकी देशी शराब की दुकान हैं। बीती 13 जुलाई की रात वह दुकान बंद करने के बाद अपने घर चले गए थे। रात में किसी समय चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर देशी शराब की 27 पेटी, 9 हजार रुपये, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। अगले दिन 14 जुलाई की सुबह जब इंद्रजीत सिंह दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने घटना की जानकारी हो पाई। उन्होंने बताया कि चोर छत का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जनरल स्टोर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला चौराहे के पास सोमवार की देर रात चोरों ने जनरल स्टोर का शटर तोड़ नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना मझोला क्षेत्र निवासी शेखर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मझोला चौराहे पर उनका कुमार नाम से जनरल स्टोर है। सोमवार की रात 11 :00 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात में चोरों ने स्टोर का शटर तोड़ दिया और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। मंगलवार की सुबह लगभग चार बजे उसके पिता दुकान पर पहुंचे तो उन्हें शटर टूटा मिला। इसके अलावा अंदर सामान बिखरा पड़ा था। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें चोर शटर तोड़कर अंदर घुसते हुए दिखाई दिए हैं। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। फुटेज के जरिए चोरों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### दो घरों से लाखों के आभूषण व नगदी लेकर फरार हुए चोर

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दो गांवों में दो दिन के भीतर अज्ञात चोर सोने, चांदी एवं नगदी सहित लाखों रुपये की चोरी कर फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। 13 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम ऐदलपुर निवासी सुनील सिंह पुत्र शेर सिंह मकान के मुख्य कमरों का ताला लगाकर परिवार सहित सोए हुए थे। अज्ञात चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और सोने चांदी के जेवर सहित लगभग 6 लाख नगदी सहित सामान चुराकर फरार हो गए। परिवार के लोगों ने सुबह 4 :00 बजे उठकर देखा तो उनकी विद्युत लाइन काट दी गई थी। कमरों के ताले टूटे हुए थे और घर में समस्त सामान खुर्द बुर्द था। घर में रखे सोने चांदी के जेवर व एक लाख रूपये गायब थे। सूचना मिलने पर सोमवार को पुलिस ने मौका मुआयना किया। वहीं 12 जुलाई की रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम वैरमपुर में पूर्व विधायक ठाकुर पाल सिंह के परिजन राजपाल सिंह के मकान से जेवर व नगदी चुराकर ले गए थे। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। सीओ गौरव त्रिपाठी का कहना है कि दोनों मामलों की पुलिस कड़ाई से जांच पड़ताल करने में लगी है।

# एसएस कॉलेज के प्रवक्ता जोगेंद्र का शिक्षकों ने किया अभिनंदन

एसएस इंटर कॉलेज में स्वागत समारोह में मौजूद शिक्षक व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री बनने पर कॉलेज में समारोह आयोजित

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश का प्रदेश महामंत्री बनने पर एसएस इंटर कॉलेज के प्रवक्ता जोगेंद्र पाल सिंह का कॉलेज में आयोजित समारोह में स्वागत किया गया। उन्होंने शिक्षक हितों के लिए संघर्ष तेज करने के साथ ही शैक्षिक उन्नयन का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन से हुई। कॉलेज के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर वर्ग ने फूलमाला से नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री का अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि देश के सबसे बड़े शिक्षक संगठन का प्रदेश महामंत्री बनना कॉलेज सहित पूरे जिले के लिए गर्व व गौरव का विषय है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ 33 लाख से अधिक सदस्य संख्या वाला सबसे बड़ा शिक्षक संगठन है। जो 37 वर्षों से शिक्षकों की सुरक्षा, गरिमा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस दौरान संजीव कुमार, वीर सिंह, योगेंद्र कुमार, मेजर नित्यानंद त्रिवेदी, रविंद्र सिंह, अजय कुमार, शमेंद्र कुमार यादव, पूनम त्यागी, सुमन लता, सुनीता अग्रवाल, बेबी, रोहित कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

## कूमल लगाकर घुसे चोर डेढ़ लाख की नगदी, जेवर ले गए

**मूंढापाण्डे, अमृत विचार:** कूमल लगाकर घर में घुसे चोर नगदी और जेवर समेट ले गए। ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी है।

मूंढापाण्डे के गांव मिलक विकनपुर निवासी वीरपाल पुत्र धर्मवीर सिंह ने बताया वह कमरे की कुंडी लगाकर बरामदे में सो रहे थे। चोर दीवार में कूमल लगाकर कमरे में घुसे और अलमारी से 3500 रुपये की नगदी सहित डेढ़ लाख रुपये का समान समेट ले गए। सुबह उठकर उन लोगों कमरे की कुंडी खोली तो बिखरा पड़ा समान और कूमल लगा देख उनके होश फाख्ता हो गए। ने आनन-फानन में संदूक में रखे आभूषण के बैग देखा तो आभूषण का बैग नहीं था। पीड़ित मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। पीड़ित ने रौण्डा-झौण्डा चौकी पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पिछले साल पुलिस चौकी रौण्डा-झौण्डा से महज 50 मीटर दूरी पर ग्रामीण बैंक में चोरों ने कूमल लगाया था। पुलिस चौकी के सामने कूमल लगाने वालों का सुराग नहीं लगा सकी।

# ब्लाक प्रमुख पति और भूमि विक्रेता में मारपीट

सरेराह मारपीट करते ब्लॉक प्रमुख पति और भूमि विक्रेता।

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

- दोनों हुए घायल, एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी के पति डॉ. वीर सिंह सैनी व भूमि विक्रेता में रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर बाद दोनों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। मारपीट में डॉ. वीर सिंह सैनी और युवक घायल हो गए। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाना ठाकुरद्वारा में तहरीर दी है।

डॉ. वीर सिंह सैनी ने बताया कि कस्बा निवासी पीयूष चौहान उर्फ चिंटू से उन्होंने मोहल्ला होलिका मंदिर के पास 1400 वर्गगज जमीन खरीदी थी। आरोप है कि पीयूष ने उनसे 350 वर्ग गज सड़क की भूमि के भी पैसे ले लिए। पैमाइश में पता चला कि 350 वर्ग गज भूमि सड़क की है। तब उन्होंने पीयूष से अपने रुपये मांगे। इस पर उसने रूपये देने से इनकार कर दिया। इसी को लेकर उनका विवाद हो गया। रुपये मांगने पर पीयूष और डॉ. वीर सिंह के बीच विवाद हो गया। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। तमाशबीनों ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में कुछ लोग मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### बाइक में टक्कर मारकर मां-बेटे को किया घायल

**कांठ, अमृत विचार :** थाना नागफनी के मोहल्ला डांग निवासी हमरा पत्नी कासिम अहमद अपने पुत्र अरशद के साथ 17 जून को कांठ में गई थी। उसी दिन 4 :30 बजे दोनों मां बेटा बाइक से घर को जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम रसूलपुर की नहर की पुलिया के पास पहुंची। वैसे ही बुलेट बाइक पर सवार दो लोगों ने जान से करने की नीयत से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों मां बेटा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। शिकायत के बाद भी पुलिस ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। पीड़ित ने एसएसपी सतपाल अंतिल को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### मारपीट में तीन घायल, चार के खिलाफ केस दर्ज

**अमृत, विचार भोजपुर :** क्षेत्र के गांव मक्खनगंज सरदार नगर अटरिया में खेल खेल में बच्चों के साथ कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायल मोहम्मद असलम उसके भाई यासीन और बेटे साबिक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी मुआयना कराया है। मो .असलम की तहरीर पर गांव के उमर, मौहम्मद हसन,शरीफ और नाजिम के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्रापर्टी विवाद में मारपीट , तीन लोग घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** प्रापर्टी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कस्बा निवासी मोहम्मद उमर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 14 जुलाई को समय करीब 11 :12 बजे के बीच में अपने घर कुंदरकी को जा रहा था। उसके साथ में कुंदरकी निवासी इकबाल, यूनुस और मेहरबान भी थे। रास्ते में शाहनबाज, पप्पू और नीलोफर पत्नी शाहनबाज उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में वह, युनुस और मेहरबान घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### उधार के रुपये मांगने पर मारपीट , चार पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में उधार के रुपये कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला निवासी तस्लीम पुत्र सखावत ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही रोहित पुत्र आदेश से अपने उधार के रुपये लेने गया था। तभी रोहित गाली गलौज करने लगा उसके विरोध करने पर आरोपी साथी विजय, पिता आदेश, भाई गोपाल के साथ मिलकर पीड़ित पर हमलावर हो गए। मारपीट करने कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी कामिल उसे बचाने आया तो उक्त लोगो ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सब्जी व्यापारी से मारपीट, 12 हजार रुपये छीनने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** सब्जी में कमी निकाल कर व्यापारी से मारपीट के आरोप में कोतवाली पुलिस ने आठ के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुरपट्टी निवासी शबाना ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका देवर नदीम अहमद सब्जी व्यापारी है। मंगलवार को वह गांव सबलपुरा के बाजार में सब्जी बेचने गया था। तभी गांव के ही कुछ लोग सब्जी में कमी निकाल कर नदीम के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर उसकी जेब से 12,000 रुपये निकाल लिए। जब नदीम घर पहुंचा तो आरोपी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी उंगली कट गई। महिलाओं से मारपीट कर उसके गले में पड़ी चेन ले गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# समस्याओं का निदान करना प्राथमिकता

संवाददाता, बिलारी

- ऑल इंडिया शेयर प्राइस शॉप के तहसील अध्यक्ष बने अरविंद कुमार
- पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

अमृत विचार: ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप के पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष ने बिलारी के मिलक नगलिया जट निवासी अरविंद कुमार को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया है।

मंगलवार को नगर के शाहाबाद रोड स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप की बैठक में पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी मुख्य अतिथि रहे। बैठक में राशन डीलरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राशन डीलर पिछले कई सालों से कमीशन बढ़ाने या निर्धारित मानदेय तय करने की मांग कर रहे हैं। कहा कि डीलर सरकार का एक अभिन्न अंग है जो सरकार की नीतियों को धरातल पर उतरता है। कई प्रदेशों में निर्धारित मानदेय व कमीशन बढ़ा कर दिया जाता है। बैठक में बिलारी तहसील इकाई के लिए जिलाध्यक्ष चौधरी हरवीर सिंह ने मिलक नगलिया जट निवासी अरविंद कुमार सिंह को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया। बताया कि 15 दिनों में तहसील कमेटी का गठन होगा। बैठक के बाद पदाधिकारी डीएम और जिला खाद्य निरीक्षक को ज्ञापन देने पहुंचे। ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई कि प्राथमिक विद्यालय के विलय के आदेश का असर गरीब बच्चों पर पड़ेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी ,हरवीर सिंह, नगर अध्यक्ष मो. फारूख, अब्दुल हसन, हरवीर सिंह ,महेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, छत्रपाल, रईस ,मो. फुरकान, प्रेम शंकर, जसवंत सिंह, मो. यासीन समेत बड़ी संख्या में राशन डीलर मौजूद रहे।

एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार को माला पहनाते पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, जिलाध्यक्ष हरवीर सिंह। ● अमृत विचार

# तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए दिए सुझाव

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** नगर के नगलिया रोड पर स्थित वीआईपी कॉलोनी में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के राजयोग सेवा केंद्र का भव्य समारोह में आरंभ किया गया। जिसका आरंभ एसडीएम प्रीति सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, सचिव मनोज पाल, ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय संचालिका बरेली से आईं बीके पार्वती दीदी, काशीपुर से बीके चंद्रवती दीदी, बीके अनीता दीदी, जगदीश सक्सेना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सेवा केंद्र का आरंभ किया गया।

मंगलवार को आयोजित समारोह में एसडीएम ने कहा कि केंद्र का शुरू होना क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। इससे यहां के लोग आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर ध्यान एवं राजयोग के माध्यम से जीवन में शांति, खुशहाली एवं तनावमुक्त जीवन का अनुभव कर सकेंगे। बीके पार्वती दीदी ने सभी को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए सरल और प्रभावी सुझाव दिए। बीके चंद्रवती दीदी ने सभी को सकारात्मक विचारधारा एवं श्रेष्ठ कर्म करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान से जुड़े सैकड़ों अनुयायी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन और व्यवस्था में बीके रणवीर सिंह त्यागी, बीके लक्ष्मी, बीके पंकज, बीके संदीप एवं मनोज का विशेष योगदान रहा। समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

ब्रह्माकुमारी राज योग सेवा केंद्र का आरंभ करतीं एसडीएम प्रीति सिंह।

- एसडीएम ने किया ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र आरंभ

## साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार:** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ मुरादाबाद में साइबर अपराध के प्रति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंगलवार को कंप्यूटर साइंस के अध्यापक सुंदर सिंह ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना चाहिए। अज्ञात स्रोतों से मिले ईमेल या फाइलों पर क्लिक करने से बचे और सॉफ्टवेयर को अपडेट रखना जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया से दूर रहने और करियर के प्रति सचेत रहने की अपील की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, सुंदर सिंह, अखिलेश कुमार बिश्नोई, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी, ओम प्रकाश सिंह, दीपक सिंह, गौरव कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# युवाओं में दिखा जोश, चयनितों को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में विश्व युवा कौशल दिवस पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने किया गया। उन्होंने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कौशल युक्त युवा ही समृद्ध राष्ट्र का आधार बन सकते हैं।

मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 10 प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। 10 अलग-अलग सेक्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसे युवाओं ने विशेष रुचि से देखा। जिला समन्वयक अeर कौशल ने युवाओं को योजनाओं की जानकारी दी और मेहनत,ईमानदारी व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने यूपी स्किल मिशन की 30 से अधिक योजनाओं की जानकारी भी दी।इस अवसर पर राजकीय व निजी आईटीआई के अभ्यर्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और देशभक्ति गीतों से माहौल देश प्रेम से ओत-प्रोत हो गया। वहीं स्किल यूआई के 15 चयनित अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के प्रतिनिधियों हिलार्डनको प्रा. लि. के वी. शंकर राव, मोहन मानव कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष रति मोहन और प्लाएबल वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्रा. लि. के प्रतिनिधि मीनू यूनुस को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अल्पना गुप्ता को नोडल प्रधानाचार्य संजीव कुमार जैन, जिला समन्वयक अमर कौशल व प्रधानाचार्य,श्याम सुंदर शर्मा ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।समाजसेवी नीतू सक्सेना को भी उनके सामाजिक योगदान लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला कौशल प्रबंधक सुमित कुमार,जिला कार्यक्रम प्रबंधक मित्रपाल सिंह, संदीप कुमार, जयप्रकाश सिंह,अजय कुमार प्रजापति, अमरपाल सिंह, जयवीर सिंह, अर्पेश सैकैना, पुष्पेंद्र कुमार, हेमलता भारती आदि मौजूद रहे।

बच्चों द्वारा बनाए मॉडल को देखतीं मुख्य अतिथि अल्पना रितेश गुप्ता।

- विश्व युवा कौशल दिवस: कौशल विकास मिशन व आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम

## ईओ ने नगर भ्रमण कर देखीं सफाई व्यवस्था

**भोजपुर, अमृत विचार:** बरसात होने पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने सफाई कर्मचारियों को नालों की तलीझाड़ सफाई करने के निर्देश दिए। सभासदों की शिकायत पर मंगलवार को अधिशासी अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक फिरासत अली ने मोहल्ला बगियवाला, बड़ी मंडी, गढ़ी,झादेवाला, घासमंडी आदि का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहम्मद हनीफ, निवासी– विशारतनगर तहसील बिलासपुर जिला रामपुर उ0प्र0 का हूँ। पूर्व में मेरा नाम MOHD SHARIF था। जिसको अब मैंने बदलकर अपना नया नाम MOHAMMAD SHAREEF कर लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नए नाम MOHAMMAD SHAREEF से पुकारें।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सार-संक्षेप

### ढोल की थाप तो कोई डीजे पर कर रहा शिव का गुणगान

**कांठ, अमृत विचार :** सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को क्षेत्र की सड़कों पर कांवड़िये मंजिल की ओर बढ़ते नजर आ रहे थे। हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया है।सावन के माह में शिव भक्त हरिद्वार सहित अन्य तीर्थ नगरियों से पैदल कांवड़ में गंगाजल लेकर आते हैं और सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। दूरदराज के कांवड़िये कांधे पर कांवड़ धारण कर कांठ से गुजर रहे हैं। मंगलवार को दिनभर कांवड़ियों की वापसी होती रही। वहीं हरिद्वार जाने के लिए भी वाहन नगर से होकर गुजरते दिखाई दिए। कोई ढोल की थाप पर भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए जाता दिखाई दिया तो कोई डीजे व धार्मिक भजनों पर झूम रहा था। इससे कांठ का वातावरण पूरी तरह से शिव भक्ति में सराबोर हो गया। 21 जुलाई को सावन माह के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।

### एसडीएम ने कांवड़ रूट का दौरा कर देखीं व्यवस्थाएं



**कांठ, अमृत विचार :** एसडीएम कांठ संत दास पंवार ने मंगलवार को सहसपुर बॉर्डर पर कावड़ियों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने वहां मौजूद पुलिस, प्रशासनिक कर्मचारी और स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए कि कांवड़ियों को किसी भी तरह की कोई समस्या न हो। उनकी सुरक्षा व्यवस्था और सहायता का पूरा ध्यान रखा जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही एसडीएम ने कांवड़ पथ, कासमपुर, हजरतपुर, मुजफ्फरपुर टांडा, रुस्तमपुर, शेरपुर, मानपुर, संदलीपुर, सराय खजूर आदि ग्रामों को होते हुए कांवड़ पथ का दौरा किया और कांवड़ पथ पर व्यवस्थाएं देखीं। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के साथ संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। मुख्य मार्ग पर कहीं भी गंदे कूड़े के देर नहीं होने चाहिए।

### शिवमढ़ी मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण रोकने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित ऐतिहासिक श्री शिव मढ़ी मंदिर की भूमि पर बिना अनुमति आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। मंदिर सेवा ट्रस्ट ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप हस्तक्षेप की मांग की है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि गाटा संख्या 595 में स्थित भूमि पर वर्षों से शिवमढ़ी मंदिर स्थापित है, जहां शिवलिंग की पूजा होती है। इसी भूमि पर बिना किसी अनुमति के आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण कराया जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि निर्माण कार्य से मंदिर की पवित्रता भंग हो रही है और भविष्य में मंदिर पर धार्मिक आयोजन बाधित हो सकते हैं। चिकित्सालय निर्माण से पूर्व मंदिर ट्रस्ट को विश्वास में नहीं लिया गया और न ही किसी प्रकार की सहमति दी गई है। मांग की कि निर्माण कार्य को रोका जाए, ताकि धार्मिक स्थल की गरिमा बनी रहे। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश चंद्र गोयल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल ,संजय सिंघल, अनुज सिंघल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### घायल गोवंश का कराया उपचार

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील कांठ क्षेत्र में काफी संख्या में सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश हादसे में चोटिल हो जान गंवा रहा है। सोमवार को ग्राम गढ़ी में एक गाय की वाहन से टकराकर मौत हो गई। ग्राम प्रधान द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मंगलवार शाम 4 :00 बजे जिला संयोजक सेवा गतिविधि विकास शर्मा को सूचना मिली कि पेट्रोल पंप के सामने एक बछड़े को वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। टीम ने पहुंचकर पशु चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर बछड़े का उपचार कराया। इस संबंध में ईओ कांठ से घायल गोवंश को अस्पताल भिजवाने का अनुरोध कर मांग की गई की क्षेत्र में घूम रहे गोवंशों को गोशाला भिजवाया जाए। रात्रि लगभग 10 :00 बजे गांधी आश्रम के सामने एक गोवंश को डंपर ने टक्कर मार दी जिसमें उसका एक पैर काफी जख्मी हो गया। गो सेवा गतिविधि की टीम ने उपचार कराया।

### महिला से रेप कर ब्लैकमेलिंग, बनाया वीडियो

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भोजपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कार्यालय में शिकायत की है। पीड़िता का कहना है कि एक युवक ने पहले उसे ब्लैकमेल किया, फिर दिल्ली ले जाकर चाकू की नोंक पर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर धमकाया। बाद में उसे बदायूं के एक गांव में बंधक बनाकर रखा गया, जहां आरोपी के भाई ने भी बलात्कार किया। एसपी देहात को मंगलवार को दिए गए शिकायत पत्र में पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 2014 में भोजपुर थाना क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। कुछ समय पूर्व उसके पति की नियुक्ति बदायूं के एक मदरसे में हुई हो गई, जहां वह पति के साथ रहने लगी। वहीं पड़ोस में रहने वाले एक युवक से पहचान हुई, जिसकी गलत नजर उस पर थी। महिला के मुताबिक युवक ने पहले नहाते समय उसका अश्लील वीडियो बनाया और फिर उसे ब्लैकमेल करते हुए दिल्ली बुलाया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी गांव ले गया, जहां उसके परिजनों ने बंधक बनाकर रखा और बलात्कार किया गया। आरोप है कि विरोध किया तो उसके बेटे को जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। पीड़िता ने किसी तरह अपने पति को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उसे छुड़वाने आरोपी के गांव पहुंचे। वहां उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की गई और कानूनी कार्रवाई की धमकी देते हुए उन्हें भगा दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने भोजपुर थाने को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए 20 तक करें आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए 20 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, राजकीय विद्यालयों, इंटर कॉलेज, सीबीएसई, सीआईएसई, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय, सैनिक स्कूल, आदर्श एकल्वय स्कूल जनपद में कार्यरत प्रधानाचार्य, शिक्षकों से भारत सरकार ने राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार के लिए वेब पोर्टल पर 20 जुलाई तक आवेदन मांगे गए हैं।

### संजीव बने श्रीमाली महासभा के जिला प्रभारी

रामपुर, अमृत विचार : संयुक्त श्रीमाली महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष छोटेलाल श्रीमाली ने जिले के निवासी संजीव को श्रीमाली सभा का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। बताया जा रहा है कि वे जल्द ही जिले की कार्यकारिणी में नए सदस्यों को शामिल कर संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे।

# कागजों में बने प्लान...धरातल पर व्यवस्था धड़ाम

## ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए कई बार बनाई गईं योजनाएं मगर लागू नहीं, जाम झेल रहे हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए ई-रिक्शा स्टैंड बनाने की योजना कागजों तक सिमटकर रह गई है। कई प्रयासों के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्टैंड बनाने के लिए शहर में तीन स्थानों पर जमीन चिन्हित करने के बाद भी बात आगे नहीं बढ़ सकी है। इसका खामियाजा शहरियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या जाम की समस्या को भी बढ़ा रहे हैं, मगर जिम्मेदारों की ओर से कोई सार्थक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं।

दरअसल, शहर में जाम की समस्या दिन पर दिन नासूर बनती जा रही है। शायद ही कोई ऐसा दिन बीते, जब शहर के किसी चौक, चौराहों पर लोगों को जाम में जूझना न पड़े। इसका प्रमुख कारण ई-रिक्शा बन रहे हैं। ई-रिक्शा के खड़े होने के लिए शहर में कोई जगह निर्धारित नहीं है। ऐसे में ई-रिक्शा चालक मनमानी करते हैं, जहां मन आता है वहां पर खड़ा कर देते हैं, इससे लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से लोगों को राहत देने के लिए शहर में ई-रिक्शा स्टैंड बनवाने का प्लान बनाया गया। उद्देश्य था कि स्टैंड बनने के बाद ई-रिक्शा चालकों को सवारियों के इंतजार में सड़क किनारे खड़े होना नहीं पड़ेगा। एक निर्धारित जगह पर सवारियां मिल जाएंगी, जिससे बेतरतीब ढंग से खड़े नहीं होने पर जाम की समस्या नहीं बनेगी। नगर पालिका बोर्ड की बैठक में भी ई-रिक्शा स्टैंड बनाने का मामला गूंजा। इसके लिए पालिका प्रशासन की ओर से शहर में ई-रिक्शा स्टैंड के लिए हामिद गेट, मिस्टन गंज, रोडवेज बस अड्डा स्थल चिन्हित किए गए थे, मगर लंबा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है, इससे समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है और पुलिस कर्मी ई-रिक्शा चालकों को रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डा, मिस्टन गंज, बाजार नसरुल्लाह खां में डंडा फटकारते हुए भगाते नजर आते हैं।

सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

- ई-रिक्शा स्टैंड बनाने के लिए शहर में तीन स्थानों पर चिन्हित हुई हैं जमीनें

### इन स्थलों पर स्टैंड की जरूरत

शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बिलासपुर गेट, पीला तालाब, बाजार नसरुल्लाह खां, हाथीखाना चौराहा, शाहबाद गेट, नवाब गेट, पुराना गंज, सिविल लाइन थाने के सामने, दिल्ली गेट, जिला अस्पताल के पास स्टैंड बनाने की आवश्यकता है क्योंकि इन जगहों पर लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है।

ई-रिक्शा स्टैंड बनाने के लिए जगह चिह्नित करा ली गई है। सुविधा के लिए चार्जिंग प्वाइंट बनाने की व्यवस्था भी होगी, जिससे ई-रिक्शा चालकों को परेशानी न हो। स्टैंट बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू कराई जाएगी।
-सना खानम, पालिकाध्यक्ष

### मनमाने रेट पर भी लगे अंकुश

ई-रिक्शा चालक रोडवेज बस अड्डा, रेलवे स्टेशन और सिविल लाइंस थाने के सामने यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। रात को ई-रिक्शा चालकों का किराया दिन की तुलना में कई गुना बढ़ जाता है। प्रशासन रेलवे स्टेशन से मिस्टन गंज, पुराना गंज, नवाब गेट, शाहबाद गेट, बाजार नसरुल्लाह खां, हामिद गेट, जेल रोड तक का किराया निर्धारित कराए, ताकि लोगों की जेब पर अनावश्यक बोझ न पड़े।

# स्मार्ट क्लास में सहभागिता बढ़ाएं शिक्षक: एआरपी

मासिक संकुल बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, भोट

- मासिक संकुल की बैठक में एआरपी ने तकनीकों के उपयोग पर की चर्चा

**अमृत विचार :** मंगलवार को एआरपी अरुण कुमार की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय भोट में मासिक संकुल की बैठक हुई। शिक्षकों को संबोधित करते हुए एआरपी ने सरकार की मंशा अनुरूप विद्यालय पेयरिंग के बाद छात्रों की उपस्थिति, ठहराव को बेहतर करने के संबंध में जानकारी दी। टैबलेट व स्मार्ट क्लास में शिक्षक, छात्रों की सहभागिता बढ़ाने और इंटरैक्टिव व्हाइटबोर्ड, सहयोगी सॉफ्टवेयर और मल्टीमीडिया क्षमताओं की तकनीकों का उपयोग करने पर चर्चा की।

शिक्षकों ने बताया कि स्मार्ट क्लास छात्रों को सीखने में अधिक आकर्षक और सक्रिय रूप से शामिल करने में मदद कर सकती है। इको क्लब ऑफ मिशन लाइफ पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इको क्लब मिशन लाइफ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य छात्रों और समुदाय को पर्यावरण संरक्षण और स्थायी जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण के अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक मंच है। इस दौरान मीनाक्षी शर्मा, प्रेम सिंह, ताहिर अली, विशाली तोमर, इन्तजार अहमद, रुबीना परवीन, छत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित की थीम पर मनाएंगे भू जल सप्ताह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एडीएम प्रशासन ने जिले भर में कार्यक्रम आयोजित कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** भूजल जागरुकता को एक अभियान के रूप में 16 जुलाई से 22 जुलाई के मध्य भू जल सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस वर्ष इसका मुख्य विचार बिन्दु जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित रखा गया है।

एडीएम प्रशासन डॉ. नितिन मदान ने जिला स्तर, तहसील व विकास खंडों में विशेष रूप से स्थानीय स्कूल-कॉलेजों और शैक्षिक संस्थानों को व्यापक सहभागिता के साथ भूजल जनजागरूकता कार्यक्रम करने को कहा है। बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग व अन्य राजकीय शिक्षण संस्थाएं इस आयोजन के लिए अनुश्रवण करेंगे। सभी स्कूल-कॉलेजों में वाद विवाद, निबन्ध, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन कराने पर जोर दिया। सिंचाई, कृषि, लघु सिंचाई, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभाग, भूमि विकास, जल संसाधन, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, जल निगम, समस्त शहरी निकाय आदि भूजल सप्ताह के आयोजन में भागीदारी करने के लिए कहा।कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा किसान गोष्ठियां करके किसानों को कम जल की आवश्यकता वाली फसलों के लिए प्रोत्साहित करेंगे। कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला विज्ञान क्लब, शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी केंद्र, युवक मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र आदि संगठनों को भी इस आयोजन से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

# हस्तशिल्प क्षेत्र को विश्व पटल पर लाने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मेरा युवा भारत के तहत आयोजित कार्यशाला में सहायक निदेशक हस्तशिल्प ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक के सभागार में मंगलवार को मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जन जागरुकता कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि के रूप में सहायक निदेशक हस्तशिल्प विभाग बरेली के पुलकित जैन शामिल हुए। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद, हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम और शिल्पग्राम पहल की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह योजनाएं ग्रामीण युवाओं के लिए आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने स्थानीय उत्पादों के ब्रांड विकास, तकनीकी नवाचार और डिजिटलीकरण के माध्यम से हस्तशिल्प क्षेत्र को विश्व पटल पर ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के बारे में बताना, उन्हें सामाजिक, आर्थिक, व्यवसायिक रूप से सशक्त बनाना रहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरा युवा भारत के डिप्टी डायरेक्टर माहे आलम ने कहा कि आज का युवा सिर्फ नौकरी की तलाश में नहीं है बल्कि वह नवाचार का वाहक है। सरकार की योजनाओं को जानना ही पर्याप्त नहीं बल्कि उन्हें अपनाकर क्रियाशील बनना युवाओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, अटल नवाचार मिशन, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डीसीबी सभागार में हुई कार्यशाला में बोलते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

शांति भूषण पांडेय ने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर केवल जागरुकता ही नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव भी रखी जा सकती है। ग्रामीण युवाओं में असीम संभावनाएं हैं, मगर जरूरत है उन्हें दिशा और अवसर देने की। राजपाल, सुरेश आर्य, सतेंद्र कुमार, रोहित श्रीवास्तव, अरविंद राजपूत, बॉबी यादव, रिंकेश कुमार और कुलदीप यादव ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी युवाओं को सहभागिता प्रमाणपत्र दिए गए।

## सार-संक्षेप

### गृहकर-जलकर में बेतहाशा वृद्धि से लोगों में आक्रोश

रामपुर, अमृत विचार : हम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खां ने कहा कि नगर पालिका ने गृहकर-जलकर में बेतहाशा वृद्धि कर दी है। जनता पर बोझ डाला गया है। टैक्स में बढ़ोत्तरी करके शहरियों को परेशान किया जा रहा है। कर जमा करने में उनके सामने समस्याएं आएंगी। टैक्स का यह मुद्दा बिलासपुर गेट स्थित कार्यालय पर मंगलवार को हुई बैठक में उठाया गया। बैठक के दौरान मास्टर फिरोज खां को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पालिका की ओर से जलकर और गृहकर में 100 गुना तक की वृद्धि को जनविरोधी और अव्यवहारिक बताया गया। संगठन ने इसे गरीब विरोधी नीति करार देते हुए विरोध करने का ऐलान किया। बैठक में कहा गया कि इस मुद्दे को लेकर जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलेगा। वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की जाएगी। कहा कि रामपुर एक गरीब तबके की आबादी वाला शहर है। यहां के लोग इतना भारी टैक्स वृद्धि का बोझ नहीं उठा सकते। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नादिरा खान बबलू ने की। इस दौरान मंसूर मियां, अजीम खान, मास्टर दाईम साहब, डॉ. शोएब, शाकिर खान, शुजात खान, मंजू खान, अब्दुल्ला खान समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पोर्टल पर शिक्षकों का नाम प्रदर्शित नहीं होने से रोष

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बीएसए कल्पना देवी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि एक ही पद पर 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरा करने वाले शिक्षक, कर्मचारियों का चयन वेतनमान ऑनलाइन लगना है, लेकिन खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने उनके पोर्टल पर एल वन खोलने पर जनवरी 2015, 18 अप्रैल 2015, 19 मई 2015, 1 जुलाई 2015 को प्रमोशन पाए शिक्षकों का चयन वेतनमान 90 प्रतिशत शिक्षकों के नाम पोर्टल पर नहीं दिख रहा है। ज्यादातर शिक्षकों की ई-सर्विस बुक अपडेट नहीं है। जबकि संतकबीर नगर और देवरिया में मानव संपदा पोर्टल एल वन की ओर से ही चयन वेतनमान काफी समय पूर्व स्वीकृत हो चुका है। शिक्षकों में चयन वेतनमान स्वीकृत न होने के मुद्दे को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। समस्या का जल्द समाधान की मांग की गई है। इस मौके पर अंजुम स्नेही सक्सेना मौजूद रहे।

### वैराग्य व आत्मज्ञान को प्रेरित करती है शिव की उपासना

रामपुर, अमृत विचार : कृष्णा विहार कालोनी में चल रही शिवपुराण का शुभारंभ पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने किया। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने नारद मोह के बारे में बताया। कहा कि भगवान शिव की उपासना वैराग्य और आत्मज्ञान की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य को माया से बचाव करना है तो केवल यह सच्चे ज्ञान और शिवभक्ति से ही संभव है। कहा कि महर्षि नारद, जो ब्रह्मा के मानसपुत्र माने जाते हैं। एक बार योगबल से अहंकार से ग्रसित हो गए कि वे ब्रह्मचारी हैं। माया उन्हें नहीं छू सकती। भगवान विष्णु ने नारद के अहंकार को मिटाने के लिए माया का प्रयोग किया। नारद ने एक नगरी में जाकर एक राजकुमारी को देखा और मोहवश उससे विवाह की इच्छा रखी। उन्होंने अनेक प्रयास किए लेकिन अंतत: वह राजकुमारी किसी और से विवाह कर लेती है। उस पीड़ा से संतृप्त नारद भगवान विष्णु से जाकर अपना रोष प्रकट करते हैं। परिणामस्वरूप विष्णु जी उन्हें समझाते हैं कि यह केवल माया थी। जिससे नारद को यह बोध हुआ कि माया और मोह से कोई भी पूर्णत: अछूता नहीं है। उन्होंने द्वादश ज्योर्तिलिंगों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि प्रत्येक ज्योतिर्लिंग भगवान शिव की अनंत, अविनाशी और साक्षात प्रकाशस्वरूप महिमा को दर्शाता है। इस दौरान राकेश सरन मिश्रा, आशुतोष गुप्ता, रामौतार रसिक, अंकित शर्मा, भगत, रामदत्त शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, राम जी लाल गुप्ता, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, अखिलेश, ओमेंद्र सिंह, मुकुल सक्सेना, रामौतार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# योगदान आख्या नहीं देने पर अध्यापकों पर करें कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में बोलते जिलधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में बोले डीएम

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि मर्ज किए गए विद्यालयों के जिन अध्यापकों ने अब तक योगदान आख्या नहीं दी है, उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाए। कहा कि सभी खंड शिक्षाधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करें और तय करें कि मर्ज किए गए विद्यालयों के अध्यापकों को जहां तैनाती दी गई है, उन्होंने वहां ज्वाइन किया है नहीं। इस संबंध में विद्यालय से प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लें।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम ने यह आदेश दिए गए। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारियों से कहा कि मर्ज किए गए जिन विद्यालयों की ओर से प्रतिवेदन दिया गया है उनके लिए खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और एडीओ पंचायत को शामिल करते हुए टीम गठित की जाए। मौके पर जाकर स्थिति देखें। इसके बाद प्रत्यावेदन पर निर्णय लिया जाए। कहा कि विद्यालय मर्ज होने के बाद खाली भवनों को संचालित करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को कमेटी का सदस्य नामित करें।

खाली भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र, लाइब्रेरी, पंचायत भवन आदि का 15 दिवस के भीतर संचालन कराएं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी खंड विकास अधिकारियों को विद्यालयों में प्राथमिकता से रसोई घर बनवाने और उसमें गुणवत्तापूर्ण टाइलीकरण का कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। बोले कि, जिन विद्यालयों में बाउंड्री वॉल का कार्य नहीं हुआ है वहां कार्य पूरा करें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, मेडिकल असेसमेंट कैंप, लर्निंग आउटकम्स, फेसिलिटी की प्रगति पर विस्तार से समीक्षा की।

# गिरनार पर्वत पर जैन समुदाय को पूजा से रोका, नाराजगी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** गुजरात के जूनागढ़ स्थित गिरनार पर्वत की पांचवीं टोक पर जैन समुदाय के लोगों को पूजा के अधिकार से वंचित रखने व महिलाओं से अभद्र व्यवहार से समाज के लोगों में गुस्सा है। नाराज लोगों ने मंगलवार को गुजरात के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपे।

मंगलवार दोपहर दिगंबर जैन समाज व जैन मिलन के बैनर तले समुदाय के लोग एकत्रित हुए। इसके बाद स्थानीय तहसील भवन पहुंचे और तहसीलदार शिव कुमार शर्मा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। कहा है कि गिरनार पर्वत की पांचवीं टोक पर जिस स्थान से जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर नेमीनाथ जी मोक्ष गए। देशभर से आए हजारों जैन धर्मावलंबियों को उनके पूजा के अधिकार से वंचित रखा गया। आरोप है कि न तो जयकारा बोलने दिया गया और न ही द्रव्य, निर्वाण लड्डू आदि चढ़ाने दिया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने दस से अधिक स्थानों पर चेकिंग कर द्रव्य सामग्री छीन ली। महिला श्रद्धालुओं से अभद्रता की गई, इससे समाज में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके धार्मिक अपमान किया गया है। एएसआई और गुजरात राज्य सरकार गजेटियर के आदेश का पालन करने, अवैध दत्तात्रेय की प्रतिमा को हटाने, गिरनार की पांचवीं टोक को संरक्षित जैन राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने की लोगों ने मांग की है। नरेश चंद्र जैन, नरेश कुमार जैन, नवीन कुमार जैन एडवोकेट, संदेश कुमार जैन, विनोद जैन, हिमांशु जैन, नितिन जैन, संयम जैन ने मांग की है।

# फाइनेंशियल बिल के विरोध में गरजे पेंशनर्स

आंबेडकर पार्क में धरने को संबोधित करते अपर जिला मंत्री जसराल सिंह सागर।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन, शिक्षक महासंघ के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा। कहा है कि फाइनेन्शियल बिल 2025 में पेंशनर नियमों के बदलाव से कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनरों के हितों पर कुठाराघात है।

आंबेडकर पार्क में मंगलवार को हुए धरने में पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एनपी सिंह ने कहा कि 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की गई। लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करके बच्चों को शिक्षा से वंचित कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री प्रेम सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना बहाल होनी चाहिए। पेंशनर एसोसिएशन के अपर जिला मंत्री जसराज सिंह सागर ने कहा कि फाइनेंशियल बिल 2025 को तत्काल निरस्त करें। उमेश चंद्र यादव, जसराज सिंह, कृष्णा कुमार, ओमवीर सिंह, हरद्वारी लाल, राजेंद्र प्रकाश सक्सेना, मनोहर लाल, रोशन सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करें शिक्षक

**रामपुर, अमृत विचार :** न्याय पंचायत ककरौआ में मंगलवार को शिक्षक संकुल बैठक हुई। बैठक का शुभारंभ एआरपी वरुण कुमार आर्य, नोडल संकुल शिक्षक प्रसन्न प्रकाश ने किया। अन्य ब्लॉक से कार्यभार ग्रहण करने वाले अध्यापकों का स्वागत किया गया। एआरपी ने कहा कि शिक्षक निर्धारित अवधि में लक्ष्यों को पूर्ण करें।

नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत दिए गए लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में पूरा कराना और शिक्षण कार्यों के बारे में बताया। बैठक में प्राथमिक विद्यालय ककरौआ, प्राथमिक विद्यालय दरियापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय मगरमऊ के स्टाफ ने प्रैक्टिसेज टीएलएम को साझा करते हुए प्रेजेंटेशन किया। संचालन शिक्षक संकुल चमन सिंह गौतम ने किया। अनिकेत प्रकाश सक्सेना, नूतन सिंह गहरवार, प्रेमवती, राना तलत, अफसाना कमर, सोनी गुप्ता, मुजीब कमाल, जया वर्मा, प्रेमपाल, अस्मत खान, राजबाला, गीता वर्मा, दीपा सैनी, रेहाना परवीन, मोनू कुमार, शन्नू खां, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# रात भर आते रहे फोन, जान से मारने की मिल रही धमकी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

पसियापुरा धार्मिक स्थल विवाद में प्रेस वार्ता करते नवाबगंज पक्ष के लोग।

- नवाबगंज पक्ष ने प्रेसवार्ता कर हजारा पक्ष पर धमकी देने का लगाया आरोप
- एक मंत्री के करीबी का नाम भी उछला, अधिकारियों पर भी शह देने का आरोप

**अमृत विचार :** नवाबगंज पक्ष के लखविंदर सिंह और अन्य लोगों ने हजारा पक्ष के लोगों पर धार्मिक स्थल के मामले में धमकी देने का आरोप लगाया है। मंगलवार को इस मामले में नवाबगंज पक्ष ने सिविल लाइन स्थित एक कैफे में प्रेसवार्ता की। मीडिया से बात करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों पर दूसरे पक्ष को शह देने और एक मंत्री के करीबियों पर धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

तहसील क्षेत्र के गांव पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। मंगलवार को नवाबगंज पक्ष लखिवंदर सिंह के साथ आए दलबार सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि सोमवार रात से उनके पास फोन आ रहे हैं। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मंगलवार सुबह बिलासपुर थाने गए और मामले में तहरीर दी है। बताया कि फोन नंबर एक मंत्री के करीबी का निकला है। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि पिछले 13 महीनों में गल्ले के पैसों का हिसाब देना होगा। करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का हिसाब नहीं है। चेतावनी दी है कि अगर मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो वो लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना देंगे।

### तीसरे दिन भी पुलिस रही मुस्तैद

पसियापुर में दोनों पक्षों में तनातनी का माहौल है और विवाद की आशंका है। हालांकि धार्मिक स्थल पर पीएसी की कंपनी और आठ-आठ घंटे के लिए दो-दो शिफ्टों में अधिकारियों की टीमें तैनात हैं। बावजूद इसके दोनों पक्षों में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच मंगलवार को एसडीएम अरुण कुमार सिंह और सीओ रविंद्र प्रताप सिंह विवाद की सूचना पर गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर कोई शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी ललित कुमार सहित आदि पुलिस कर्मी रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान प्रबंधक सम्मानित

बिलासपुर, अमृत विचार : बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बिलासपुर की ओर से उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर समिति के प्रधान प्रबंधक को लखनऊ में सम्मानित किया गया। समिति के प्रबंध निदेशक वीरपाल गंगवार उर्फ वीरू के अनुसार उन्हें सहकारिता क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ स्थित नाबार्ड मुख्यालय में सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जीपीएस राठौर ने दिया। प्रबंध निदेशक ने बताया कि सहकारी संस्था के संचालन में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और ग्रामीण हितों को प्राथमिकता देने के लिए किए गए कार्यों की राज्य स्तर पर सराहना हुई है। उनके नेतृत्व में संस्था ने वित्तीय अनुशासन, सदस्य सहभागिता और सेवा वितरण में उल्लेखनीय प्रगति की है। सम्मान समारोह में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि, अजय बाबू गंगवार, राकेश गंगवार, राजीव गंगवार, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### 22 जुलाई से तराई किसान यूनियन का बेमियादी धरना

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चकबंदी और राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तराई किसान यूनियन ने आगामी 22 जुलाई को तहसील में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय समन्वय समिति के सदस्य तेजिंदर सिंह विर्क ने मंगलवार को कहा कि दोनों विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। चकबंदी अधिकारी सप्ताह में तीन दिन निर्धारित होने के बावजूद अपने कार्यालय में नहीं आते हैं। किसान परेशान हैं। विरासत की फाइलें लंबित पड़ी हैं। 22 जुलाई को जिले भर के किसान तहसील में जुटेंगे और धरना-प्रदर्शन करेंगे। संतोषजनक समाधान न होने तक किसान बेमियादी धरने पर बैठे रहेंगे।

### गवाह बुलाने को दिया प्रार्थना पत्र खारिज

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा शासनकाल में तोपखाने पर बनी यतीमखाना बस्ती पर बुलडोजर चलवा दिया गया था। इस मामले में सपा नेता आजम खां समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। रिटायर्ड सीओ आले हसन भी शामिल थे। पुलिस ने चार्ज शीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया की आले हसन की ओर से गवाह को बुलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसको कोर्ट में खारिज कर दिया है।

# लो वोल्टेज पर हाई हुए किसान...कहा, बिजली समस्या का हो समाधान

## गहराते बिजली संकट पर भड़के किसानों ने बारिश के बीच किया धरना प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गहराते बिजली संकट को लेकर मंगलवार को किसानों का धैर्य जवाब दे गया। लो वोल्टेज, ट्रिपिंग, बिजली कटौती से गुस्सा हाई हो गया।

भाकियू (टिकैत) गुट से जुड़े किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया। बारिश के बीच जुलूस निकालकर नारेबाजी की और बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर धरना दिया। किसानों ने ज्ञापन सौंपकर समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराने की मांग भी उठाई है।

मंगलवार को संगठन के कार्यकर्ता प्रदेश कैंप कार्यालय पर एकत्रित हुए। इसके बाद प्रदेश महासचिव हसीब अहमद की अगुवाई में नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर पहुंचे। गुस्साए किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते



अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

● जुलूस निकालकर की नारेबाजी, अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर दिया धरना

हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। नाराज किसानों ने बेमियादी धरने की चेतावनी दे दी। इसकी जानकारी होते ही विभागीय अफसरों में खलबली मच गई। अधीक्षण अभियंता ने किसानों को वार्ता के लिए बुलाया। किसानों ने ज्ञापन सौंपकर समस्या बताई। सैदनगर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी राजपाल ने बताया कि सैदनगर में कम क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा है, जबकि उस पर लोड ज्यादा है। इसकी वजह से लो वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान है। वोल्टेज अच्छा नहीं आने की वजह से कोई भी उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। कहा कि कई बार समस्या उठाने के बाद भी ज्यादा क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। प्रदेश सचिव दरियाव सिंह ने बड़ागांव, सुलेमान ने खिजरपुर की समस्या उठाई।

इसके अलावा मिलक के मेघा नगला, हरजीपुर, आगापर और शाहबाद की समस्या बताई गई। किसानों ने कहा कि गर्मी में लोग परेशान हैं। बिजली के आने-जाने का रोस्टर होने के बाद भी कोई समय नहीं है। लो वोल्टेज की समस्या भी दूर नहीं हो पा रही है। अधिकारी मनमानी करते हैं। शिकायतों के बाद भी सुनते नहीं हैं। अधीक्षण अभियंता ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान शांत हो गए।

इस दौरान मंजीत सिंह अटवाल, मोहम्मद तालिब, रामबहादुर, राहत खां, दरबारी लाल शर्मा, प्रमोद यादव, रामदास मौर्य, खलील अहमद, जुबैद आलम, शंकर लाल लोधी, रणवीर सिंह, मोहम्मद मुस्तकीम, पप्पू यादव, सुरेश मुखिया, सुरेंद्र, सतेंद्र, गुरप्रीत अटवाल, मित्रपाल यादव ,जब्बार, अमीर अहमद, मुमताज हुसैन, असगर अली, पप्पू ,जसवंत सिंह, गुरप्रीत अटवाल, लखविंदर सिंह, फईम अहमद, सलीम छिद्दा नेता, सद्दाम हुसैन, मेराज आलम, मुर्शिद अली आदि किसान शामिल रहे।

## गन्ना भुगतान को लेकर भड़के किसानों ने दिया धरना



**शाहबाद, अमृत विचार :** गन्ने की फसल बेचने के बाद भी लंबे समय से भुगतान न होने को लेकर मंगलवार को किसान भड़क गए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के लोगों ने राणा शुगर मिल करीमगंज के गेट पंचायत के बाद आवाज उठाई। कहा कि गन्ना भुगतान और बीज अनुदान समेत अन्य मांगें पूरी की जाएं। किसानों ने धरने की सूचना पाकर एसडीएम मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की बातों को सुना और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। मिल प्रबंधन से बातचीत के बाद एसडीएम ने किसानों को तीन दिन में गन्ने का भुगतान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान मान गए। पंचायत की अध्यक्षता पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. फूल सिंह ने की। संचालक वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नाजिम सिद्दीकी ने किया। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर पाल सिंह, राजवीर सिंह यादव, जिला प्रमुख प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव होरीलाल लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष साकिर हुसैन, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नावेद खान, जिला सचिव जावेद हुसैन, नहीम प्रधान, मुराद अली खान, होम सिंह यादव, संजीव चौधरी, राहुल यादव, तेजपाल सिंह लोधी, गुफरान खान, नन्हे खान, महावीर सिंह धनकड़, जगतपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, नवल किशोर, प्रेम सिंह, हरकिशन मोर्या, छत्रपाल सिंह, किशन लाल, जागेश्वर, सलीम अहमद, वारिस अली, विपिन यादव, संतराम सिंह, अली हसन, जमील अहमद आदि किसान मौजूद रहे।

# दरोगा के बाद अब सिपाही पर धमकाने का लगाया आरोप

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** मिलक थाने में तैनात दरोगा पर अश्लील चैट करने का आरोप लगाने वाली दुष्कर्म पीड़िता ने अब सिपाही पर धमकाने का आरोप लगाया है। किशोरी की मां ने मंगलवार को एडीजी को पत्र भेजकर दरोगा और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में तैनात दरोगा पर नाबालिग बेटी के साथ रात में अश्लील वॉट्सएप मैसेज भेजने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि दुष्कर्म की शिकायत करने थाने जाने पर दरोगा ने नंबर लेकर बेटी को अश्लील मैसेज और कॉल किया था। मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। मंगलवार को पीड़िता की मां ने एडीजी को पत्र भेजकर दरोगा और मामले में धमकी देने वाले एक सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एसपी विद्या सागर मिश्र ने दरोगा पर लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया बेबुनियाद बताया है। जांच कराने की बात उन्होंने कही है। एसपी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। जांच के निष्कर्षों के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बाकर इंटर कॉलेज की हॉकी टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पनवड़िया स्थित नवाब जुल्फिकार अली स्पोर्ट्स में मंगलवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता में 8 टीमों के बीच मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले में बाकर इंटर कॉलेज ने चैंपियन हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता का शहर विधायक आकाश सक्सेना ने स्टिक से हिट मारकर उद्घाटन किया। पहला मैच में चैंपियन हॉकी क्लब ने स्मार्ट इंडियन मॉडल की टीम को 2-1 से हराया। इसमें चैंपियन हॉकी क्लब के अभय ने 34 मिनट पर व हमदान खान ने 55वें मिनट पर गोल दाग

नवाब स्पोर्ट्स स्टेडियम पर मौजूद विजेता टीम व अधिकारी। ● अमृत विचार

● नवाब जुल्फिकार अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता

कर टीम को जीत दिलाई। दूसरे मैच में आइडेंटी एकेडमी ने सनवे स्कूल की टीम को को 3-2 से हराया। जिसमें गौरव ने 11वें मिनट, 47वें मिनट व 55वें मिनट पर लगातार तीन गोल दागे। पहले सेमीफाइनल मैच में चैम्पियन क्लब ने ग्रीनवुड स्कूल को 3-0 से हराया। इसमें अभय ने 10वें मिनट पर, मेहवर खान ने 15वें मिनट और 35वें मिनट पर गोल दागे। दूसरे सेमीफाइनल मैच में बाकर इंटर कॉलेज ने आइडेंटिटी एकेडमी को 2-0 से हराया। सनी ने 5वे मिनट पर, मानवेन्द्र ने 10वें मिनट पर गोल दागे। फाइनल मैच में बाकर इंटर कॉलेज ने चैंपियन हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इसमें सनी ने 5वें मिनट और 45वें मिनट पर दो गोल दागे, जबकि कमर फैयाज ने 35वें मिनट पर गोल दागे। मुख्यातिथि कोषाधिकारी रंजीत सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार और आरएस रावत ने अतिथियों का स्वागत किया। निर्णायक की भूमिका फरहत अली खां, मुख्तार खां, राम बाबू, मुस्कान, कशिश ने निभाई। इस दौरान शरद गुप्ता, मोहम्मद वकार, मोहम्मद शुऐब, तुषार शर्मा, मनोज कुमार, मोहम्मद फईम, सैय्यद सलमान, राशिद, शादाब सहित मौजूद रहे।

# चोरी की योजना बना रहे तीन आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे तीन आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से तीन तमंचे, कारतूस, एक कार बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर गांव इमरताराय जाने वाले मार्ग पर लीड इंडिया स्कूल के निकट पुराने स्कूल के टूटे पड़े कमरे के अंदर पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को देखकर मौजूद लोग घबरा गए और भागने लगे। पुलिस के पीछा करने पर आरोपियों की ओर से फायरिंग कर दी गई। कोतवाल ने दावा किया कि, पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए भाग रहे नगर के

● एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला, स्वार पुलिस ने की कार्रवाई

मोहल्ला अगलगा निवासी नईम उर्फ हकला, थाना अजीमनगर के गांव खेमपुर निवासी उस्मान, थाना टांडा के गांव टोड़ीपुरा निवासी मुरसलीन कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि, मौके से एक आरोपी भागने में कामयाब रहा। पकड़े गए आरोपियों ने भागे आरोपी का नाम अजीमनगर के गांव खेमपुर निवासी जुल्फिकार बताया है। तीनों ने पुलिसिया पूछताछ में चोरी की योजना बनाने की बात स्वीकारी है। तीनों पर केस दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में गैंगेस्टर, गोकशी समेत 30 से ज्यादा केस दर्ज हैं। कार्रवाई में दरोगा केशू शर्मा व उनकी टीम शामिल रही। कोतवाल ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### जानलेवा हमले में पुलिस ने दर्ज किया केस

**स्वार, अमृत विचार :** मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के सेफपुर चितु निवासी नईम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 जुलाई को वह ट्रक चालक थाना बिलारी के खानपुर निवासी राजवीर को कार से बूढ़ी दढियाल छोड़ने जा रहा था। गांव के निकट पहुंचने पर कुछ लोग लाठी-डंडों से लैस होकर आए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी और सरिया से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने ट्रक स्वामी की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### दो पक्षों में मारपीट, महिला समेत पांच घायल

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र के खेड़ा टांडा गांव में मंगलवार को रास्ते को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। पुलिस ने एक पक्ष के घायल कलाम, मुनीफा, रियाजुल और दूसरे पक्ष के मेहरबान और जुनैद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया कि जांच की जा रही है।

### 30 सितंबर तक चलेगा अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सिंह ने बताया कि मध्यस्थता के लिए वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंस समेत अन्य मामलों के समाधान के लिए मध्यस्थता अभियान 30 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। मध्यस्थता कार्रवाई तहसील, जिजा स्तर पर लंबित वादों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सप्ताह के सात दिन आयोजित की जाएगी। मध्यस्थता सफल होने पर दोनों पक्षकारों की ओर से निर्धारित शर्तों के अनुसार न्यायालय में लम्बित प्रकरण का निपटारा कराया जाएगा।

### प्रतिबंधित मछली पालन की सूचना पर पहुंची टीम

**रामपुर, अमृत विचार :** तहसील मिलक के धनौरा में मंगलवार को पुष्पेंद्र और शिवम के तालाब पर टीम पहुंची। टीमों ने मंगूर मछली को नष्ट कराया है। सहायक निदेशक मत्स्य प्रशांत गंगवार ने बताया कि मंगूर मछली खाने से कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग जैसी बीमारियां जनित होती हैं। ग्रीन ट्रिब्यूनल और भारत सरकार ने वर्ष 2000 में विदेशी थाई मंगूर मछली को प्रतिबंधित कर दिया था। उन्होंने प्रतिबंधित मछली विक्रेताओं और पालन करने वालों के बारे में गोपनीय सूचना देने की अपील की है।

## सार-संक्षेप

### एक लीटर से कम पानी की बोतल की बिक्री पर लगे रोक

**शाहबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष शाहबाद सुम्बुल नाज की अध्यक्षता में नगर पंचायत सभागार में बोर्ड बैठक हुई। बैठक में शाहबाद में दुकानों का किराया बढ़ाने समेत अस्थायी गोशाला बनाने के साथ कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बोर्ड बैठक में दुकानों का किराया बढ़ाने जाने पर विचार, एक लीटर से कम पानी की बोतल की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने, अस्थाई गोशाला की स्थापना, मिनी ट्यूबवेल की स्थापना, सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, मरम्मत कार्य, जाल डलवाने, चौराहों का सौंदर्यीकरण कराने पर विचार किया गया। नगर पंचायत को पालिका का दर्जा दिलाने पर भी मंथन हुआ। सर्वसम्मति से प्रस्तावों को पारित कर दिया गया। बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम खांन, सदाकत खां, जफर अली खां, साबिर, शराफत हुसैन, जाजिब, बब्लू मियां, शीशपाल, विनोद आदि सभासद व सभासद प्रतिनिधि अनूप सिंह, महावीर, रवि गोला, श्रीराम, इकरार खां, तालिब मलिक, मोहसिन, नाजिम खां, मोहम्मद मिया, सांसद प्रतिनिधि नसीम मियां, एमएलसी प्रतिनिधि मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने किया।

### इमाम जैनुलआबेदीन ने सिखाया जीने का सलीका

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के कलकत्ता मोहल्ला स्थित मुकाबिर उल मोमेनीन में हो रहे अशरा-ए-मजालिस में एक मजलिस को मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि चौथे इमाम जैनुल आबेदीन ने लोगों को जीने का सलीका सिखाया। लेकिन कर्बला में हजरत इमाम हुसैन समेत 72 जांनिसारों की शहादत के बाद यजीद की फौज ने चौथे इमाम के गले में खारदार तौक, हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियों पहनाकर कूफा और शाम के बाजारों में घुमाया। मौलाना ने कहा कि हजरत जैनुल आबेदीन पर यजीद की फौज ने बहुत जुल्म किए। कर्बला में शहादत के बाद चौथे इमाम को कैद कर लिया गया। चौथे इमाम ने कहा कि देख अजान में भी मेरे जद का नाम है। यजीद की कैद से आजाद होने के बाद चौथे रोते रहे और उन्होंने लोगों को बताया कि किस तरह से गुलाम के साथ पेश आना चाहिए। अली हैदर जैदी, हसीन मियां, मुस्तफा हुसैन, शाहिद हुसैन जैदी, नदीम हुसैन, प्रिंस, मंसूर हुसैन, सलीम हैदर जैदी, आरिफ हुसैन मौजूद रहे।

### बेटे के जन्मदिन पर पिता की गई जान

**शाहबाद, अमृत विचार :** बेटे के जन्मदिन पर पिता की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे परिवार को हिलाकर रख दिया है। शाहबाद से दिल्ली जा रही बस की छत पर खड़े होकर काम कर रहे हेल्पर की नीचे गिरकर मौत हो गई। शाहबाद के मोहल्ला जिलेदारान निवासी फरहीन खां (30) बस में हेल्पर का काम करते थे। मंगलवार को युवक बस पर चला गया। बस शाहबाद-बिलारी रोड पर चौकोनी तिराहे के पहुंची तो फरहीन छत पर खड़े होकर कुछ काम करने लगे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से छत से नीचे गिरे। इस दौरान बस के पास होकर गुजर रहा बाइक सवार भी घायल हो गया। दोनों को पास के ही एक डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस दौरान फरहीन खां की मौत हो गई। युवक अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटे को छोड़ गया है। मंगलार को ही उसके बेटे का जन्मदिन था, इससे जन्मदिन की खुशियां मातम में बदल गईं हैं।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, केस दर्ज

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती के साथ चार सालों तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इलाके के एक गांव की युवती का आरोप है कि पड़ोसी गांव निवासी युवक ने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई। आरोपी के परिजनों ने उसका गर्भपात करा दिया। मामला पंचायत में पहुंचा तो युवक और उसके परिजन शादी के लिए राजी हो गए, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। युवती के परिजनों ने युवक के परिजनों को समझाया, फिर भी बात नहीं बन सकी। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर खेमपुर निवासी नदीम, शराफत, अशरफ, फुरकान और हसीना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

### धोखाधड़ी मामले में अभियंता लखनऊ से गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** वर्ष 2019 में सरकारी खजाने का दुरुपयोग करने के मामले में रामपुर पुलिस ने लखनऊ से अभियंता मौद नारायण झा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 8 जून 2019 को सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी और सरकारी धन के दुरुपयोग के मुकदमे में आरोपी लंबे समय से वांछित चल रहा रहा था। रामपुर अपराध शाखा की टीम ने आरोपी को लखनऊ के पुलिस मुख्यालय, सिग्नेचर बिल्डिंग चौराहा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### नवजात की मौत के मामले में झोलाछाप पर केस

**शाहबाद, अमृत विचार :** एक माह पहले सैफनी के एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही और समय से पहले महिला का प्रसव करने की वजह से शाहबाद निवासी सलमान की पत्नी के नवजात की मौत हो गई थी। सलमान के पिता की तहरीर पर सैफनी पुलिस ने झोलाछाप पर केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। उधर स्वास्थ्य विभाग ने भी अस्पताल को सील कर दिया था। विवेचना के क्रम में मंगलवार को एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ हर्षिता सिंह और सैफनी पुलिस नवजात के शव को कब्र से निकालने के लिए कब्रिस्तान पहुंचे। लेकिन परिजनों ने प्रशासन से शव को क्रब से न निकालने की भावुक अपील की। लिखित में देने के बाद शव को कब्र से नहीं निकाला गया।

### जानलेवा हमले के आरोपी को दबोचा

**टांडा, अमृत विचार :** शहर के सैदू का मंझरा में सोमवार को तहेरे भाई अनीस ने चुनावी रंजिश और लेनदेन के मामले में फारुख पर तमंचे से फायर कर घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने मंगलवार दोपहर आरोपी अनीस को घटना में इस्तेमाल तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। घायल फारुख अस्पताल में भर्ती है। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस गांव में निगरानी कर रही है।

## एक नजर

### बहनोई पर लगाया अश्लील हरकत करने का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एक मोहल्ला की महिला ने कोतवाली में तहरीर दी कि वह घरों में बर्तन धोकर 5 बच्चों का पालन-पोषण कर रही है। पति से विवाद के चलते वह किराए के मकान में रहती है। महिला के अकेलेपन का फायदा उठाकर उसका बहनोई कमरे पर आकर अक्सर अश्लील हरकतें करता है। उसके मना करने पर जान से मारने की धमकी देता है। सोमवार की रात 9 बजे बहनोई नशे में आया और जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया।

### गणेश चतुर्थी मेले से पहले बोर्ड बैठक की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सभासद ने गणेश चतुर्थी मेले को लेकर पालिकाध्यक्ष व ईओ को ज्ञापन देकर बोर्ड की बैठक की मांग की।सभासद अनुराग अग्रवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी मेला 25 अगस्त से आरंभ हो रहा है। नगर पालिका द्वारा बोर्ड की बैठक कराना आवश्यक है ताकि मेले में क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं इस पर विचार हो सके। रथयात्रा के दौरान नाले के आसपास बैरिकेटिंग कराना भी जरूरी है। रथयात्रा मार्ग पर ढीले विद्युत तारों को ऊंचा कराया जाए जिससे झांकियां निकलने में परेशानी न हो।

### सिरसी में कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

**सिरसी,अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास व अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी के निर्देशन में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। सिरसी के सारे ही वार्डो में यह एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। जिससे नगर वासियों को मच्छरों से निजात मिल सके।

### घोड़े ने किशोर को किया गंभीर घायल

**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** ओबरी गांव निवासी मोहम्मद अनीस का पुत्र समीर सोमवार की शाम घर जा रहा था। रास्ते में एक घोड़े ने उसे लात मारकर जख्मी कर दिया। परिजनों ने डायल 112 को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई। घोड़ा पालकों द्वारा घायल किशोर का इलाज कराने की सहमति के बाद विवाद का निपटारा हो गया।

# जल्द पैसा कमाने के लिए बनाती थीं अश्लील वीडियो

## पुलिस की गिरफ्त में भी महक और परी ने दिखाए सेलिब्रिटी जैसे तेवर, एसपी ने दी कड़ी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

पुलिस गिरफ्त में महक,परी व उनके साथी। जानकारी देते एसपी केके विश्नोई।

**अमृत विचार:** पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद अच्छे-अच्छों के तेवर ढीले हो जाते हैं,लेकिन सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो बनाकर अपलोड करने के मामले में गिरफ्तार महक, परी पुलिस हिरासत में भी इस तरह नजर आ रही थीं जैसे यह सब भी उनके किसी वीडियो की शूटिंग का हिस्सा हो। दोनों ने बताया कि जल्द ज्यादा पैसा कमाने की चाहत और लोकप्रियता पाने के लिए वह इस तरह के वीडियो अपलोड करती थीं। पुलिस ने चेतावनी दी कि फिर से भद्दा वीडियो सोशल मीडिया पर डाला तो बेहद सख्त कार्रवाई होगी।

सोशल मीडिया पर खुद को महक और परी बताकर गाली गलौज और अश्लीलता वाले वीडियो अपलोड करने वाली दो युवतियों की चर्चा पिछले कई माह से थी। लोग कहते थे कि भला इन युवतियों को किसने इतनी छूट दे दी जो कि यह सारी हदें पार कर रही हैं। पुलिस तक शिकायतें पहुंचीं तो पता लगा कि महक, परी असमोली थाने के शहबाजपुर कला गांव की रहने वाली हैं। असमोली थाने के दरोगा मोहित चौधरी ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार देर रात महक,परी के साथ ही उनके साथी हिना व जर्जार आलम को गिरफ्तार कर लिया गया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मीडिया के सामने पूरे प्रकरण का खुलासा किया। बताया कि सोशल मीडिया पर गाली गलौज व अश्लीलता वाले वीडियो अपलोड करने वाली कि मेहरुल निशा उर्फ परी व महक पुत्री सरफराज शहबाजपुर कला थाना असमोली की रहने वाली हैं जबकि हिना पुत्री कल्लू मोहम्मद इकबाल जोया व जर्रार आलम पुत्र हमीद भावलपुर माफी थाना डिडौली के रहने वाले हैं। महक और परी जल्द ज्यादा पैसा कमाने की चाहत में सोशल मीडिया पर गाली गलौज तथा अश्लील वीडियो अपलोड करती थीं।

### महीने में 25 से 30 हजार कमाते थे

एसपी ने बताया कि महक,परी व इनके साथियों की हर माह 25 से 30 हजार रुपए कमाई होती थी। कमाई और बढ़ाने के लिए वे लगातार अश्लील कंटेंट वाले वीडियो को ज्यादा लोगों ने देखा तो इन दोनों को लगा कि इसी तरह ज्यादा पैसा भी कमाया जा सकता है और जल्द स्टार भी बना जा सकता है। फिर इन पर ऐसा भूत सवार हुआ कि लगातार अर्मयादित वीडियो अपलोड करती रहीं। एसपी ने बताया कि चारों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### नहीं बदले महक परी के तेवर

असमोली पुलिस महक, परी, हिना व उसके साथी जर्रार आलम को लेकर पुलिस अधीक्षक दफ्तर पर पहुंची तो मीडिया कर्मी उनके वीडियो व फोटो में जुट गए। आमतौर पर कैमरे देख इस तरह के आरोपी चेहरा छिपाते हैं लेकिन महक,परी इस तरह मीडिया का सामना कर रही थीं जैसे उनका वीडियो का शूट हो रहा हो। उनके चेहरे पर कोई अफसोस नहीं था। वे सेलिब्रिटी की तरह फोटो खिंचवाते नजर आईं।

### एसपी ने कहा, अब न बनाएं ऐसे वीडियो

पुलिस अधीक्षक दफ्तर पर असमोली पुलिस महक व परी तथा उनके साथियों को लेकर पहुंची तो एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने उनके चेहरे पर कोई अफसोस नहीं देखा। उन्होंने महक,परी को चेतावनी दी कि अब अश्लील या गाली गलौज वाली वीडियो अपलोड की तो उनके खिलाफ इससे भी ज्यादा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए आगे से ऐसा न हो।

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

चन्दौसी, अमृत विचार : वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति की पदाधिकारियों ने रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि पृथ्वी पर वृक्षों की कमी हो जाएगी तो पर्यावरण अशुद्ध हो जाएगा। जिससे बेमौसम गर्मी व बारिश जैसे प्रकोप झेलने पड़ेंगे। पेड़-पौधे वायु की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाते हैं। महिला पदाधिकारियों ने प्लास्टिक पालीथिन का बहिष्कार कर नगर पालिका के सहयोग से कपड़े के बने थैलों का वितरण किया गया। इस दौरान बृजबाला वार्ष्णेय, कल्पना वार्ष्णेय, नैना, पूनम, रीतू, गीता, संध्या, रेनू, नमिता, सुषमा, बीना, रजनी, रेखा, बविता, अंजलि, रंजना, हेमलता, रुचिका, उमा आदि मौजूद रहीं।

### कांवड़ लेने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**असमोली, अमृत विचार :** गुमसानी गांव का रहने वाला छोटे गांव के अन्य युवकों के साथ बाइक पर सवार होकर डाक कांवड़ लेने के लिए बृजघाट जा रहा था। रविवार की रात जनपद अमरोहा के कोतवाली डिडौली क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए छोटे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान छोटे की मौत हो गई। हादसे में छोटे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। छोटे की पत्नी मीरा और 4 वर्षीय पुत्र शौर्य सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सर्पदंश से बालिका की मौत

**चन्दौसी,अमृत विचार :** काजल पाराशरी (9) पुत्री तेजपाल अपने नाना रामवीर पाठक के घर गणेश कॉलोनी में रहती थी। काजल के पिता तेजपाल व मां प्रीति हिमाचल प्रदेश में काम करते हैं। वह मूलरूप से जनपद बदायूं के थाना उघैती के गांव जमनीनगर में रहते हैं। काजल अक्रूरजी कन्या पाठशाला में कक्षा 2 की छात्रा थी। वह मंगलवार की सुबह 6 बजे अपने मामा के पास पलंग पर सोई थी। तभी एक सांप ने बालिका को डंस लिया। बालिका की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और सांप को मार दिया। इसके बाद बालिका को लेकर सीएचसी आए यहां चिकित्सक ने बालिका को मृत घोषित कर दिया।

### रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य देखने पहुंचे डिप्टी चीफ इंजीनियर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे कायाकल्प के तहत कार्यों का मंगलवार को डिप्टी चीफ इंजीनियर गतिशक्ति मुरादाबाद ने निरीक्षण किया। कंपनी के ठेकेदार से रेलवे स्टेशन हो रहे अमृत योजना के तहत सौंदर्यीकरण की जानकारी ली। साथ ही कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने फुट ओवरब्रिज, संयुक्त प्रतीक्षालाय, शौचालय, स्टेशन के आगे चल रहे विकास कार्य व सौंदर्यीकरण व प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 के उच्चीकरण को देखा। उन्होंने विकास कार्य करा रहे कंपनी ठेकेदार को शीघ्र ही कार्य खत्म करने की बात कही। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करने की बात कही। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक राजू कुमार व अन्य रेलवे स्टाफ मौजूद रहा।

### छात्र-छात्राओं को किये गये पौधे वितरित

**बहजोई,अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्वयंसेवियों के लिए पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण रोकने को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया पौधे लगाने का आह्वान किया गया। कहा गया कि एक पौधा मां के नाम अपने घर पर अवश्य लगाएं। प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि यह पौधे अब आपके पारिवारिक सदस्य के जैसे हैं। इनका ध्यान रखना, इनको समय से पानी आदि देना नैतिक दायित्व है। नोडल अधिकारी नेमपाल सिंह, संजय कुमार, डॉ. बलवीर सिंह, गौरव वार्ष्णेय, गीता रानी, दीप्ति रानी, प्रीति शर्मा, पूजा रानी, मेघा मल्होत्रा, रामतीरथ, भुवनेश कुमार, हीरालाल, बृजेश व तेजपाल आदि मौजूद रहे।

### मतदाता सूची का प्रकाशन, 150 नए वोटर शामिल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव की घोषणा हो चुकी है। मंगलवार की सुबह 11 बजे जिला न्यायालय स्थित बार रूम के बाहर वोटर लिस्ट चस्पा कर दी गई। बुधवार व गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जिला न्यायालय के बार रूम में चन्दौसी बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार की सुबह 11 बजे बार रूम के बाहर मतदाता सूची चस्पा कर दी गई जिसमें 150 नए वोट बनाए गए, जबकि 722 पुराने वोट हैं, कुल मिलाकर कुल 872 वोटर हैं। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार व गुरुवार को नामांकन होगा।शुक्रवार को नाम वापसी दोपहर 2 बजे तक होगी। इसके बाद शाम 3 से 4 बजे तक प्रत्याशियों की सूची बार रूम के बाहर चस्पा कर दी जाएगी। 24 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके तुरंत बाद मतगणना कर विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी।

### ट्रस्ट का धरना 20 वें दिन भी जारी

**बहजोई,अमृत विचार :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर की मेले की भूमि पर हो रहे सत्संग भवन निर्माण तथा सौंदर्यीकरण के कार्य के विरोध में ट्रस्ट के पदाधिकारियों का धरना 20 वें दिन भी जारी रहा। अरुण गोस्वामी, राजू शर्मा, सुमित कुमार, हिमांशु वार्ष्णेय, कन्हैयालाल वार्ष्णेय, शंकर लाल शर्मा क्रांतिवीर, गौरव कांत शर्मा, मनोज बजाज आदि मौजूद रहे।

### जीआरपी ने चाकू के साथ युवक को पकड़ा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीआरपी ने चाकू के साथ युवक को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से गिरफ्तार किया है। जीआरपी ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। मंगलवार की सुबह जीआरपी जवान रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। जब जीआरपी जवान प्लेटफार्म नंबर 1 के अंत में पहुंचे तो संदिग्धावस्था में युवक खड़ा नजर आया जो जीआरपी जवानों को देख तेज-तेज कदमों से चलने लगा। जीआरपी ने दौड़कर पकड़ लिया और थाने ले आए। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद किया। युवक ने पूछताछ में अपना नाम समीर पुत्र मोबिन हसन निवासी मोहल्ला साहूकारा, पूरनपुर, जिला पीलीभीत बताया। जीआरपी ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# पेंशन बढ़ाने व मुफ्त बिजली के लिए दिव्यांगों ने किया प्रदर्शन

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते दिव्यांग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विकलांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के तत्वाधान में दिव्यांगों ने पेंशन बढ़ाने व मुफ्त बिजली सहित विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

मंगलवार को फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम के आह्वान पर दिव्यांग उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। कहा कि दिव्यांगजनों की पेंशन में बढ़ोतरी की जाये। बिजली फ्री करने की मांग भी रखी गई। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम विकास चंद्र को सौंपा। कहा आयुष्मान कार्ड की राशि दस लाख की जाये। ट्रेन में आरक्षण की छूट बढ़ाकर 100 प्रतिशत किया जाये। ई रिक्शा चालक दिव्यांग व्यक्ति को पुराने बिना नंबर के ई रिक्शा चलाने की अनुमति प्रदान की जाये। मांगें पूरी न की गईं तो चुनाव मैदान में उतरकर आवाज उठायेगा।

# मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

संवाददाता, बबराला

मृतकों के घर श्रद्धांजलि देने पहुंचा सपा नेताओं का प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

● गांव हरगोविंदपुर पहुंचा सपा नेताओं का प्रतिनिधि मंडल

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में दूल्हे सहित 8 लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को समाजवादी पार्टी का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गांव हरगोविंदपुर पहुंचा। मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पहुंचे 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में बदायूं के सांसद आदित्य यादव, राज्यसभा सांसद जावेद अली, विधायक इकबाल महमूद, विधायक पिंकी यादव, विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव, पूर्व मंत्री प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, महासचिव कृष्णमुरारी, लड्डन मियां व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव शामिल रहे। संभल के सांसद जियाउर्रहमान वर्क नहीं आए। सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से हादसे की जानकारी ली। उन्हें पार्टी की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। सपा नेता अमित यादव ने बताया कि हादसे की विस्तृत रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपी जाएगी ताकि पीड़ितों को समुचित सहायता दिलाई जा सके। बीते दिनों हुए इस भयावह सड़क हादसे में दूल्हा सूरज समेत आठ लोगों की जान चली गई थी। समाजवादी पार्टी ने इस हादसे को बड़ी मानवीय त्रासदी बताते हुए पार्टी का दल मृतकों के घर भेजने का निर्णय लिया था।

# हरियाणा में वाल्मीकि युवक की मौत,किया विरोध प्रदर्शन

जुलूस निकालकर नारेबाजी करते जनक्रांति संगठन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल

● जनक्रांति संगठन ने हरियाणा पुलिस को बताया युवक की मौत का जिम्मेदार

**अमृत विचार:** हरियाणा के हिसार में गणेश वाल्मीकि नाम के युवक की मौत को लेकर जनक्रांति संगठन के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर विरोध किया। दोषी पुलिस कर्मियों को बर्खास्त कर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।

मंगलवार को संगठन के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। गणेश वाल्मीकि के परिवार को न्याय देने की मांग उठाई। कहा गया कि गणेश की हत्या के लिए हरियाणा पुलिस जिम्मेदार है इसलिए दोषी पुलिस कर्मियों को बर्खास्त कर उनके खिलाफ हत्या कर मुकदमा दर्ज किया जाये। पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी विकास चंद्र को सौंपा। अमरजीत सिंह, अनुज राजोरिया, आयुष भंडारी, सुमित, आकाश, रोहित, देपेश, अनूप मुकुल, विनीत, मनोज, विकास आदि मौजूद रहे।

# एक से ले लिए 11 लाख एडवांस दूसरे को कर दिया बैनामा

**संभल/सौंधन, अमृत विचार:** ग्रामीण ने 17 बीघा जमीन के एडवांस 11 लाख लेने के बाद बैनामा दूसरे व्यक्ति को कर दिया। कैला देवी थाना पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खिरनी निवासी शिवनरायन ने हयातनगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर धतरा गांव निवासी चेतन से 17 बीघा कृषि भूमि खरीदने का सौदा किया था। शिवनरायन ने बयाने में एक लाख पांच हजार रुपए नगद तथा दस लख का चेक दिया। इसी दौरान चेतन ने वाजिदपुर सराय निवासी ग्रामीण को उसी भूमि का बैनामा करा दिया। शिवनरायन ने बयाने के रूप में दिये गये रुपए मांगे तो चेतन तथा उसकी पत्नी रेनू ने उसके साथ गाली गलौज तथा मारपीट की।शिकायत पीड़ित ने कैला देवी थाना पुलिस से की मगर पुलिस द्वारा शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। एसपी के आदेश पर कैला देवी पुलिस ने रसूलपुर धतरा निवासी चेतन व उसकी पत्नी रेनू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला के साथ पकड़े युवक को बांधकर पीटा

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

● पुलिस ने युवक को छुड़ाकर अस्पताल में कराया भर्ती

● महिला के पति को लिया गया हिरासत में

**अमृत विचार:** दूसरे समुदाय की महिला के साथ रंगरेलियां मनाने पहुंचे युवक को महिला के पति ने पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने निर्वस्त्र युवक के हाथ पैर बांध कर उसकी जमकर पिटाई की। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लिया है।

असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गांव में ही दूसरे समुदाय की दो बच्चों की मां से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला का पति मुरादाबाद में एक फर्म में गार्ड है। वह रोजाना रात में ड्यूटी करने चला जाता था तो घर में महिला अपने दो बच्चों के साथ अकेली रहती थी।

ऐसी स्थिति में प्रेमी युवक अक्सर रात को महिला के पास पहुंच जाता था। सोमवार की रात करीब 12 बजे भी युवक महिला से मिलने उसके घर पहुंच गया। उस समय घर पर महिला का पति था। युवक महिला के साथ कमरे में था इसी दौरान पति को उसके आने की भनक लग गई। महिला के पति ने कमरे का दरवाजा बंद कर इसकी जानकारी अन्य परिजनों को दी तो परिजन भी पहुंच गए। इसके बाद युवक को कमरे से बाहर निकालकर उसके हाथ पैर बांध कर करीब एक घंटा तक लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। युवक के चीखने चिल्लाने पर अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। महिला के परिजनों ने फ़ोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस गंभीर रूप से घायल युवक और महिला के पति को थाने ले गई। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सोलर प्लांट का गलत बिल देने पर रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार:** सोलर प्लांट के 2-2 बिल देकर अधिक जीएसटी वसूलने के आरोपी पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

ब्रह्म बाजार निवासी ललित कुमार ने बताया कि उसने 10 किलोवाट का सोलर प्लांट शिवांगी ट्रेडर्स के स्वामी अंशुल गोयल से लगवाया। इसके लिए 5 लाख 60 हजार रुपये का अगस्त 2024 में एडवांस चेक दिया था। सोलर इन्वर्टर एक महीने में 3 बार खराब हो गया। तय हुआ था कि सर्विस तत्काल मिलेगी, मगर ऐसा नहीं हुआ। नवंबर 2024 में फर्जी बिल दिया गया। असली बिल जनवरी 2025 में उपलब्ध कराया गया। दोनों बिलों में काफी अंतर था और जीएसटी भी अलग-अलग अंकित है। उसने अंशुल पर कूटनीति रचना के तहत फर्जी बिल काटने व उपलब्ध कराने, टैक्स चोरी करने तथा 2-2 बार इन्वर्टर के पैसे लेकर का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# राशन दुकानों को लेकर दी चेतावनी

संवाददाता,बहजोई

● डीएम ने खाद्य सुरक्षा, राशन दुकान, मंडी समिति के कार्यों की समीक्षा की

● किसी भी अधिकारी के स्तर पर 7 दिन से ज्यादा लंबित न रहे पत्रावली

अधिकारियों के साथ राशन दुकानों को लेकर समीक्षा करते डीएम राजेंद्र पैंसिया।

**अमृत विचार:** डीएम ने अधिकारियों के साथ खाद्य सुरक्षा, रिक्त राशन की दुकान, विपणन व मंडी समिति के कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने दो माह से रिक्त दुकान को लेकर कार्रवाई की चेतावनी दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने रिक्त लंबित राशन की दुकानों को लेकर विकासखंड बार चर्चा की। डीएम ने कहा कि दुकान को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। लंबित दुकानों को लेकर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। परियोजना निदेशक को निर्देश दिए की जिस स्तर पर लंबित दुकानों की पत्रावली है उन्हें चेतावनी दी जाए। किसी भी दुकान की पत्रावली 7 दिन से अधिक किसी भी अधिकारी स्तर पर लंबित रहती है तो जिला पूर्ति अधिकारी एडीएम के साथ बैठक कर समीक्षा करें। मृतक आश्रित दुकानों का आवंटन जल्द किया जाए।

जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्डों के सत्यापन के बारे में डीएम को जानकारी दी। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत से राशन कार्ड बनाने के लिए जो प्रस्ताव आए हैं उन प्रस्ताव का गहनता से अवलोकन किया जाए। पात्रता की पुनः जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जाए। मॉडल शॉप को लेकर डीएम ने कहा कि जो मॉडल शॉप बन रही हैं उनको यथाशीघ्र गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य करते हुए हैंड ओवर की कार्रवाई की जाए। जिला खाद्य विपिन अधिकारी ने दुकानों के संकरे रास्ते के विषय में जानकारी दी। डीएम ने शासनादेश के अनुसार स्थान परिवर्तन की बात कही।

एडीएम प्रदीप वर्मा, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीडीओ रामाशीष, डीएसओ शिवि गर्ग सहित जनपद के पूर्ति निरीक्षक सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बेटों की तरह बेटियों को शिक्षित करने का संकल्प लें

**बहजोई, अमृत विचार:** कश्यप समाज की बैठक में समाज को एकजुट होकर मजबूत करने का आह्वान किया गया।

बैठक में सामाजिक कुरीतियों से शराब व जुआ जैसी कुरीतियों से दूर रहकर उसमें पैसा बर्बाद न कर अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए काम करने का निर्णय लिया । सभासद टिंकू कश्यप ने कहा कि हमें कुरीतियों से दूर रहकर बच्चों को शिक्षित कर उनका भविष्य बनाना चाहिए। बेटियों को भी बेटों की तरह शिक्षा दिलानी चाहिए। पूर्व सभासद प्रेमशंकर कश्यप ने कहा कि समाज को एकजुट होकर आपसी मतभेद बुलाकर मजबूत करना चाहिए। रोहित कश्यप, प्रेम शंकर कश्यप, राम प्रकाश मुनीम जी, कपिल दीवाना, अमित कुमार कश्यप, नरेश कश्यप, गोपाल कश्यप, राकेश कश्यप, महेश कश्यप, कल्लू कश्यप आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म मामले में 2 दोषियों को 20-20 साल कारावास

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

न्यायालय के बाहर आते दुष्कर्म के दोषी।

● अपर जिला सत्र/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की न्यायालय ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** दुष्कर्म के मामले में दो दोषियों को 20-20 वर्ष का कारावास व 22-22 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने बताया कि थाना रजपुरा क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने तहरीर दी कि 17 सितंबर 2017 की रात वह घर पर अकेली थी। पति बाहर रहते हैं। ओमपाल व सत्यपाल घर में घुस आए। दोनों आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और बंधक बनाकर दुष्कर्म किया, जाते समय आरोपी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद होने पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने विवेचना के उपरांत चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त वाद की सुनवाई अपर जिला सत्र/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों को 20-20 वर्ष का कारावास व 22-22 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।।

ज्ञान विनम्रता प्रदान करता है, विनम्रता से योग्यता आती है और योग्यता से धन प्राप्त होता है, जिससे व्यक्ति धर्म के कार्य करता है और सुखी रहता है।

## संपादकीय

# नवाचार का केंद्र

दुनिया आज जब आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, भारत मजबूत और स्थिर नेतृत्व के साथ वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह यात्रा आसान नहीं थी, परंतु 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत, आकांक्षा और आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। भारत एक दशक पहले कई आर्थिक चुनौतियों और नीतिगत जटिलताओं से जूझ रहा था। केवल एक दशक में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़कर 2023 में पांचवां स्थान प्राप्त किया और 2025 में जापान को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर आ गया। आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक ने भी इस उपलब्धि की पुष्टि की। 2025 में आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 ट्रिलियन डालर तक पहुंच गया है और भारत ने जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ दिया है। इस प्रगति की नींव में कई संरचनात्मक सुधार रहे मेक इन इंडिया ने निवेशकों का विश्वास लौटाया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत की रैंकिंग 142 से घटकर 63 पर पहुंची। 2015 में शुरू की गई डिजिटल इंडिया मुहिम ने भारत को डिजिटल नवाचार का केंद्र बना दिया। जनधन, आधार और डीबीटी जैसे मिशनों ने करोड़ों लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ा और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई। 2023-24 में भारत का कुल निर्यात 824.9 अरब डॉलर तक पहुंचा-जो आईटी, फार्मा, रत्न-आभूषण, कृषि और इंजीनियरिंग क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन का परिणाम है।

भारत अब 'दुनिया की फार्मेसी' और एक ग्लोबल टेक पावर हाउस के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 2024 तक 53.13 करोड़ से अधिक बैंक खाते, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई। यह दिखाता है कि भारत का आर्थिक विकास समावेशिता पर आधारित है। आज भारत को पूरी दुनिया स्थिरता, नवाचार और अवसरों के केंद्र के रूप में देख रही है। वैश्विक विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर यह रफ्तार बरकरार रही तो भारत 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत की यह उपलब्धि सिर्फ एक आर्थिक सफलता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के सामूहिक प्रयासों, आकांक्षाओं और आत्मबल की जीत है।

# अब नौकरी ही नहीं बिजनेस भी करेगा बिहार

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया।

अभी कुछ समय पहले मुंबई से पटना की फ्लाइट में साथ की सीट में एक नौजवान लैपटॉप पर काम कर रहा था। फिर हमारी बातचीत होने लगी। उसने बताया कि वो शेयर मार्केट एक्सपर्ट है और पटना से अपना दफ्तर चलाता है। उसके स्टाफ में आठ लोग हैं। उसका काम के सिलसिले में मुंबई आना-जाना लगा रहता है। उसने यह भी कहा कि एक दौर में वो और उसके बहुत सारे दोस्त सरकारी नौकरी करना चाहते थे। पर फिर लगा कि अब कुछ अपना करना चाहिए। कारण था सरकारी नौकरियां घट रही हैं और उन्हें पाना भी आसान नहीं है। दरअसल ये बिहार में बड़े स्तर पर हो रहा है। बिहारी नौजवान अब अपना कारोबार शुरू करने के बारे में सोचने लगे और उस दिशा में बढ़ रहे हैं। वे कारोबारी दुनिया में बेहतर कमा रहे हैं।

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया। यह निवेश नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में होगा। इससे पहले 2023 में आयोजित पहले निवेशक सम्मेलन में बिहार में 50,300 करोड़ रुपये के निवेश का वादा मिला था।

सन पेट्रोकेमिकल्स 36,700 करोड़ रुपये ऊर्जा परियोजनाओं, जैसे पंप हाइड्रो और सौर संयंत्रों में निवेश करेगी। अडानी समूह, जो राज्य में सबसे बड़ा निजी निवेशक है, ने लगभग 28,000 करोड़ रुपये निवेश करने का वादा किया है। यह निवेश एक अत्याधुनिक थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने, सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स व्यवसायों के विस्तार में किया जाएगा।



बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है।

यकीन मानिए, बिहार अब आर्थिक पुनर्जागरण की मिसाल बनता जा रहा है। हाल ही में पटना में आयोजित एक विशेष औद्योगिक संवाद में देश की 55 आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने हिस्सा लिया। ये कंपनियां राज्य में निवेश की संभावनाएं टटोल रही थीं। ड्रोन, डेटा सेंटर, सोलर उपकरण, लैपटॉप निर्माण और सॉफ्टवेयर सेवाओं से जुड़ी कंपनियों ने जिस उत्साह से बिहार की नई नीतियों की सराहना की, वह बताता है कि राज्य अब 'लालटेन' से 'लैपटॉप' की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के लिए 70 प्रतिशत तक प्रोत्साहन राशि देने की नीति, सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था और निवेशकों के साथ संवाद की तत्परता ने उद्योग जगत को आकर्षित किया है। इस बार बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि ज़मीन पर भी दिखने लगा है। बिहार में आर्थिक चेतना का एक नया अध्याय निवेशकों की भागीदारी से भी खुल रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच वर्षों में बिहार में शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोगों की संख्या 0.7 लाख से बढ़कर 52 लाख हो गई है। यह 68 गुना की वृद्धि न केवल देश में सबसे अधिक है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब राज्य की जनता आर्थिक निर्णयों को लेकर अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर होती जा रही है। यही नहीं, म्यूचुअल फंड में बिहार के निवेशक 89 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी योजनाओं में लगा रहे हैं, जो यह संकेत देता है कि उन्हें बाजार की चाल और लाभ-हानि की समझ अब बेहतर हो चुकी है।

बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है। विश्व विख्यात आई सर्जन और दिल्ली एम्स के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के पूर्व डायरेक्टर डॉ. राजवर्धन आजाद कहते हैं कि दरअसल मीडिया में कुछ लोग बिहार को लेकर नकारात्मक खबरें पेश करना अपना धर्म समझते हैं। इससे राज्य की सही तस्वीर सामने ही नहीं आ पाती। इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है। बिहार में शिक्षा और सेहत के क्षेत्र में लगातार बेहतर काम हो रहा है। अब उद्योग जगत को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। देखिए इस बदलाव के कई आयाम हैं। एक तो यह कि अब सरकारी नौकरी को ही एकमात्र विकल्प मानने की मानसिकता में कमी आई है। दूसरा, यह कि डिजिटलीकरण और मोबाइल एप आधारित वित्तीय सेवाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बना ली है। जेरौडा, ग्रो और अपस्टाक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने न केवल जानकारी को सहज बनाया है, बल्कि निवेश को भी सरल बना दिया है। आज समस्तीपुर का एक छोटा कारोबारी और दरभंगा की एक गृहिणी म्यूचुअल फंड में निवेश कर रही है। यह बदलाव छोटे दिख सकते हैं, लेकिन जब इन्हें करोड़ों लोगों की आदत में शुमार कर लिया जाए, तो इसका प्रभाव देश की पूरी आर्थिक संरचना पर पड़ता है। बिहार के इस बदलाव का संबंध शिक्षा और सूचना तक पहुंच से भी है। बीते एक दशक में राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने ग्रामीण युवाओं को वैश्विक दुनिया से जोड़ा है। सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है। अब वित्तीय निर्णय केवल विशेषज्ञों का क्षेत्र नहीं रहा। आम जनता भी शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बीमा और टैक्स प्लानिंग जैसी चीजों में रुचि ले रही है। यह समझना भी जरूरी है कि भारत की आर्थिक उन्नति केवल जीडीपी के आंकड़ों या बाजार सूचकांकों से नहीं मापी जा सकती। यह बदलाव तब स्थायी और प्रभावी होगा, जब देश के सभी हिस्से इस विकास में समान भागीदार बनें। बिहार जैसे राज्य, जिनकी दशकों तक विकास दर कम रही, यदि तेजी से ऊपर उठते हैं तो यह भारत के लिए सामाजिक संतुलन और क्षेत्रीय न्याय का संकेत भी होगा।

यह जरूरी है कि नीति निर्धारण में बिहार जैसे राज्यों को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि साझेदार के रूप में देखा जाए। उनकी समस्याएं, संरचनात्मक बाधाएं, कौशल विकास की जरूरतें, और औद्योगिक आधारभूत ढांचे की कमी को दूर करने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करें।

## व्यंग्य

# अथश्री पौधारोपण कथा

आषाढ़ सावन की रिमझिम फुहारों के बीच प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधारोपण उत्सव मनाया गया। स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक क्षेत्र के पार्क में पौधारोपण की औपचारिकता निभाई गई। धरती की छाती चीरकर करोड़ों की संख्या में पौधे रोपित किए गए। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गंभीर विचार गोष्ठियां हुई। कुछ राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने अपने चहेते मंत्रियों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को पौधारोपण हेतु आमंत्रित किया। फोटो सेशन भी हुए। एक एक पौधे को अनेक समाजसेवियों ने धरती माता को सौंपा। धरती माता को पौधा समर्पित करते हुए पौधे के संरक्षण एवं संवर्धन का दायित्व निभाने की गुहार लगाई गई। पौधा एक, पौधे को रोपने वाले अनेक की तर्ज पर पौधा रोपने का अभिनय किया। कुछ सामाजिक संस्थाओं के कर्णधारों ने अति उत्साह दिखाया, पुष्पित पल्लवित पुराने पौधे के पास बैठकर हो फोटो खिचवाया। ऐसे में उस माली को फोटो सेशन स्थल से दूर ही रखा गया, जिसने वास्तव में पौधा रोपित किया था। मौलिकता यहां भी कृत्रिम प्रपंचों से सम्मुख हार गई। बहरहाल एक दिन में करोड़ों पौधे रोपने का कीर्तिमान स्थापित किया गया। समाचार पत्रों में ई मीडिया और सोशल मीडिया पर पौधारोपण से जुड़े अनेक फोटो प्रसारित किए गए। वन विभाग को यह दायित्व सौंपा गया था, कि वह डिमांड के अनुरूप सप्लाई करे, पौधों का लेखा जोखा सही से रखे, आंकड़ों में कोई त्रुटि न हो। वन विभाग ने ऐसा ही किया। अपने महाविद्यालय में इसी क्रम में सैकड़ों की संख्या में पौधे मंगाए गए, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्हीं के हाथों में पौधारोपण की व्यवस्था सौंपी गई, जिन्हें पौधारोपण का विशेषज्ञ माना जाता है। महाविद्यालय के समूचे स्टाफ ने बढ़ चढ़ कर पौधारोपण समारोह में भाग लिया।

किसी ने एक पेड़ मां के नाम पर रोपित किया, किसी ने बेटे के नाम पर, यानि जाकी रही भावना जैसी, उसने रोपी पौध ही वैसी। विगत बीस बरस से ऐसा ही हो रहा है। सैकड़ों पौधे रोपे जाते हैं, एक दिन माली से उन पर पानी का छिड़काव कराया जाता है। फिर तीसरे दिन पौधे को सींचने की प्रक्रिया की जाती है, तदुपरांत सप्ताह में एक बार पौधे पर पानी का छिड़काव होता है और महीना होते-होते पौधे की तरफ से मुंह मोड़ लिया जाता है। पौधा यदि बेशर्म हुआ तो बिना उचित सिचाई के भी खड़ा रहेगा अन्यथा संरक्षण के अभाव में अवसाद में चला जायेगा, अपनी सुध बुध खोकर आत्महत्या करने हेतु विवश हो जाएगा।

बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से।

सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से। केवल पौधारोपण में अपने फोटो सेशन से सरोकार होता है। फोटो खिचवाया और सोशल मीडिया पर चस्पा कर दिया। पौधारोपण के लिए आवंटित की गई धनराशि को पौधारोपण में कम और उदरपूर्ति में अधिक खर्च करके समारोह की औचारिकता पूरी कर ली।

बहरहाल सरकारी विभाग इसी कार्यप्रणाली से ही गतिशील रहते हैं। कुछ पौधे धरती पर रोपित करते हैं और कुछ कागजों पर। हर वर्ष यही कथा दोहराई जाती है और कीर्तिमान स्थापित करने के प्रमाणपत्र बांट दिए जाते हैं।

# संदिग्ध विश्वविद्यालयों की फर्जी शिक्षा

पिछले दिनों स्पेशल टास्क फोर्स ने हापुड़ की मोनाड यूनिवर्सिटी में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान 1372 फर्जी डिग्रियां, 262 प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद हुईं। जांच में पता चला कि यह गिरोह बीए, बीएड, बीए-एलएलबी, फार्मेसी, बीटेक जैसे कोर्स की फर्जी डिग्रियां बनाकर बेचता था। प्रति छात्र 50,000 से चार लाख तक वसूले जाते थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं।

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर ऐसे विश्वविद्यालयों पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल ऐसे मामलो में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बंद क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। जानकारी होते हुए भी ऐसे विश्वविद्यालयों को कार्य करते देना और उनके संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करना तो और भी बड़ा अपराध है।

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है।

यह विडंबना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी लेकिन नब्बे के दशक में व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौपने का काम किया गया।

इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गंभीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके।

## सोशल फोरम

# वोटर नहीं, नागरिकता प्रमाणित

क्या बिहार में है वोटबंदी की तैयारी? चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई मतदाता सूची की 'विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया' को लेकर बड़े दावे किए जा रहे हैं-जैसे यह एक सामान्य प्रक्रिया है, सबके लिए समान है, और इससे लोकतंत्र मज़बूत होगा। लेकिन हक़ीक़त कुछ और ही कहती है। इस बार पहली बार ऐसा हो रहा है कि पुरानी मतदाता सूची को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है और नागरिकों से नए सिरे से अपना वोटिंग अधिकार साबित करने को कहा जा रहा है-वह भी उन दस्तावेज़ों के आधार पर जो बिहार की लगभग आधी जनता के पास हैं ही नहीं। जनवरी 2025 में ही एक संशोधित सूची प्रकाशित हुई थी। अगर कुछ त्रुटियां थीं तो सामान्य पुनरीक्षण से उन्हें ठीक किया जा सकता था। लेकिन अब सिर्फ एक महीने में सभी से नए फॉर्म, फ़ोटो, हस्ताक्षर और जन्म व नागरिकता प्रमाणपत्र मांगे जा रहे हैं। आयोग ने जिन 11 प्रमाणपत्रों की सूची जारी की है, उनमें से आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी मान्य नहीं हैं-मतलब, जो आम लोगों के पास हैं, वो इस प्रक्रिया में बेकार हैं। इसका सबसे बड़ा असर पड़ेगा दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, ग़रीबों और प्रवासी मज़दूरों पर-यानी उन पर जिनका वोट पहले भी कमज़ोर माना जाता रहा है। शिक्षित, शहरी और सुविधा संपन्न नागरिक शायद किसी तरह ये काग़ज़ इकट्ठा कर लेंगे, पर क्या एक ग्रामीण महिला, जिसने कभी स्कूल नहीं देखा, या एक मज़दूर जो गांव छोड़कर बाहर कमाने गया है-वो अपनी नागरिकता साबित कर पाएगा? यह तर्क कि यह सब घुसपैठियों को हटाने के लिए है, तथ्य से परे है। अगर बिहार में कोई विदेशी नागरिक हैं भी, तो वे बहुसंख्यक में नहीं हैं। इसके नाम पर ढाई करोड़ भारतीय नागरिकों के वोट कट जाने की आशंका को कैसे नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? यह मामला सिर्फ़ वोटर लिस्ट का नहीं है। यह उस एकमात्र अधिकार का सवाल है, जो हर नागरिक को बिना भेदभाव मिला है, वोट देने का अधिकार। क्या हम एक लोकतंत्र में नागरिक हैं या बार-बार अपने ही देश में अपनी नागरिकता साबित करने वाले अनुनयकर्ता? अब सवाल सिर्फ़ यह नहीं है कि आपका नाम सूची में है या नहीं- सवाल यह है कि कहीं यह प्रक्रिया आपके मौलिक अधिकार को ही तो नहीं काट रही?

राजगोपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ लेखक, आगरा

**- फेसबुक वॉल से**

# कभी-कभी अच्छी नीतियों में भी झोल निकल आता है...

मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन को आज तक का सर्वश्रेष्ठ चुनाव आयुक्त माना जाता है। दिसंबर 1990 से दिसंबर 1966 के अपने 6 साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के नियमों और संचालन की दिशा में अनेक रचनात्मक सुधार किए थे। आज जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, उसे लेकर टी एन शेषन साहब को याद किया जा रहा है। उनके कार्यकाल का एक बड़ा ही मजेदार रोचक वाकया याद आ रहा है, जिसमें इस संदेश को बल मिलता है कि कई बार अच्छी नीतियों में भी कुछ ऐसे झोल निकल आते हैं, जिनका तर्कोचित निराकरण करने की जरूरत महसूस होती है। आजकल तो बिहार चुनाव के मद्देनजर, जिस प्रकार से वोटर लिस्ट के पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है, उससे सुप्रीम कोर्ट भी संतुष्ट नही दिखाई दे रहा। आज कोई भी दावे के साथ नहीं कह सकता कि पुनर्निरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया, जिसे संपादित करने हेतु चुनाव आयोग को आठ से बारह महीने से ज्यादा का समय लग जाता है, उसे चुनाव आयोग, क्योंकर और कैसे एक दो माह में ही निपटा देने पर उतारू है।

विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

खैर, बात टीएन शेषन की उस नीतिगत आदेश की.. जिसका अक्षरशः अनुपालन के चक्कर में मणिपुर के एक जिलाधिकारी (चुनाव अधिकारी) बेहद परेशान हो गए थे। अंततः उनकी परेशानी का निराकरण, एक पत्रकार की रिपोर्ट के बाद, टी एन शेषन के संज्ञान में आने से ही, संभव हो पाया था। दरअसल शेषन साहब ने चुनाव में धांधली रोकने हेतु जो अनेक सुधार किए थे, उसी क्रम में एक आदेश यह भी था कि जिस बूथ पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग होगी, वहां फिर से रि-पोलिंग की जाएगी। मणिपुर में एक बूथ पर 100 प्रतिशत वोटिंग देखकर वहां के जिलाधिकारी ने रि-पोलिंग कराई। पुनः 100 प्रतिशत पोलिंग देखने को मिली। जिलाधिकारी ने उक्त रि-पोलिंग को भी अमान्य कर, पुनः रि-पोलिंग कराई। इस बार भी 100 प्रतिशत पोलिंग। जिलाधिकारी ने एकबार और रि-पोलिंग के आदेश दिए। यानि कि तीसरी बार रि-पोलिंग..। इसी दौरान एक जागरूक पत्रकार ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए अखबार में छाप दिया कि, "चाहे जितनी बार रि-पोलिंग करवा लो, वोट 100 प्रतिशत ही पड़ेंगे, क्योंकि उस गांव में कुल 3 वोटर ही हैं, जो वोट डाल आते हैं"। अखबार के माध्यम से जब यह बात शेषन साहब तक पहुंची, तब जाकर रि-पोलिंग की प्रक्रिया को विराम दिया गया। ऐसा भी नहीं था कि 100 प्रतिशत पोलिंग का कारण, जिलाधिकारी को समझ में नहीं आ रहा था, परंतु शेषन साहब की शख्सियत ही कुछ ऐसी थी कि उनका खौफ, अधिकारी तो क्या बड़े बड़े नेताओं के सिर चढ़कर बोलता था। जिलाधिकारी महोदय की हिम्मत ही नहीं हो रही थी कि वो सही कारण की रिपोर्टिंग, शेषन साहब को करके, मसला सुलझा लेते। ऐसा लगता है कि वो बार-बार यह सोचकर रि-पोलिंग करा रहे थे कि शायद तीन वोटरों में से कोई एक भी वोटर किसी कारण वोट न डाले तो उनकी समस्या का स्वतः निराकरण हो जाएगा। पर ऐसा हो नहीं पा रहा था। आज का समय होता तो एक वोटर को बूथ तक जाने से रोकना प्रशासन के लिए कौन सा मुश्किल होता। चुटकी बजाते समस्या हल हो जाती।

# सीखने की कई विधाएं

किताबों से, अनुभवों से, संवाद से, और कभी-कभी केवल चुपचाप देख लेने भर से। यह विविधता ही मानव चेतना की सबसे बड़ी खूबी है। लेकिन दुखद विडंबना यह है कि आज का शिक्षा तंत्र या सामाजिक तर्कशास्त्र हर सीखने को एक जैसे फ्रेम में कसना चाहता है। "आपका तरीका भी उनमें से एक है"-यह वाक्य जितना विनम्र प्रतीत होता है, उतना ही गहरा व्यंग्य भी है उन पर जो अपने तरीके को ही 'अंतिम सत्य' मानकर दूसरों पर थोपना चाहते हैं। हर व्यक्ति के सोचने, समझने, सीखने और प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया भिन्न होती है। यह ज़रूरी नहीं कि किसी की कही बात पर सभी एक जैसी प्रतिक्रिया दें। लेकिन आज की दुनिया में, जहां भीड़ की सराहना ही 'सत्य' की कसौटी बन चुकी है, वहां भिन्न दृष्टिकोण को 'असभ्यता' या 'विद्रोह' कहा जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि 'हर क्रिया के लिए एक ही प्रतिक्रिया' केवल मशीनों में होती है, इंसानों में नहीं। इंसानों की सोच परिस्थितियों, परिवेश, पीड़ा, अनुभव और चेतना की परतों से बनती है। यह विविधता किसी भी सजीव समाज की पहचान है, न कि खतरा। जो यह चाहते हैं कि हर विद्यार्थी एक जैसा बोले, हर नागरिक एक जैसा सोचे, हर शिक्षक एक ही भाषा में समझाए-वे दरअसल उस बहुरूपिये मानव मन की हत्या करना चाहते हैं। वे भूल जाते हैं कि जो सवाल सबके भीतर से अलग-अलग तरीके से उठते हैं, उनके उत्तर भी अलग-अलग ही होंगे। इसलिए अगर किसी ने आपके विचार से सहमति नहीं जताई, तो वह नासमझ नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र समझ का प्रतीक हो सकता है। विरोध हमेशा दुश्मनी नहीं होता, यह उस सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें हम दूसरों के सत्य के साथ अपने सत्य की तुलना करते हैं। समाज को एक जैसे उत्तर नहीं चाहिए-उसे वैचारिक विविधता की ज़रूरत है। अगर हम हर प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने लगेंगे, तो हम अंततः वही बन जाएंगे, जो सोचने की आज़ादी से डरते हैं। क्योंकि सीखना केवल उत्तर रट लेने की प्रक्रिया नहीं है, यह जानने की यात्रा है कि हर उत्तर एक जैसा नहीं होता।

प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### पंखे के विवाद में देवर ने भाभी को पीट कर किया घायल, शिकायत

**गजरौला, अमृत विचार :** पंखे के विवाद में देवर ने भाभी को पीट कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। शहबाजपुर डोर निवासी गीता पत्नी चेतराम सिंह अपने देवर कमल सिंह से पंखे को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कमल सिंह ने गीता को पीट कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गांवों में ड्रोन उड़ने की फैली अफवाह

**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के कई गांवो में तीन दिन से ड्रोन कैमरे उड़ने की अफवाहे लगातार फैल रही है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। क्षेत्र के गांव बुरावली, फरोटा, तरौली, बांसका, मंदारीपुर, निरावली आदि गांवों में चोर ड्रोन कैमरा उड़ने की अफवाहें फैल रही हैं। जिसकी ग्रामीणों द्वारा वीडियो व फोटो भी ली गई है। 112 नंबर पुलिस डायल को भी इसकी सूचना दी गई। थाना प्रभारी कुमरेश सिंह त्यागी का कहना है कि यह ड्रोन कैमरा नहीं है बल्कि यह हवाई जहाज है। जो ऊंचाई पर होने के कारण छोटे नजर आ रहे हैं ये एक दो बार दिखाई दिए हैं उसके बाद दिखाई नहीं दिए यह सब अफवाहें हैं।

### ग्रामीणों ने ड्रोन उड़ाते हुए युवक को पकड़ा

**सैदनगली/आदमपुर, अमृत विचार :** गांव शहदरा मिलक में सोमवार रात ड्रोन उड़ा रहे गांव के युवक को ग्रामीण ने पकड़ लिया। उसे ड्रोन भी बरामद हुआ है। पुलिस ने युवक से पूछताछ की इस मामले में अभी कोई कानून कारवाई नहीं हुई है। सोमवार की रात करीब 9 बजे गांव के नजदीक ड्रोन उड़ता देख ग्रामीण एकत्रित हो गए। ड्रोन के पास पहुंच गए देखा तो गांव का ही एक युवक ड्रोन उड़ा रहा था। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। युवक ड्रोन उड़ाने का कोई सटीक जवाब नहीं दे सका। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक से पूछताछ की। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि युवक हेलीकॉप्टर उड़ा रहा था। ड्रोन जैसी कोई चीज नहीं मिली है।

# बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल, दो गंभीर

## एक बाइक पर सवार थे तीन लोग, हायर सेंटर भेजे दो घायल

घायलों का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** अलीगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली में अलीगढ़ मार्ग पर सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव कनैटा की मढिया निवासी प्रीतम आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद निवासी अपने ससुर को तीसरी मिल पर छोड़कर अपने घर जा रहा था। उसकी बाइक मंगरौली के निकट पहुंची तो सामने से आ रहे आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर खादर निवासी राजीव, पुष्पेंद्र व विकास की बाइक से टकरा गई। टक्कर लगते ही दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां प्रीतम व राजीव की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक की टक्कर लगने से कांवड़ खंडित, किया हंगामा

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** तेज गति से जा रही बाइक ने कांवड़िये को टक्कर मार दी, जिससे कांवड़िये को चोट लग गई और कांवड़ खंडित हो गई। इसके बाद कांवड़ियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह शिवभक्तों को समझाया और प्रतिमा पर दोबारा जलाभिषेक कर उन्हें रवाना किया।

हरिद्वार से जल लेकर लौटने वाले कांवड़ियों की संख्या बढ़ रही है। बुलंदशहर, अलीगढ़ आदि जनपदों के कांवड़िए जल भरकर लौट रहे हैं। मंगलवार की सुबह बुलंदशहर जनपद के रम्पुरा निवासी कृष्ण कुमार जत्थे के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे थे। उसने व उसके साथियों ने गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर गजरौला-बछरायूं थाने की सीमा पर सड़क किनारे अपनी कांवड़ रख दी और आराम करने लगे। आरोप है कि बाइक लेकर वहां से गुजरे एक युवक ने उसे व कांवड़

खंडित कांवड़ को देखते कांवड़िये।

● हंगामा के बाद पहुंची पुलिस ने मामला किया शांत

में टक्कर मार दी। जिससे कांवड़ खंडित हो गई। यह देख कांवड़ियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर बछरायूं थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक चालक बाइक लेकर फरार हो चुका था। पुलिस ने कांवड़ियों को समझाकर मामला शांत कराया। सीओ अंजली कटारिया ने बताया कि मामला संज्ञान में है। कांवड़ियों को समझकर आगे के लिए रवाना कर दिया गया है।

## टीसी काटने को लेकर प्रबंधक और कर्मचारी से की अभद्रता

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में संचालित बाल भारती इंटर कॉलेज में मंगलवार को दो युवक पहुंचे व अपनी टीसी की द्वितीय प्रतिलिपि की मांग करने लगे। इस पर कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने कहा कि प्रार्थना पत्र देने के दो-तीन बाद टीसी मिल जाएगी। आरोप है कि इस पर दोनों युवक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से बहस करने लगे। इसी बीच कॉलेज प्रबंधक सुमित कुमार भी वहां पहुंच गए। युवकों ने प्रबंधक से बात की तो उन्होंने भी प्रार्थना पत्र देने की बात कही। इसे लेकर दोनों युवकों का प्रबंधक से विवाद हो गया। इस पर प्रबंधक ने यूपी 112 को फोन कर दिया। तभी युवकों के परिजन भी कॉलेज पहुंच गए। आरोप है कि स्कूल में तोड़फोड़ भी की गई। पुलिस को देख आरोपी फरार हो गए।

# जिम में चल रही शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● भारी मात्रा में अवैध हथियार व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

● पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार करके भेजा जेल

खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस और एसओजी ने बंद पड़े जिम में छापामार कार्रवाई करके अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में शस्त्र और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। एसपी अमित आनंद ने प्रेसवार्ता कर बताया कि आरोपी काफी समय से हथियार बना रहे थे।

मंगलवार को हुई प्रेसवार्ता में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव बावनखेड़ी स्थित बंद पड़े जिम में कुछ लोग अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहे हैं। सूचना पर हसनपुर पुलिस और एसओजी ने संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से सादाब अली और सुमित सिंह निवासी गांव माछरा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कब्जे से रिवाल्वर, 11 तमंचे व 63 कारतूस इसके अलावा बड़ी मात्रा में अधबने तमंचे बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मझोला निवासी दीपक, बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ा निवासी वंश उर्फ गोलू, थाना पाकबाड़ा के गांव रतनपुर कलां के गौरव, थाना रजबपुर के गांव सूदनपुर निवासी नागेंद्र और हाफिजपुर निवासी अंकुश तमंचे व कारतूस बेचने का काम करते हैं। आरोपियों के बताने के बाद पुलिस ने बिक्रेताओं को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

### एसपी ने दिया पुलिस टीम को इनाम

एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस और एसओजी को 25 हजार रुपये का इनाम और प्रशस्ति पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के संबंध कहां कहां पुलिस इसकी भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी के संबंध जिले से बाहर भी हैं। इसलिए वे आरोपी अवैध हथियारों की सप्लाई भी बाहर करते हैं।

# शिक्षक महासंघ ने बुलंद की आवाज

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

● प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अमृत विचार:** पेंशनर्स एसोसिएशन एवं शिक्षक महासंघ अमरोहा के संयुक्त तत्वाधान में सरकार के वित्त विधेयक 2025 एवं आठवें वेतन आयोग की घोषणा करके अब तक गठन न किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिल प्रशासन को सौंपा।

मंगलवार को पेंशनर्स एसोसिएशन एवं शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। धरना प्रदर्शन कर मांग की गई है कि वित्त विधेयक 2025 को निरस्त किया जाए। पेंशनर्स को अलग वर्गीकृत कर आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित न किया जाए। साथ ही आठवें वेतन आयोग गठन की घोषणा हुए 6 माह बीत चुके हैं फिर भी अभी तक इसका विधिवत गठन कर नियुक्ति नहीं की गई है। जिससे लगता है कि एक जनवरी 2026 से इसके लाभ की घोषणा भी निरर्थक ही साबित हो जाएगी। शीघ्र आठवे वेतन आयोग का विधिवत गठन कर नियम एवं कार्यवाही की जाए। जिसके साथ ही पेंशनर्स की कम्युनिकेशन कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष करने, पेंशनर्स को 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर क्रमश 5, 10 और 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि करने की मांग की। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह पेसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह चिकारा, मंत्री राजेंद्र सिंह ,कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह, उपाध्यक्ष अमीपाल सिंह ,प्रवक्ता सोमदत्त सिंह ,सहित प्राथमिक शिक्षक संघ अमरोहा के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह एवं जिला मंत्री मुकेश चौधरी तथा ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, श्योनाथ सिंह प्रजापति, खुर्शीद हैदर जैदी, धर्मपाल सिंह आदि रहे।

# पीडीए की आंधी में उड़ जाएगी भाजपा

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** सपा छात्र सभा की पंचायत का आयोजन बाईपास स्थित कमाल पैलेस में हुआ। पंचायत में विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि पीडीए की आंधी चलेगी तो भाजपा कहीं भी नहीं टिक सकेगी। भाजपा से जनता हिसाब बराबर करने को बैठी है। मंगलवार को पंचायत का आयोजन छात्रसभा के जिलाध्यक्ष अनुज त्यागी के नेतृत्व में किया गया।

पीडीए पंचायत में मुख्य अतिथि सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव कमाल अख्तर सम्मिलित हुए। सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि भाजपा की करनी एवं कढ़नी में बहुत अंतर है, भाजपा सरकार द्वारा सिर्फ बेरोजगारी बढ़ गई है। विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि आगामी पंचायत एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाओ। पंचायत की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने संचालन प्रदेश सचिव यूसुफ कुरैशी ने किया।। इस मौके पर आरिफ अख्तर,चंद्रपाल सैनी,पंडित यतेंद्र शंकर गौड़, अंशु त्यागी,गोलू त्यागी,राहुल त्यागी, शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताप, कासिम मकरानी, वसीम मलिक, मनोज त्यागी, जोगिंदर खड़गवंशी, यशवीर नागर, अखिलेश जाटव, नवल जाटव, रिंकू शर्मा, खानचद खड़गवंशी, जय सिंह खड़गवंशी, ज्ञान सिंह खड़गवंशी सहित सैकड़ो की संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विनीत कुशवाहा एवं कमाल अख्तर का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● भाजपा से हिसाब बराबर करने को बैठी है जनता: कमाल अख्तर

# युवक संघ ने किया अग्रवाल सभा के अध्यक्ष का स्वागत

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष का स्वागत करता अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ।

**हसनपुर, अमृत विचार:** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ, हसनपुर इकाई ने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमेश कुमार अग्रवाल का उनके आवास पर स्वागत किया। संगठन के हसनपुर अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में उनके साथियों ने उमेश कुमार अग्रवाल को माला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजन में दोनों संगठनों के सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण माहौल में एक-दूसरे को बधाई दी। रामवीर सिंह ने उमेश कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में अग्रवाल सभा और अधिक सशक्त होगी। नवनियुक्त अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमेश कुमार अग्रवाल ने भी संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के महामंत्री विनोद कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष करणवीर सिंह, महताबुद्दीन, सुरेश सिंह, कमल सिंह, रोशनलाल ,जंग बहादुर, नबाव सैफी, आदि लोग मौजूद रहे।

# बदल रहा सर्जरी का युग: डॉ. केशव

**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल स्थित सभागार में दो दिवसीय एडवांस ओएलएलआईएफ ट्रांसकंबिन स्पाइनल फ्यूजन कोर्स के दूसरे दिन मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने कहा कि सर्जरी का युग लगातार बदल रहा है। 15 साल पहले तक आधुनिक मशीनें और उपकरण नहीं थे लेकिन अब प्रतिनिधियों को इस प्रकार के कोर्स के माध्यम से कम समय में प्रशिक्षण मिल रहा है जो उनके लिए भविष्य की सफलता का पर्याय बनेगा।

कुलपति डा. लता अग्रवाल ने कहा कि कोई भी कार्यशाला और कोर्स बिना प्रतिनिधियों के सफल नहीं हो सकता है। जिस लगन से विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही सीख को प्रतिनिधि समझते हैं इससे गर्व महसूस होता है। इससे पूर्व डा. हमीद अब्बासी ने ओएलएलआईएफ विधि से जुड़े सर्जरी के अनुभव साझा किए। इसके साथ ही सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिनिधियों के सवालों के जवाब भी दिए।

एडवांस ओलिफ ट्रांस कैम्ब्रिन कोर्स में दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्य अतिथि डॉ. हमीद अब्बासी, साथ में हैं डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल।

● रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में रीढ़ की हड्डी का ओलिफ़ ट्रांसकंबिन फ्यूजन कोर्स का हुआ समापन

इससे पहले कोर्स का आरंभ मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, अमेरिका के मिनेसोटा से आए विश्व विख्यात न्यूरो सर्जन डॉ. हमीद अब्बासी, चेन्नई से आए प्रमुख स्पाइन सर्जन डॉ. के कार्तिक कैलाश, अहमदाबाद से आए डॉ. अमित झाला और कोर्स के आयोजन सचिव व वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. वरुण अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अंत में कोर्स के आयोजन सचिव डा. वरुण अग्रवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर कोर्स का समापन किया।

# तेज आवाज में बजाने पर सीज किया डीजे

**गजरौला, अमृत विचार:** थाना असमौली पुलिस की सूचना पर गजरौला पुलिस ने मानक से अधिक आवाज में बज रहे डीजे को पकड़कर सीज कर दिया। 11 लोगों को भी पकड़ कर शांतिभंग में चालान किया है। बछरायूं थाना क्षेत्र का एक डीजे संचालक सोमवार को जनपद संभल के असमौली में कांवड़ियों के साथ गया था। शासन के निर्धारित मानकों का उल्लघंन कर रहा था। इसी बीच सूचना मिलने पर असमौली डीजे को पकड़ने के लिए गई तो डीजे संचालक बचकर गजरौला आ गया। इसकी सूचना असमौली पुलिस ने गजरौला पुलिस को दी। जिसके बाद एसपी अमित कुमार आनन्द के आदेश पर गजरौला पुलिस ने शहर के चौपला पर डीजे को पकड़कर सीज कर दिया और 11 युवकों को भी पकड़ शांतिभंग में चालान कर दिया।

## सार-संक्षेप

### पंखा के स्विच में उतरा करंट, युवक की मौत

**रहरा( अमरोहा), अमृत विचार :** पंखा का स्विच लगाते समय करंट लगने से मजदूर गंभीर रूप झुलस गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव देहरी खादर निवासी हरिद्वारी (36) पुत्र सोमपाल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया है कि मृतक मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। सुबह घर पंखा का स्विच लग रहा था। करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में बीच का था। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

### पालिका में कुपोषित बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद परिसर में मंगलवार को कुपोषित बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। यह पहल नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी और अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह की ओर से की गई। उन्होंने बताया कि कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को पोषण सहायता प्रदान करना उद्देश्य है। अभिभावकों को आवश्यक खाद्य पदार्थ सौंपे गए। जो उनके बेहतर स्वास्थ्य और विकास में सहायक होंगे। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है और पालिका कुपोषण को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने विचार व्यक्त किए।

### श्री झारखंड महादेव शिवाला में हुई शेषनाग की पूजा

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में मंगलवार को भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में स्थापित शेषनाग भगवान की भव्य मूर्ति के समक्ष महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। महिलाएं दूध, लावा, फूल और अन्य पूजन सामग्री लिए कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करती दिखीं। विधि-विधान से पूजा करते हुए महिलाओं ने शेषनाग को दूध अर्पित किया और परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि नाग पंचमी के महत्व को देखते हुए विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया था। भक्तों का मानना है कि इस दिन शेषनाग की पूजा करने से सर्प दोष से मुक्ति मिलती है। भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### थाना प्रांगण में हुआ पौधारोपण

**हसनपुर, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को रहरा के नव निर्माणित थाना भवन के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। जनता से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील भी की गई। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी सम्मिलित हुए। थाना प्रभारी कुमरेश त्यागी एवं ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी ने संयुक्त रूप से प्रांगण में कई प्रजाति के पौधे लगाए गए। इस मौके पर वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर श्रीपाल सिंह, मास्टर प्रेमचंद सिंह, मनीष चौधरी, अवर अभियंता संजीव कुमार, मोहम्मद ताहिर, पारस मलिक, दीपक त्यागी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### भाकियू संयुक्त मोर्चा की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक पंचायत मंगलवार को क्षेत्र के गांव पखरोला में अंकुर चौधरी के आवास पर हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू ने कहा कि तहसीलों व थानों में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान अपनी फरियाद लेकर तहसीलों व थानों के चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं होती है। जिला उपाध्यक्ष नितिन चौधरी ने कहा कि बिजली का निजीकरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विजयवीर सिंह चंद्रपाल सिंह, जुनैद चौधरी, पंचम सिंह, अरुण सिद्धू, इकबाल सैफी, अमित चीमा, विकास चौधरी आदि किसान लोग मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन इंडिया की हुई बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) की तहसील क्षेत्र के गांव जयतोली में स्थित अम्बेडकर पार्क में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाकियू इंडिया के युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह अम्बावता ने संगठन के विस्तार पर चर्चा की। मंडल अध्यक्ष के कहा कि हरियाणा सरकार के द्वारा 600 वर्षों से बसे अनंगपुर गांव को उजाड़ने का प्रयास कर रही है। हम सब किसानों को भाकियू इंडिया के झंडे तले एक साथ आना होगा। इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह अम्बावता, कलुवा डीलर, जगदीश मौर्य, खेमपाल, फिरोज, टुनी सिंह, पीतम, अनिरुद्ध, सोनू, बंटी, नरेंद्र सिंह, अंकित गुर्जर मौजूद रहे।

### कब्रिस्तान की जमीन के अवैध एग्रीमेंट का आरोप

**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला मुलाना निवासी साजिद हुसैन पुत्र अखलाक हुसैन ने जिलाधिकारी के नाम शिकायती पत्र दिया है। आरोप है कि अमरोहा तहसील के अंदर चुंगी में परिवार का वक्फ कब्रिस्तान है। जिसका वक्फ संख्या 5477 है। आरोप है कि शहर के निवासी हसीन ने संभल के थाना बहजोई क्षेत्र निवासी ज्योति पत्नी अंशुल व नीलम पुत्री जितेंद्र के नाम 25 जुलाई 2024 को अग्रीमेंट कर दिया। 10 जुलाई को साजिद हुसैन ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### गन्ने का मूल्य पांच सौ रुपये करने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांव सादात तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांति प्रसाद शर्मा ने की और संचालन सतीश त्यागी ने किया। बैठक में किसानों ने सरकार से गन्ने का मूल्य 500 रूपये प्रति क्विंटल करने, किसानों का अंश निर्धारण करने, गन्ने का संपूर्ण भुगतान अति शीघ्र कराने जाने, छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट अतिशीघ्र लागू किया। विद्युत समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। इसके बाद किसानों ने 6 सूत्रिय मांग पत्र उप जिला अधिकारी सुनीता सिंह को सौंपा। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, सुधाकर चौधरी, रामपाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, करीम हैदर, पिंटू, मूलचंद सिंह ,राजवीर सिंह, जयवीर सिंह, खुशनुमा, रूमाना, महेंद्र सिंह, सुभाष चीमा आदि मौजूद रहे।

### जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये हो रहे रवाना

**गजरौला, अमृत विचार :** सावन माह की 23 जुलाई को शिवरात्रि है। जिसको लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िए हरिद्वार व बृजघाट जलभरकर लौटने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह से ही कांवड़िए जल भरकर अपनी मंजिल की तरफ लौटने लगे। इसके चलते हाईवे पर निगरानी बढ़ा दी गई है। बृजघाट गंगा से रामपुर, संभल, मुरादाबाद समेत अन्य कई स्थानों के कांवड़ियों ने जल भरकर लौटना शुरू कर दिया है। वहीं हरिद्वार से बुलंदशहर, अलीगढ़ आदि जिलों के कांवड़िए जलभरकर लौटे। कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर सड़कों पर जगह-जगह पुलिस भी तैनात रही। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि कांवड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## यात्री शेड में लटका मिला ग्रामीण का शव

**संभल/मनोटा,अमृत विचार:** ग्रामीण का शव यात्री शेड में फंदे पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ऐंचौड़ा कंबोह थाना के भवालपुर बांसली निवासी राम रतन सिंह ने बताया कि उनका 40 वर्षीय भतीजा अतर सिंह की शादी नहीं हुई थी और उसने अपने हिस्से की जमीन बेच दी थी। वह शराब पीने का आदी था। मजदूरी व ड्राइवरी करके अपना पालन पोषण करता था। बाकी परिवार से अलग अकेला रहता था। किसी बात से परेशान होकर उसने रात में गांव से बाहर रोड पर बने यात्री शेड में फंदे से लटककर जान दे दी।

## स्कूल के विलय के विरोध में ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**मनोटा,अमृत विचार:** ग्राम पंचायत ततारपुर रोड के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बच्चों की संख्या कम होने की वजह से प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में विलय का ग्रामीणों ने विरोध कर प्रदर्शन किया।

14 जुलाई को इंचार्ज अध्यापिका रश्मि तेजा स्कूल पहुंचीं और विद्यालय में ताला लगाकर दूसरे विद्यालय में चली गईं। ग्रामीणों ने देखा कि स्कूल बंद हो गया है तो मंगलवार की सुबह इकट्ठा होकर स्कूल पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। इसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह को हुई तो मौके पर पहुंचे। बताया कि स्कूल में नामांकन संख्या बढ़ कर 70 हो गई है। विद्यालय को अब विलय नहीं किया जाएगा। इस आश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इंचार्ज अध्यापिका रश्मि तेजी ने बताया कि पिछले वर्ष विद्यालय में नामांकन संख्या 44 थी। इसलिए दूसरे विद्यालय में विलय का आदेश मिला था। अब नामांकन संख्या 70 हो गई तो विद्यालय विलय होने से रुक गया।

# मिनी बैंक शाखा संचालकों से बदमाशों ने लूटे साढ़े तीन लाख

### 3 बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर की लूट, दो लैपटॉप भी छीने

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

सौंधन में लूट की वारदात के बाद जंगल में बदमाशों को तलाशते ग्रामीण।

**अमृत विचार:** मिनी बैंक शाखा संचालकों से 3 बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर साढ़े तीन लाख रुपए की नगदी व दो लैपटॉप लूट लिए। ग्रामीणों तथा मिनी बैंक शाखा संचालकों ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वह फरार हो गए।

कैला देवी थाना क्षेत्र के करनपुर कायस्थ गांव निवासी विनोद अपने चचेरे भाई संजीव के साथ सौंधन में बैंक की मिनी शाखा चलाते हैं।विनोद एसबीआई की मिनी शाखा का संचालक है जबकि संजीव प्रथमा ग्रामीण बैंक की शाखा चलाता है।विनोद का भतीजा दीपांशु और एक साथी शेर सिंह भी दुकान पर रहता है। मंगलवार शाम को विनोद और संजीव साथी शेर सिंह और भतीजे दीपांशु के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। देर शाम सौंधन करनपुर कायस्थ मार्ग पर तीन बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक रुकवा ली और कनपटी पर तमंचा लगाकर 3.50 लाख रुपए लूट लिये। दो लैपटॉप भी छीनर लिये। विरोध करने पर बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया। फायर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण पर पहुंच गए तो बदमाश फरार हो गए। ग्रामीणों संग शाखा संचालकों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आ सके। सूचना पर कैला देवी थाना पुलिस तथा सौंधन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। रानीवाला मार्ग पर बदमाशों की बाइक व चप्पल पड़े मिले। देर रात तक पुलिस बदमाशों की तलाश करती रही। सीओ आलोक भाटी भी मौके पर पहुंचे।

## सांसद बर्क ने जमा किया जुर्माना,अब 22 को सुनवाई

**संभल, अमृत विचार :** सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण मामले में अधिवक्ताओं की हड़ताल की वजह से मंगलवार को कोई निर्णय नहीं आया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी। वहीं पिछली सुनवाई के दौरान लगाया गया एक हजार का जुर्माना सांसद पक्ष ने न्यायालय में जमा करा दिया। मंगलवार को समाजवादी पार्टी सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण मामले में नियत प्राधिकारी एसडीएम विकास चंद्र के न्यायालय में सुनवाई होनी थी। एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि संभल सांसद के मकान निर्माण मामले में मंगलवार को सुनवाई की तारीख नियत थी। लेकिन बार एसोसिएशन की तरफ से न्यायिक कार्य से विरत रहने की वजह से इस मामले में सुनवाई नहीं हो पाई। अब अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी। एसडीएम ने बताया कि पिछली तारीख को एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था वह न्यायालय में जमा करा दिया गया है।

## जाम लगाकर हंगामा करने में 25 कांवड़ियों पर रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** संभल में सोमवार को पुलिस ने विवाद के बाद कांवड़ियों द्वारा हंगामा करने व जाम लगाने का प्रयास करने के मामले में 20-25 महिला पुरुष कांवड़ियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को डाक कांवड़ लाते समय संभल हसनपुर मार्ग पर कुरकावली गांव के पास कांवड़ियों का पुलिस से विवाद हो गया था। डीजे की आवाज कम कराने को लेकर हुए विवाद में एक कांवड़िया चोटिल भी हो गया था। इसके बाद ही कांवड़ियों ने संभल पहुंचकर पहले जनता पैट्रोल पंप और फिर सूर्यकुंड तीर्थ के निकट हंगामा किया था। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ ने समझाकर वापस भेज दिया था। अब दरोगा अंकुर तोमर की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाल गजेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा की मौत

**संभल, अमृत विचार :** संभल सरायतरीन के तीर्थ रोड पर रहने वाले रूपेश की 17 साल की बेटी खुशी आर्य संभल के बाल विद्या मंदिर स्कूल में पढ़ती थी। मंगलवार को रूपेश बेटी को स्कूटी पर बैठाकर इंटरमीडिएट का इंप्रवमेंट का पेपर दिलाने के बाद किसी काम से बहजोई आ गये थे। बहजोई ने रूपेश बेटी खुशी के साथ स्कूटी पर सवार होकर संभल आ रहे थे। धुरेटा गांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में खुशी की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर मौके से भाग गया। पुलिस ने कई किलोमीटर तक पीछा किया तो चालक डंपर को सड़क किनारे खड़ा कर भाग गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक : 709/न.पा.परि.ह./2025-26 दिनांक : 15.07.2025

### ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

''पेयजल हेतु व्यवस्था योजना'' की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से निर्माण कार्य हेतु ई-निविदायें दिनांक 19.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 समय सायं 03 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 01.08.2025 को प्रातः 11 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओं की उपस्थिति में https://etender.up.nic.in पर खोली जायेगी। ई-टेण्डरिंग से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | E-bid reference No. | 709/न.पा.परि.ह./2025-26 | | |
| 2. | Tender Release | 19.07.2025 | | |
| 3. | | Tender Download/ Uploaded | 19.07.2025 | प्रातः 11 बजे |
| 4. | Close for Bid | | 31.07.2025 | सायं 03 बजे |
| 5. | Bid Opening | Technical | 01.08.2025 | प्रातः 11 बजे |
| 6. | Bid Opening | Financial | 02.08.2025 | प्रातः 11 बजे |
| 7. | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर/ जिला मुख्यालय अमरोहा। |

अधिशासी अधिकारी
न.पा.परि. हसनपुर।

अध्यक्ष
न.पा.परि. हसनपुर।


## महिला को गुलदार ने किया घायल

**चांदपुर, अमृत विचार:** थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव पिलाना निवासी किशवरी खातून अपने पति मोहम्मद शाहिद के साथ जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। वह घास काट रही थीं, तभी झाड़ियों से निकले गुलदार ने पीछे से हमला कर उसकी गर्दन को पकड़ लिया। पास में ही घास काट रहे मोहम्मद शाहिद ने शोर मचाया तो गुलदार जंगल की ओर भाग गया। घायल महिला को गंभीर हालत में सीएचसी हल्दौर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वन विभाग की टीम गांव पहुंची और गुलदार की पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। ग्रामीणों ने तीखी नाराजगी जताई।

## फूल तोड़ने के बहाने ले जाकर बालिका से दुष्कर्म

**संभल, अमृत विचार :** नखासा क्षेत्र के एक गांव में कक्षा 5 में पढ़ने वाली छात्रा को गांव के युवक ने फूल तोड़ने के बहाने जंगल में ले जाकर बलात्कार किया। बाद में छात्रा भाग कर खेत पर काम कर रहे लोगों के पास पहुंची। ग्रामीणों ने छात्रा के पिता को बुला लिया। पिता बेटी को लेकर थाना नखासा पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर रजनीश कुमार ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## पालिकाध्यक्ष ने किया पुस्तकालय का आरंभ



**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने एक और पहल करते हुए वर्षों से बंद पड़े पुस्तकालय का पुनर्निर्माण कर संचालन आरंभ कराया है। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पुस्तकालय का फीता काटकर पुस्तकालय छात्र-छात्राओं को समर्पित कर दिया। पुस्तकालय में सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी, सभासद तरुण नीरज, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, ऋ षभ कुमार, चंद्रमोहन आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।

पत्रांकः-एस0एस0ए0/के0जी0बी0वि0स्टाफचयन/4083-88 /2025-26 दिनांकः- 15.07.2025

### प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्याः 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 11.12.2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक-के0जी0बी0वी0/11308/2022-23 दिनांक 14.02.2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1121/2023-24 दिनांक 25.04.2023 एवं पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1790/2023-24 दिनांक 12.05.2023 के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय की अनुमति उपरान्त जनपद मुरादाबाद में संचालित 09 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अस्थायी रूप से सृजित संविदा आधारित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के चयन हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि दिनांक 02.08.2025 की सांय 05:00 बजे होगी। निर्धारित तिथि के बाद अथवा साधारण डाक से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों स्वीकार नही होगे। एक से अधिक पदों के लिये पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित किया जाये। रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है-

| क्र सं | पदनाम | विषय | कुल पद | आरक्षण श्रेणी: अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | मानदेय | अनिवार्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | विज्ञान | 03 | 01 | 01 | 01 | 24200.00 प्रतिमाह | जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0 |
| | | गणित | 02 | 01 | 00 | 01 | 24200.00 प्रतिमाह | पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0 |
| | | भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत) | 03 | 02 | 01 | 0 | 24200.00 प्रतिमाह | हिन्दी एवं संस्कृत से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0 |
| | | अंग्रेजी | 03 | 02 | 00 | 01 | 24200.00 प्रतिमाह | अंग्रेजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0 |
| 2 | अंशकालिक शिक्षिका | स्काउट गाईड एवं शारीरिक शिक्षा | 01 | 00 | 01 | 0 | 10780.00 प्रतिमाह | बी0पी0एड0/सी0पी0एड0/डी0पी0 एड0 आदि उपाधि |
| | | कम्प्यूटर | 03 | 02 | 01 | 00 | 10780.00 प्रतिमाह | प्रशिक्षित स्नातक के साथ PGDCA/BCA/B.SC, कम्प्यूटर सांइस अथवा स्नातक सहित DOEACC या समकक्ष संस्था से ओ0 लेबल या ए लेबल डिप्लोमा आदि |
| | | कला,क्राफट एवे संगीत | 01 | 01 | 00 | 00 | 10780.00 प्रतिमाह | सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृह शिल्प की शिक्षिका का पद कला,क्राफट एवं संगीत के पद के अर्न्तगत ही माना जायेगा। |
| 3 | उर्दू शिक्षिका | उर्दू | 02 | 01 | 01 | 00 | 14520.00 प्रतिमाह | बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा। |
| 4 | लेखाकार | | 01 | 01 | 00 | 00 | 12100.00 प्रतिमाह | वाणिज्य विषय में स्नातक तथा एम0एस0आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में ओ0 लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यत की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरियता दी जायेगी। |
| 5 | रसोईया | | 02 | 01 | 01 | 00 | 7590.00 प्रतिमाह | कक्षा 08 उत्तीर्ण |
| 6 | सहायक रसोईया | | 08 | 05 | 00 | 03 | 5693.00 प्रतिमाह | कक्षा 08 उत्तीर्ण |
| 7 | चपरासी | | 01 | 01 | 00 | 00 | 6325.00 प्रतिमाह | कक्षा 08 उत्तीर्ण |
| 8 | चौकीदार | | 03 | 03 | 00 | 00 | 6325.00 प्रतिमाह | कक्षा 08 उत्तीर्ण |
| योग | | | 33 | 21 | 06 | 06 | | |

**चयन हेतु आवश्यक निर्देश/अर्हता।**

⇒ शैक्षिक पदो के लिए, प्रशिक्षित उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा (मान्यता सम्बन्धी पत्र आवश्य संलग्न करें।)

⇒ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या के0जी0बी0वी0/3-2/1916/2013-14 दिनांक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षिकों के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नही होगी।

⇒ पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा। इन्हें विद्यालय परिसर में रहना अनिवार्य होगा।

⇒ कस्तूरबा गाधी बालिका विद्यालयों में सभी पदों पर संविदा के आधार पर नवीन नियुक्ति हेतु अनिवार्य रूप से महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

**आयु-**

⇒ समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2025 को 25 वर्ष होगी।

⇒ समस्त स्टाफ की अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2025 को 45 वर्ष से अधिक न हों।

⇒ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धरित अर्हता रखते हों किन्तु शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो जा रहे हों, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर, उन्हे चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

⇒ कस्तूरबा गांधी बलिका विद्यालयों में सेवा हेतु समस्त स्टाफ की अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

**आरक्षण-**

⇒ राज्य सरकार के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

**चरित्र-**

⇒ किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

**चयन प्रकिया-**

⇒ कस्तूरबा गांधी बलिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उनके द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयें में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर उन्हे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयें में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नही होगा।

⇒ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका एवं लेखाकार के पद पर चयन सीधे मैरिट के आधार पर किया जायेगा। पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका एवं लेखाकार के पद हेतु अभ्यर्थी के चयन के लिये भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x20/100 |
| 4 | प्रशिक्षण उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x30/100 |
| 5 | भारांक क0गां0बा0वि0 में शिक्षक के रूप में कार्यरत् अनुभव | प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिये 2 अंक, अधिकतम 30 अंक तक जो भी कम हो |

⇒ रसोईया एवं सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनका साक्षात्कार 50 अंको का होगा, जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक पाक विद्या के ज्ञान हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित होगें।

⇒ चपरासी एवं चौकीदार का साक्षात्कार 50 अंको का होगा, जिसमें शारीरिक स्वास्थ हेतु 25 अंक तथा सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित होगें।

**अन्य-**

⇒ आवेदन पत्र प्रेषण हेतु पता-कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कोर्ट रोड, मुरादाबाद।

⇒ ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है द्वारा सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है।

⇒ प्रत्येक शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के समस्त पद मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार की प्रोजेक्ट अप्रूवल बैठक में दिये निर्देश के अधीन होंगे। तत्क्रम में विद्यालयों में कार्यरत् शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक पाये जाने की दशा में आगामी सत्र हेतु जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त नवीन संविदा की जायेगी एवं संविदा का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिये किया जायेगा

⇒ अभ्यर्थी द्वारा आवदेन पत्र के साथ निर्धारित स्थान पर नवीनतम् पासपोर्ट साइज की स्व प्रमाणित फोटो चस्पा किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ रू 40/-का डाक टिकट लगे 02 लिफाफे जिस पर अपना नाम, पता स्पष्ट लिखा हो संलग्न करना अनिवार्य है तथा लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।

⇒ एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगें।

⇒ विज्ञप्ति के निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप में कोई भी परिवर्तन/परिवर्धन अमान्य होगा। आवेदन पत्र में उल्लिखित सूचनाओं में कोई परिवंर्तन स्वीकार नहीं होगा। सभी सूचनायें निर्धारित स्थान पर स्वच्छता से अंकित की जायेगी। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की कटिग/ओवर राइटिंग की दशा में अभ्यर्थी के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही इसकी सूचना अभ्यर्थी को दी जायेगी।

⇒ सभी आवेदन पत्र पजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे तथा पंजीकृत डाक द्वारा विलम्ब से आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

⇒ रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है तथा किसी भी पद या समस्त पद के लिए विज्ञापन निरस्त करने का सर्वाधिकार अध्यक्ष जिला स्तरीय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। इसमें किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट-1-प्रकाशित विज्ञिप्त में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि पायी जाती है तो चयन की सम्पूर्ण कार्यवाही शासनादेश सं0-1553/65-5-2020 दिनांक 11.012.2020 के अधीन रहेगी।

2-के0जी0बी0वी0 चयन में कतिपय रिट याचिकाऐं मा0 न्यायालन में लम्बित होने के कारण उक्त सम्पूर्ण चयन प्रकिया मा0 न्यायलय के आदेशों के अधीन होगी।

(हर्ष वर्धन कपिल)
प्र0 जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)
समग्र शिक्षा, मुरादाबाद।

(विमलेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मुरादाबाद।

### आवेदन पत्र का प्रारूप

1 आवेदित पद का नाम-----------------------------
(सम्बन्धित विषय सहित जिस पद पर आवेदन किया गया है।)

स्व प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा करें

2. अभ्यर्थिनी का नाम--------------------------------------------------

3 .पिता का नाम--------------------------------------------------

4. पति का नाम--------------------------------------------------

5. स्थायी पता ग्राम/मोहल्ला/मजरा वार्ड--------------------पोस्ट---------------जनपद---------------
पिन कोड्----------------------------------------

6. पत्र व्यवहार का पता पता ग्राम/मोहल्ला/मजरा वार्ड---------------पोस्ट------------जनपद-------------
पिन कोड---------------------------

7. दूरभाष्/मोबाइल न0------------------------------------------

8. लिंग------------------------------------------

9. आरक्षण ------------------------------------------(अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

10. जन्म तिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर) अंको में------------------------------------------
जन्म तिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर) शब्दों में ------------------------------------------
01 अप्रैल 2025 को आयु वर्ष ----------------माह ----------------दिन--------------------

11. शैक्षिक योग्यता:-

| क्र0. सं0 | शैक्षिक योग्यता | संस्था/बोर्ड विश्वविद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षण | | | | | | |
| 5 | उ0प्र0 स्तर की टी0ई0टी0 विवरण का उल्लेख करें | | | | | | |
| 6 | कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा | | | | | | |
| 7 | अनुभव | | | | | | |
| 8 | कक्षा-8 | | | | | | |

**संविदा नवीनीकण से वंचित रहने पर के0जी0बी0वी0 में कार्यरत रहने का अनुभव**

| क्र0सं0 | के0जी0बी0वी0 का नाम | जनपद का नाम | पद एव विषय | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**घोषणा**

मैं-------------पुत्र/पुत्री/पत्नी----------- यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। इसमें किसी प्रकार का तथ्यगोपन नहीं किया गया है। यदि जॉच में कोई तथ्य/संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूट रचित प्रकार का पाया जाता है तो जनपदीय समिति द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा। मैं किसी प्रकार का वाद किसी भी न्यायालय में दाखिल नहीं करूंगा/करूंगी

दिनांक-

स्थान-

हस्ताक्षर अभ्यर्थिनी का पूरा नाम

# घरेलू बायोगैस से रसोई गैस की 70 फीसदी कम होगी खपत

## ग्राम ऊर्जा मॉडल के तहत नई योजना की शुरुआत, किसान लगाएंगे बायोगैस यूनिट, बनेगी खाद व रसोई गैस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के गांवों की तस्वीर अब बदलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत एक नई योजना की शुरुआत हो रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और ऊर्जा-संपन्न बनाया जाएगा। इस योजना से न केवल घरेलू रसोई गैस की खपत में भारी कमी आएगी, बल्कि जैविक व प्राकृतिक खाद के उत्पादन से कृषि को भी नई दिशा मिलेगी।

इस योजना से एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। संयंत्रों के संचालन, रखरखाव, खाद वितरण, तकनीकी सहायता जैसे कार्यों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को जोड़ा जाएगा। ग्राम-ऊर्जा मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

### किसानों के दरवाजे पर स्थापित होंगी बायोगैस यूनिट

सरकार की योजना है कि केवल गोशालाओं तक सीमित न रहते हुए यह मॉडल किसानों के दरवाजे तक पहुंचे। बायोगैस यूनिटों की स्थापना सीधे किसानों के घरों या खेतों के पास की जाएगी, जिससे वे स्वयं के उपयोग के लिए गैस और खाद दोनों का उत्पादन कर सकें। इससे खेती की लागत में भारी कमी आएगी और उत्पादकता में वृद्धि होगी।

### मनरेगा से बनेगी किसानों की पशुशाला

इस योजना को मनरेगा से भी जोड़ा गया है, जिसके तहत ग्रामीण किसानों को व्यक्तिगत पशुशाला (इंडिविजुअल कैटल शेड) निर्माण का लाभ मिलेगा। इन पशुशालाओं से उत्पादित गोबर का उपयोग बायोगैस यूनिट में कर किसान खुद की रसोई के लिए गैस बना सकेंगे। साथ ही, इससे निकलने वाली स्लरी को वे आसपास के जैविक खेती करने वाले किसानों को बेचकर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकेंगे। इससे वे गैस व खाद दोनों में आत्मनिर्भर बनेंगे।

प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना से रसोई में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी की खपत में करीब 70 फीसद तक की कमी आएगी। इससे न केवल ग्रामीण परिवारों की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। योगी सरकार 43 चयनित गोशालाओं में बायोगैस और जैविक खाद संयंत्रों को चालू करने जा रही है। इन संयंत्रों से न सिर्फ गैस का उत्पादन होगा, बल्कि गोबर से तैयार स्लरी से जैविक/प्राकृतिक खाद भी बनेगी। हर गोशाला से प्रतिमाह 50 क्विंटल स्लरी तैयार होने की संभावना है, जिसे आसपास के किसान उपयोग में ला सकेंगे।

# डिजिटल खतरों से ग्रामीणों को बचाएगा एआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देशभर में 30 सितंबर तक चलेगा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

**अमृत विचार :** वित्त मंत्रालय की पहल पर उत्तर प्रदेश के भी ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस का इस्तेमाल होगा। इस क्रम में देशभर में 1 जुलाई से 30 सितंबर वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत फिशिंग ईमेल्स, फर्जी कॉल्स व अन्य डिजिटल खतरों को लेकर सभी जिलों के 57,702 ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन सम्बन्धी जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इस क्रम में मंगलवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उप्र.) एवं पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) लखनऊ के तत्वाधान में एक संयुक्त प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक आफ बड़ौदा के आंचलिक प्रमुख एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उप्र.) के संयोजक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अभियान से सम्बन्धित जानकारियों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि ग्रामीण नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए उन्हें ओटीपी साझा न करने, फिशिंग ईमेल्स, फर्जी कॉल्स व अन्य डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से हो ग्रामीण नागरिकों के साथ हो रही धोखाधड़ी से बचने के लिये लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान बैंकों द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की 57,702 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शून्य शेष राशि पर प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत खाता खोले जा रहे हैं।

## एक नजर

### लखनऊ में आज जुटेंगे 38 जिलों के डीएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में बुधवार को उत्तर प्रदेश के 38 जिलों के जिलाधिकारी (डीएम) जुटेंगे। महात्मा गांधी मार्ग स्थित आवास विकास मुख्यालय के नवीन सभागार में मतदाता सूचियों के सम्बंध में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा जिलाधिकारियों को मतदाता सूचियों के सम्बंध में जानकारी देंगे। इस मौके पर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### 18 हजार नवजातों को दिया गया ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने 1 से 7 जुलाई के बीच सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले कुल 18,348 नवजातों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसमें लखनऊ मंडल में सर्वाधिक 2555 नवजात शामिल हैं। पौधे हासिल करने वाले अभिभावकों ने बच्चों के साथ ही पौधों की भी देखभाल का संकल्प लिया है। अभिभावकों को लकड़ी, फल व सहजन समेत कई प्रजातियों के पौधे प्रदान किए गए। देवीपाटन मंडल दूसरे व आगरा तीसरे स्थान पर रहा।

### नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर हुई जनसुनवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आगरा में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारी व उपभोक्ता प्रतिनिधि शामिल हुए। उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33,122 करोड़ सरप्लस है। ऐसे में बिजली दरों में बढ़ोतरी के बजाय 45 प्रतिशत की कमी होनी चाहिए।

# सूख चुकी नून और पीली नदी हुईं पुनर्जीवित

## एक जिला-एक नदी अभियान से कानपुर और जौनपुर की दोनों नदियों को मिला नया जीवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 48 किमी लंबी है नून नदी और 43 किमी में प्रवाहित है पीली नदी

**अमृत विचार :** कानपुर नगर की सूख चुकी नून नदी अब दोबारा बहने लगी है। एक समय जो नदी पूरी तरह खत्म हो चुकी थी, नक्शे से गायब, गाद से भरी, अतिक्रमण से दब चुकी थी, वह अब जलधारा बनकर फिर से जीवन देने लगी है। वहीं जौनपुर में आदिगंगा गोमती की सहायक पीली नदी भी जनसहयोग से पुनर्जीवित हो उठी है।

यह परिवर्तन यूं ही नहीं आया, इसके पीछे है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच और प्रतिबद्धता है। जिन्होंने एक जिला-एक नदी पहल के माध्यम से राज्य की मृतप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। 48 किमी. लंबी नून नदी का पुराना रास्ता खोजने में राजस्व अभिलेख, ग्रामीणों की यादें, ड्रोन सर्वेक्षण और सैटेलाइट इमेज का सहारा लिया गया। करीब 6000 श्रमिकों ने 58 ग्राम पंचायतों से मिलकर करीब 23 किलोमीटर की खुदाई और सफाई का कार्य किया। मशीनों की जगह श्रमिकों के श्रम का उपयोग किया गया, जिससे न केवल काम की संवेदनशीलता बनी रही, बल्कि रोजगार भी मिला। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 57 लाख रुपये खर्च हुए और 23 हजार से अधिक मानव दिवस का सृजन हुआ।

अथक प्रयासों के बाद कानपुर की नून नदी में फिर से बहता पानी।

इसी तरह जौनपुर में गोमती नदी की सहायक पीली नदी का जनसहयोग से पुनरोद्धार किया गया। इससे पीली नदी अपने पुराने स्वरूप में दिखने लगी है। वहीं नदियों के किनारे पौधों को रोपा गया है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे और किसानों को फायदा मिले। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि 61.2 किमी पीली नदी में से 43 किमी जौनपुर में प्रवाहित होती है। यह नदी बदलापुर तहसील के देहुणा गांव से निकलकर भलुआ, खनपुर, बहुर, सिरिकना, रामपुर आदि गांव से गुजरती हुई बेलवां गांव के पास गोमती नदी में मिल जाती है।

# 1416 करोड़ के निवेश के लिए 20 कंपनियों को यूनिक आईडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एम्पावर्ड कमेटी की पहली बैठक

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत गठित एम्पावर्ड कमेटी की प्रथम बैठक मंगलवार को आयोजित की गई।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि उप्र. वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत अब तक प्रदेश में कुल 1416 करोड़ रुपये के निवेश के लिए यूपीसीडा द्वारा 20 कंपनियों को यूनिक आईडी आवंटित कर दी गई है। इन सभी कंपनियों का कार्य प्रगति पर है। इसमें से दो कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके तहत मेसर्स ओडब्ल्यूएम लॉजीपार्क वाराणसी एलएलपी को 4.89 करोड़ रुपये तथा मेसर्स केएमआरए एसोसिएट्स एलएलपी, उन्नाव को 4.90 करोड़ रुपये की पूंजीगत सब्सिडी दी जायेगी। मेसर्स ओडब्ल्यूएम लॉजीपार्क वाराणसी एलएलपी ने वाराणसी के ग्राम बिहरा, तहसील राजातालाब में 8.94 एकड़ क्षेत्र में 33.29 करोड़ रुपये का पूंजीगत निवेश कर स्टोरेज फैसिलिटी (वेयरहाउस) परियोजना स्थापित की है। वहीं, मेसर्स केएमआरए एसोसिएट्स एलएलपी ने उन्नाव के ग्राम रसूलपुर, तहसील हसनगंज में 12 एकड़ क्षेत्र में 44.58 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### दिव्यांगजनों से अभद्रता पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में दिव्यांगजनों से अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को योजना भवन में दिव्यांगजनों के लिए गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों को चढ़ने-उतरने में ड्राइवर-कंडक्टर की ओर से सहायता दी जाए और उनके साथ मित्रवत व्यवहार सुनिश्चित किया जाय। शिकायत की स्थिति में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कौशल मेले में दिखी आत्मनिर्भर यूपी की झलक

## विश्व युवा कौशल दिवस पर हुए आयोजन में 100 से अधिक स्टॉल के जरिए प्रस्तुत की प्रदेश की बदलती तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित कौशल मेला में प्रदेश की बदलती तस्वीर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कुशल उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की भावना के साथ आयोजित इस मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी देखने को मिली।

मेले में कौशल विकास मिशन से जुड़े कई प्रशिक्षण संस्थानों, एनजीओ और स्टार्टअप्स ने अपनी सेवाएं और प्रशिक्षण मॉडल प्रदर्शित किए। कई जगह लाइव डेमो के माध्यम से युवाओं को स्किल डेवलपमेंट की प्रक्रिया और परिणाम दोनों को देखने का अवसर मिला। इस मौके पर सॉफ्ट स्किल्स से जुड़े वर्कशॉप जैसे स्पोकन इंग्लिश, इंटरव्यू स्किल्स, पर्सनालिटी ग्रूमिंग तथा सीवी मेकिंग ने युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान देने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, फूड जोन में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता झलकती रही, जिसमें लखनऊ की भेलपुरी, अयोध्या का सिरका, मुजफ्फरनगर की कचौरी, आगरा का पेठा और प्रतापगढ़ का आंवला विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

बच्चों ने यहां पर अपने हाथों से बनाए पोटली बैग्स, कुशन कवर, बाल हैंगिंग्स, जूट के पेंटिंग बैग्स, डोरमैट, आसनी प्रदर्शित किए।

आयुषी निगम।

शिवानी सिंह।

### महिला उद्यमियों और बेटियों की दिखी छाप

कौशल मेले की सबसे उल्लेखनीय झलक रही महिला उद्यमियों और ग्रामीण बेटियों की भागीदारी। आरएसडब्ल्यूएम प्रालि. की सेंट्रल कोऑर्डिनेटर आयुषी निगम ने बताया कि संस्था द्वारा ग्रामीण लड़कियों को सॉफ्ट स्किल और आईटी की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जाती है, जिसमें आवास, भोजन और चिकित्सा सुविधाएं भी शामिल हैं। इन बेटियों द्वारा बनाए गए इको-फ्रेंडली हैंडमेड उत्पाद, पोटली बैग्स, कुशन कवर, बाल हैंगिंग्स, जूट बैग्स, डोरमैट, और दीवार सजावट सामग्री मेले में आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम में श्री सिद्धि विनायक एजुकेशन सोसाइटी की ट्रेनर शिवानी सिंह ने बताया कि यहां बच्चों को तीन महीने तक मुफ्त आवास, भोजन, किताबों के साथ प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के बाद युवाओं को नोएडा समेत कई कंपनियों और हॉस्पिटल में प्लेसमेंट दिलाया जा रहा है।

### स्थानांतरित न्यायाधीशों के लिए फुल कोर्ट रेफरेंस आज

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ के चार न्यायाधीशों का स्थानांतरण अन्य राज्यों के उच्च न्यायालयों में कर दिया गया है। लखनऊ बेंच के न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला का स्थानांतरण दिल्ली हाईकोर्ट में किया गया है, जबकि न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट तथा न्यायमूर्ति जयंतीलाल बनर्जी को कर्नाटक हाईकोर्ट भेजा गया है। केंद्र सरकार ने इन न्यायाधीशों के स्थानांतरण संबंधी अधिसूचना सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय की अनुशंसा पर जारी की। इन न्यायाधीशों को बुधवार को फुल कोर्ट रेफरेंस में विदाई दी जाएगी।

# ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष हुआ तो दलित हो सकता उप मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा और सपा को एक साथ साधने की तैयारी में जुटे भाजपा के रणनीतिकार

**अमृत विचार :** अक्सर चौंकाने वाले निर्णयों के लिए चर्चित भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने यूपी में प्रदेश अध्यक्ष को लेकर अभी पत्ते नहीं खोले हैं। सिर्फ नामों का शिगूफा छोड़ चर्चा-परिचर्चा समेत पक्ष-विपक्ष में अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं की भी परीक्षा ली जा रही है। मगर, धीरे-धीरे साफ हो रहा है कि केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तो उनकी उप मुख्यमंत्री की कुर्सी दलित समाज को मिलेगी।

राजस्थान व एमपी में दलित उप मुख्यमंत्री के सफल प्रयोग को यूपी में भी दोहराकर पंचायत से लेकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा के साथ सपा-कांग्रेस को भी झटका देने की तैयारी है। वैसे केशव प्रसाद मौर्य के यहां जुटने वाले विधायकों-नेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों आदि का मजमा उन्हें भावी प्रदेश अध्यक्ष मानकर अपने-अपने टिकट की सेंटिंग करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। हालांकि केशव प्रसाद के लिए यह पद खास मायने नहीं रख रहा है। वे कार्यकर्ताओं-नेताओं से लेकर मंचों पर भी अपने पहले कार्यकाल की उपलब्धियों को ही मील का पत्थर बताते हैं। कहते हैं कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी के लोगों ने उनके सांगठिक क्षमता को देखा है। पहली बार भाजपा ने नरेंद्र मोदी के नाम पर रिकार्ड 71 सीटें जीतीं। यह सिलसिला उनकी अगुवाई में 2017 के विधानसभा चुनाव में भी दिखा, भाजपा ने 325 सीटों के साथ तीन-चौथाई बहुमत से चुनाव जीता। मौर्य बार-बार 2027 में 2017 दोहराने के पीछे संदेश देना चाहते हैं कि वे बड़े अगुवाकार हैं।

### यूपी में ओबीसी के बाद दलित वोट की सबसे बड़ी हिस्सेदारी

सपा के पीडीए के प्रति बीते लोकसभा चुनाव में दलितों के रूझान और बसपा की नई टीम की तैयारी से भाजपा दलित समाज से प्रदेश अध्यक्ष न दे पाने की सूरत में उप मुख्यमंत्री बनाकर दलित वोटबैंक साधने की रणनीति पर मुहर लगा सकती है। प्रदेश में ओबीसी के बाद दलित वोट की सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। आंकड़ों के मुताबिक, यूपी में 42-45 फीसदी ओबीसी हैं, उसके बाद 20-21 फीसदी संख्या दलितों की है। इसमें सबसे अधिक 14 फीसदी जाटव हैं, जो राजनीतिक रूप से बसपा का आधार वोट रहा है। इसके अलावा दलितों की 66 उपजातियां हैं, जिनमें 55 ऐसी उपजातियां हैं, जिनका संख्या बल ज्यादा नहीं हैं। इसमें मुसहर, बसोर, सपेरा और रंगरेज शामिल हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-21.01 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 05.46 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद 17 जुलाई 4.50 तक।

**मेष** — आज विदेशी कंपनियों से नौकरी या व्यवसाय के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत अवश्य करनी चाहिए। घरेलू कलह होने की संभावना है। लंबी दूरी की यात्रा पर जानें से बचें। बनते कार्यों में रुकावट आने से चिड़चिड़े हो सकते हैं।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं। लोग आपके कार्य की प्रशंसा करेंगे। दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। शांति और धैर्य का परिचय दें। व्यापार में बड़े लाभ मिलने की भरपूर संभावना है। रिश्तेदारों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। घरेलू जीवन में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। संतान की उपलब्धियों से उत्साहित रहेंगे।

**कर्क** — आज अपनी मनोवृत्ति सदैव सकारात्मक रखें। आपको स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा की हानि होने की सम्भावना है। सम्पत्ति विवादों को लेकर आपको बचना चाहिये। व्यवसाय में आपको कुछ आवश्यक फेरबदल करने पड़ सकते हैं।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कार्य का अतिरिक्त दबाव हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के रखरखाव में सावधानी रखें। गूढ़ विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। महिलाओं को हार्मोन संबंधी कुछ समस्या हो सकती है। कानूनी विवादों में आपको परेशान होना पड़ सकता है।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण ऊर्जावान रहेगा। बच्चे अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। परिस्थितियां पूरी तरह से आपके लिए अनुकूल हैं। लंबे समय से रुका हुआ कार्य आज पुन: प्रारम्भ हो सकता है। जीवनसाथी का पर्याप्त सहयोग आपको मिलेगा।

**तुला** — आज जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सहकर्मियों से अत्यधिक सहायता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी होने की सम्भावना है। गर्मी और उमस के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। परीक्षा परिणामों में उत्तम सफलता मिलने वाली है।

**वृश्चिक** — आज नए कार्यों को आरम्भ करना उचित नहीं है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उत्तम परिणाम मिलेंगे। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने की आवश्यकता है। वाहन धीमी गति से चलायें।

**धनु** — आज व्यापार में आप नए प्रयोग कर सकते हैं। सरकार की ओर से आपको लाभ प्राप्त होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आप अत्यधिक रुचि लेने वाले हैं। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मित्र आपसे सहायता की अपेक्षा रखेंगे।

**मकर** — आज आपकी आर्थिक स्थिति अति उत्तम रहने वाली है। जीवनसाथी के साथ आज एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे। महत्वपूर्ण मुद्दों पर परिवार के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे। आपके व्यक्तित्व में निखार आयेगा। नई नौकरी आरम्भ करने के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलने में देरी होगी। बैंकिंग से जुड़े मामलों में सावधानी रखने की आवश्यकता है। बच्चों के साथ आप समय व्यतीत करेंगे। प्रेमी जन के साथ मतभेद होने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ मिलेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने से प्रसन्नता होगी। मूल्यवान वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। सभी कार्य सुगमता से पूर्ण हो जायेंगे।

## वर्ग पहेली-33

बाएं से दाएं

1.1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।
2.1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।
5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़
7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े; जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।
9.1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन
10.1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी; कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

ऊपर से नीचे

2.1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।
3.1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।
4. शोथ, सूजन।
6.1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।
8.1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।



### वर्ग पहेली -32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कि | | 2 टि | 3 पा | रा |
| 4 रँ | ह | च | टा | | ग | |
| | | पि | | 5 गि | ल | 6 न |
| | 7 प | च | मे | ल | | फ़ |
| | रि | | | गि | | सा |
| | षे | | | ला | | नी |
| 8 नि | क | ष | ण | | | |

## सुडोकू-40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2 | |
| 4 | | 3 | | 6 | 1 | | 8 | |
| 5 | | 7 | 8 | 2 | | | | 9 |
| | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | 5 | | 3 | | 8 | | 7 | |
| | 8 | | 4 | | | 5 | | |
| 8 | | | | 5 | 2 | 1 | | 3 |
| | 6 | | 7 | 3 | | 4 | | 8 |
| | 3 | | | | | | | |

### सुडोकू - 39 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 |

# बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर

## सरकार ने जारी किए सीडब्ल्यूएस में एकत्रित नवीनतम आंकड़े, महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

इस साल जून के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस साल अप्रैल में पहली बार मासिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। इसके जरिये देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय में निगरानी की कोशिश की गई है।

वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्रित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मई एवं जून, 2025 के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.6% पर अपरिवर्तित रही, जो इस साल अप्रैल के 5.1% आंकड़े से थोड़ा अधिक है। जून महीने में महिलाओं और पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर पर 5.6% पर अपरिवर्तित रही।

महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर पिछले महीने घटकर 5.6% पर गई, जबकि इस साल मई में यह 5.8% थी। वहीं, 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोज़गारी दर जून में बढ़कर 15.3% हो गई, जो मई, 2025 में 15% थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 18.8% हो गई, जो मई में 17.9% थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आलोच्य महीने में 13.8% थी, जो मई में 13.7% थी।

सीडब्ल्यूएस, सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी का कारण मई, 2025 की तुलना में खुद का काम करने वाले श्रमिकों की हिस्सेदारी में वृद्धि और बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में कमी है। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर भी पिछले महीने बढ़कर 17.4% हो गई, जबकि मई में यह 16.3% थी, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। शहरों में बेरोजगारी दर भी मई के 24.4%से बढ़कर जून में 25.8% हो गई और गांवों में मई के 13 से बढ़कर पिछले महीने 13.7% हो गई।

### 15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों बढ़ी बेरोजगारी दर

15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों में बेरोज़गारी दर मई के 14.5 से बढ़कर जून में 14.7% हो गई। शहरों में यह दर पिछले महीने के 15.8% की तुलना में जून में बढ़कर 16.6% हो गई, जबकि गांवों में बेरोजगारी दर जून के 14 से घटकर 13.8% हो गई। आंकड़ों से पता चला है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जून, 2025 के दौरान 54.2% थी, जबकि मई, 2025 के दौरान यह 54.8% थी। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में एलएफपीआर 56.1% थी और शहरी क्षेत्रों में उक्त आयु वर्ग में जून, 2025 के दौरान 50.4% थी। जून, 2025 के दौरान, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए सीडब्ल्यूएस में एलएफपीआर क्रमशः 78.1 और 75% था, जो मई, 2025 के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 78.3 और 75.1% था। जून, 2025 में एलएफपीआर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में मामूली गिरावट मुख्य रूप से मौसमी कृषि रुझान, भीषण गर्मी और कुछ अवैतनिक सहायकों के घरेलू कामों की ओर रुख करने से प्रभावित थी।

# 4 दिन बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी

## सेंसेक्स 317, निफ्टी 113 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 113 अंक की तेजी रही। खुदरा महंगाई दर के छह साल के निचले स्तर पर आने के साथ वाहन और औषधि शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बीएसई का सेंसेक्स 317.45 अंक की बढ़त के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 113.50 अंक की बढ़त के साथ 25,195.80 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले चार कारोबारी सत्रों में, सेंसेक्स 1,459.05 अंक यानी 1.74% और निफ्टी 440 अंक यानी 1.72% टूटा था। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का शेयर 3.31% के नुकसान में रहा।

जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 9.7% की गिरावट आई है, जिससे इसका शेयर नीचे आया। वहीं, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

### उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.82%

अच्छे मानसून के कारण सब्जियों सहित खाने का सामान सस्ता होने खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर (2 से 6%) के करीब है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82% और जून, 2024 में 5.08% थी। पिछले साल नवंबर से मुद्रास्फीति में गिरावट आ रही है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.95% चढ़ा जबकि मिडकैप 0.83% के लाभ में रहा। बीएसई के 2,576 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,479 में गिरावट दर्ज की गयी। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ।

# फर्जी कॉल्स व साइबर खतरों से बचाने के लिए होगा एआई का प्रयोग: बैंकर्स समिति

लखनऊ, एजेंसी




बैंक उपभोक्ताओं खासकर ग्रामीण नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल ठगी से बचाने को बैंक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद लेंगी। बैंक आफ बड़ौदा के आंचलिक प्रमुख एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उप्र) के संयोजक शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि केंद्र सरकार 1 जुलाई से 30 सितंबर के बीच वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चला रही है। सरकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन की जानकारी दी जा रही है।

उन्होने बताया कि लोगों को ओटीपी साझा न करना, फिशिंग ईमेल्स, फर्जी कॉल्स व अन्य डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक किया जाएगा। एआई की मदद से ग्रामीण नागरिकों के साथ हो रही धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि इस अभियान के दौरान बैंको द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की 57 हजार 702 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शून्य शेष राशि पर प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाता खोले जा रहे हैं। केवल 436 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर दो लाख के जीवन बीमा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा में लोगों का नामांकन किया जा रहा है।

### औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण आरबीआई ने किया शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने कारोबारी धारणा का आकलन करने के लिए भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का तिमाही औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण शुरू किया है। आरबीआई ने तिमाही सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण (एसआईओएस) का 46वां दौर भी शुरू किया है। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के तिमाही बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वे (आईओएस) का 111वां दौर चालू तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए कारोबारी धारणा और आगामी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए उम्मीद का आकलन करेगा। एसआईओएस का 46वां दौर सेवा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के कारोबारी स्थिति और मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार की स्थिति और मूल्य स्थिति से संबंधित संकेतकों से जुड़े सवालों पर आगामी तिमाही के लिए उनकी अपेक्षाओं का आकलन करेगा।

- **सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण के 46वें दौर की भी शुरुआत**

# 6.5% की दर से बढ़ेगा भारत : ईएसी-पीएम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भू-राजनीतिक तनाव व अनिश्चितताओं के बाद भी अर्थव्यवस्था के बढ़ने की उम्मीद**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

देव ने कहा कि अच्छे मानसून और नीतिगत ब्याज दर में तीन कटौतियों से मुद्रास्फीति कम रहने से घरेलू वृद्धि को समर्थन मिलेगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के दोहरे झटके जैसी कई वैश्विक चुनौतियां हैं। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था जुझारू है और यह बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना हुआ है। 2025-26 के पहले दो महीनों के प्रमुख संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था के जुझारू प्रदर्शन का संकेत देते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.5% की दर से बढ़ पाना संभव है। उन्होंने कहा, मजबूत राजकोषीय प्रबंधन के साथ भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाएं मजबूत प्रतीत होती हैं। बढ़ते सरकारी पूंजीगत व्यय का निजी उपभोग में स्वस्थ वृद्धि के साथ वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) व विश्व बैंक ने अनिश्चित वैश्विक परिवेश और व्यापार तनाव को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में भारत के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर क्रमशः 6.2 और 6.3% कर दिया है। देव ने कहा कि घरेलू स्तर पर मौजूद कई अनुकूल परिस्थितियां निवेश, उपभोग और निर्यात को बढ़ावा देकर ग्रामीण और शहरी दोनों मांग को बढ़ा सकती हैं।

## राष्ट्रीय

# लोग किसी को कुछ भी कह देते हैं : सुप्रीम कोर्ट

## मोदी, आरएसएस पर आपत्तिजनक कार्टून पर कार्टूनिस्ट को मिला संरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी व आरएसएस के आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को मंगलवार को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक पोस्ट पर भी चिंता व्यक्त की और अंकुश लगाने को न्यायिक आदेश पारित करने पर बल दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व अरविंद कुमार की पीठ ने कहा, लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा। पीठ ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्य प्रदेश में दर्ज प्राथमिकी के मद्देनजर राज्य की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में माफी मांग ली गई है। हालांकि, पीठ ने आगाह किया कि अगर कार्टूनिस्ट सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालते रहे, तो राज्य सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने 'एक्स' पर न्यायपालिका के खिलाफ भी मालवीय के कुछ अन्य पोस्ट का जिक्र किया, जिसके बाद पीठ ने कहा, यदि याचिकाकर्ता सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट डालते हैं, तो प्रतिवादी राज्य (मध्य प्रदेश) को कानून के अनुसार आगे बढ़ने की स्वतंत्रता होगी। ग्रोवर ने विधि अधिकारी की दलील का विरोध करते हुए कहा, इससे तो समस्याओं का पिटारा खुल जाएगा।

### ईडी के अधिकार संबंधी फैसले की मांग पर 31 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की, जिसमें पीएमएलए के तहत धन शोधन में शामिल लोगों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारों को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामले को 31 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया, जब केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह उपलब्ध नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर मामला 31 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाता है, तो उन्हें आपत्ति नहीं है। 7 मई को, शीर्ष अदालत ने केंद्र और याचिकाकर्ताओं से उस फैसले को चुनौती देने को लेकर मुद्दे तय करने को कहा, जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था।

### उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड में आरोपियों की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा, जिसमें मामले पर आधारित फिल्म की रिलीज का विरोध किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जे. बागची की पीठ ने कहा कि उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल दर्जी मर्डर की रिलीज पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली फिल्म निर्माताओं की याचिका 16 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। यह फिल्म पिछले हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज़ होने वाली थी। शीर्ष अदालत में यह याचिका मोहम्मद जावेद ने दायर की थी, जो आठवें आरोपी के रूप में मुकदमे का सामना कर रहा है।

### आप कुत्तों को घर पर खाना क्यों नहीं देते: कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को याचिकाकर्ता से पूछा, आप उन्हें घर में खाना क्यों नहीं देते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, क्या हमें इन बड़े दिलवाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? जानवरों के लिए तो जगह है, लेकिन इंसानों के लिए जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।यह याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है।

# मोदी शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1, संप्रग में 8.1% थी : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की सराहना की**

भाजपा ने नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की मंगलवार को सराहना की। खुदरा मुद्रास्फीति जून में घटकर छह साल के निचले स्तर 2.1% पर आने के बाद पार्टी ने यह बात कही।

पार्टी के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1% रही है, जबकि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में यह औसत 8.1% थी। भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि जनवरी 2012 से अप्रैल 2014 के बीच जब संप्रग सत्ता में था तब खुदरा मुद्रास्फीति 28 महीनों में से 22 महीनों में नौ प्रतिशत से अधिक रही।

उन्होंने कहा कि यहां तक कि कई बार यह दोहरे अंकों में भी पहुंच गई थी। मालवीय ने एक्स पर लिखा, इसके विपरीत मोदी सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति को अधिकतर 5% से नीचे बनाए रखा और इसे कभी 8% से ऊपर नहीं जाने दिया।

संप्रग के अंतिम तीन साल के कार्यकाल में भारत औसतन 9.8% की खुदरा मुद्रास्फीति से जूझ रहा था। यह इस लिहाज से और खराब थी कि उस समय वैश्विक मुद्रास्फीति अपेक्षाकृत स्थिर तथा 4-5% के बीच थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को बयान में कहा कि सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से खुदरा महंगाई दर जून में घटकर छह साल से भी अधिक के निचले स्तर 2.1% पर आ गई है।

## एक नजर

### इंजीनियर रशीद की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र को लेकर लोकसभा सांसद इंजीनियर रशीद की अर्जी पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने बारामूला के सांसद रशीद की याचिका पर 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। रशीद ने इस याचिका में सांसद के तौर पर अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए अंतरिम जमानत या अभिरक्षा पैरोल का अनुरोध किया था।

### जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, 5 की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से एक महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक लोग थे। यह दुर्घटना डोडा शहर से 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई।

### करंट से झुलसे बच्चे के काटने पड़े हाथ, चार पर केस

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव में करंट लगने से झुलसे 7 वर्षीय बच्चे के दोनों हाथ काटने पड़े जिसके बाद पुलिस ने बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ), कनिष्ठ अभियंता (जेई) समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दनकौर थाना क्षेत्र के गांव अच्छेजा बुजुर्ग में 22 मई को हुई घटना के संबंध में सोमवार रात शिकायत दर्ज कराई गई।

# दिल्ली: सेंट स्टीफंस और द्वारका स्थित स्कूल को बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल को मंगलवार को ईमेल से बम की धमकी मिली, जिसके बाद दोनों परिसरों में आपातकालीन सेवाएं पहुंचीं और परिसरों में तलाशी ली।

पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने कहा कि सेंट स्टीफन कॉलेज की ओर से कहा गया है कि कॉलेज को सुबह सवा सात बजे बम की धमकी मिली थी।

### मुंबई में बीएसई भवन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) भवन को ईमेल से बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी लेने के बाद यह झूठी निकली। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के कर्मचारी को रविवार को ईमेल पर संदेश मिला, जिसमें दक्षिण भारत के एक नेता का नाम था। ईमेल में दावा किया गया था कि बीएसई भवन में चार आरडीएक्स (विस्फोटक पदार्थ) युक्त परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) लगाए गए हैं।

## आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध बोर्ड ने ठुकराया

**पुणे।** किशोर न्याय बोर्ड ने पुणे पुलिस की उस अर्जी को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें पिछले साल नशे में पोर्श कार चलाने और दो लोगों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया था। यह घटना पिछले साल पुणे के कल्याणी नगर इलाके में घटी थी, जिसमें बाइक सवार आईटी पेशेवर अनीश अवधिया और उसकी दोस्त अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। पुलिस ने पिछले साल यह कहते हुए आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति का अनुरोध किया था कि उसने जघन्य कृत्य किया है और उस पर न केवल दो लोगों की हत्या, बल्कि सबूतों से छेड़छाड़ के भी आरोप हैं। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक, किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध ठुकरा दिया।

**पुणे पोर्श कार का मामला**

## अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा को लेकर सेना और केंद्र व राज्य सरकार काफी सतर्क है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने चौकसी बढ़ा रखी है। इसी क्रम में श्रीनगर के लाल चौक पर मुस्तैदी से खड़े सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

### आतंकवाद के आरोपी को जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के कार्यकर्ता को जमानत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि वह अपने 'प्रभाव' के चलते सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने आरोपी अर्सलान फिरोज अहेनगर (जिसकी उम्र 20 साल के आसपास बताई गई) के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए। पीठ ने 7 जुलाई को पारित आदेश में कहा कि अर्सलान ने आतंकवादियों की तस्वीरें पोस्ट कीं और लोगों को आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए उकसाया। यह नहीं कहा जा सकता कि अपीलकर्ता (अर्सलान) के खिलाफ यह दिखाने के लिए सबूत नहीं है कि वह मारे गए आतंकवादी मेहरान यासीन शल्ला से जुड़ा था या उसने आतंकवादी गतिविधियों में हिस्सा लिया था।

- **कोर्ट ने कहा- आरोपी सबूतों से कर सकता है छेड़छाड़**

### हैदराबाद में भाकपा नेता की हत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता की मंगलवार सुबह यहां मलकपेट में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भाकपा की राज्य परिषद सदस्य के. चंदू नाइक (47) सुबह की सैर पर निकले थे, तभी एक पार्क के पास कार सवार हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं, जिससे भाकपा नेता की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व क्षेत्र) एस चैतन्य कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुमार ने कहा कि वारदात को तीन-चार लोगों ने अंजाम दिया है।

# ओडिशा : छात्रा की मौत, सीएम बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

भुवनेश्वर, एजेंसी

- **एम्स के दीक्षांत समारोह में पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू ने भी की थी पीड़िता से मुलाकात**

एक शिक्षक द्वारा यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली छात्रा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दम तोड़ दिया। बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय की बीएड की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीन दिन तक मौत से लड़ने के बाद सोमवार रात दम तोड़ दिया। शिक्षक पर कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया।

छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सभी दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। छात्रा को पहले बालासोर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और फिर भुवनेश्वर स्थित एम्स भेज दिया गया। मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा, छात्रा की मृत्यु की खबर से बेहद दुखी हूं। सरकार द्वारा सभी जिम्मेदारियों को निभाने और विशेषज्ञ चिकित्सा दल के अथक प्रयासों के बावजूद, छात्रा को नहीं बचाया जा सका।

भुवनेश्वर स्थित एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार शाम को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के 'बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी' विभाग का दौरा किया था और छात्रा का हालचाल जाना था।

### विपक्ष ने 17 जुलाई को ओडिशा बंद का किया आह्वान

कांग्रेस नीत आठ विपक्षी दलों ने कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में 17 जुलाई को ओडिशा बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि बंद को वाम दलों सहित आठ दलों का समर्थन प्राप्त है। महाविद्यालय में हुई यह घटना दर्शाती है कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकाम रही है। दास ने सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला करते हुए कहा, छात्रा पेट्रोल लेकर आई और सब देखते रहे। किसी ने कोई कदम नहीं उठाया। छात्रा को न्याय दिलाने के लिए बंद का आह्वान किया गया है।

### परिजनों को 20 लाख की अनुग्रह राशि देंगे मुख्यमंत्री माझी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आत्मदाह करने वाली छात्रा के परिवार के लिए 20 लाख की अनुग्रह राशि देने की मंगलवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, माझी ने घटना की उचित जांच का निर्देश दिया है। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने भी छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर कहा, महाविद्यालय की छात्रा की मृत्यु की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। उसकी मृत्यु सिर्फ घटना नहीं है, यह हमारे परिसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की सख्त जरूरत का एक साफ संकेत है। कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

## एक नजर

मुंबई : गोवा एसेस जेए रेसिंग के मालिक जॉन अब्राहम, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली और स्पीड डेमन्स दिल्ली के मालिक अर्जुन कपूर इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2025 के संबंध में जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

### लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी का तय हुआ खाका

**लॉस एंजिल्स :** लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं।

### कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

लंदन : इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मुझे लगता है कि मैं (इंग्लैंड की जीत के बाद) थोड़ा भावुक हो गया था। यह सफर काफी लंबा रहा। मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।

### पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

मोहाली : पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले।

### ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर

**टोक्यो :** ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

# जडेजा जोखिम उठाकर खेल सकते थे आक्रामक शॉट

रविंद्र जडेजा।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था।

जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली, लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। चेन्नई में जनवरी 1999 में खेले गए उस टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा रहे कुंबले ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा मुझे इस मैच को देखकर चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया टेस्ट मैच याद आ गया। इसमें हम 12 रन से हार गए थे। (सिराज का आउट होना) कुछ वैसा ही था। टीम लक्ष्य से सिर्फ 22 रन दूर थी।

● अनिल कुंबले ने जीत के करीब पहुंचकर हार पर जताई निराशा

जडेजा एक छोर पर बस खड़े रहे। मेरा मतलब है, वह भारत को जीत के इतने करीब लाने की योजना में सफल रहे, लेकिन इंग्लैंड ने कोई ढिलाई नहीं बरती। जडेजा ज्यादातर ओवर की चौथी या पांचवीं गेंद पर एक रन चुरा रहे थे, लेकिन कुंबले का मानना है कि उन्हें कम गति के गेंदबाजों के खिलाफ जोखिम उठाना चाहिए था। कुंबले ने कहा उन्हें उन गेंदबाजों का चयन करना चाहिए थे जिसके खिलाफ वह आक्रामक रूख अपना सकते थे। क्रिस वोक्स, जो रूट और बशीर ऐसे गेंदबाज थे। बशीर और रूट भले ही ऑफ स्पिनर है लेकिन उनकी गेंद बहुत ज्यादा टर्न नहीं ले रही थी। उन्होंने कहा अगर किसी को जोखिम उठाना था तो वह जडेजा ही थे जिन्हें ऐसा करना चाहिए था। उन्होंने बुमराह और सिराज के साथ बल्लेबाजी के दौरान अपने पास ज्यादा स्ट्राइक रखकर अच्छा काम किया लेकिन सिराज को बशीर का पूरा ओवर खेलने के लिए देना जोखिम भरा था। उन्हें इसकी जगह खुद ही आक्रामक रुख अपनाना चाहिए थे।

कुंबले ने जडेजा की नाबाद 61 रन की जुझारू पारी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 170 रन पहुंचा कर लगभग चमत्कार कर दिया था। कुंबले ने कहा वह पूरे समय बेहतरीन रहे। वह दिन के छठे ओवर में ही बल्लेबाजी के लिए आ गये थे और आखिर तक नाबाद रहे। बुमराह और सिराज के साथ 82 पर 7 विकेट गिरने के बाद स्कोर को दोगुना करना अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा उनकी बल्लेबाजी देखकर टीम के अन्य बल्लेबाज खुद के प्रदर्शन से निराश होंगे। भारत को दोनों पारियों में लगभग 65 अतिरिक्त रन देना भी भारी पड़ा। यह चर्चा का एक बड़ा विषय होगा। कुंबले ने कहा कि जोफ्रा आर्चर की गेंद कंधे पर लगने से सिराज थोड़े असहज हो गये और उनका ध्यान थोड़ा भंग हो गया।

किंग चार्ल्स तृतीय ने लंदन के क्लेरेंस हाउस में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ मुलाकात की। ● एजेंसी

## किंग चार्ल्स तृतीय ने गिल से पूछा

### आखिरी बल्लेबाज के आउट होने पर आपको कैसा महसूस हुआ था

**लंदन :** किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को क्लेरेंस हाउस के बगीचे में भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों से मुलाकात के दौरान मोहम्मद सिराज के आउट होने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया लेकिन इसके बारे में भारतीय कप्तान शुभमन गिल से पूछे बिना नहीं रह सके। ब्रिटेन के 76 वर्षीय महाराजा ने भारतीय क्रिकेटरों के साथ इस खेल को लेकर काफी समय तक चर्चा की। गिल ने उनसे टीम की मुलाकात को अद्भुत करार दिया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी और उप उच्चायुक्त सुजीत घोष के साथ कांग्रेस राज्यसभा सांसद एवं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तथा सचिव देवजीत सैकिया इस दौरान वहां मौजूद थे। गिल ने मुलाकात के बाद कहा यह अद्भुत था। मुझे लगता है कि वह (किंग चार्ल्स) बहुत दयालु और उदार हैं। हमारी उन से बहुत अच्छी बातचीत हुई। भारत को सोमवार को लॉर्ड्स मैदान पर शृंखला के रोमांचक तीसरे टेस्ट मैच में 22 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत के आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे कि शोएब बशीर की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेने के बाद धीरे से विकेट से टकराई और फिर गिल्लियां गिर गयी। गिल ने कहा उन्होंने (किंग चार्ल्स) हमें बताया कि हमारे आखिरी बल्लेबाज के आउट होने का तरीका काफी दुर्भाग्यपूर्ण था, गेंद लुढ़कती हुई विकेट पर लग गई। वह हमसे बस पूछ रहे थे उसके बाद आपको कैसा महसूस हुआ? और हमने उन्हें बताया कि यह हमारे लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण मैच था। उम्मीद है कि अगले दोनों मैचों में हमें किस्मत का अच्छा साथ मिलेगा। गिल ने कहा कि भारतीय टीम जब भी इंग्लैंड में खेलती है, उसे प्रवासियों भारतीय से जबरदस्त समर्थन मिलता है।

### पंत का रन आउट होना निर्णायक पल था : गिल

**लंदन :** भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंतत: भारत 170 रन पर ऑल आउट हो गया और 22 रन से हार गया। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं।

### गिल तकनीकी रूप से उतने मजबूत नहीं दिखे : वॉन

**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे तो वह तकनीकी रूप से मजबूत नहीं दिखे और उन्होंने धैर्य की कमी भी नजर आई। शुभमन गिल ने शृंखला के पहले दो टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में शतक बनाया और फिर बर्मिंघम में शतक और दोहरा शतक जड़कर कई रिकॉर्ड तोड़े।

### स्पिनर डॉसन की आठ साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी

**लंदन :** बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने आठ साल के अंतराल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की। उन्हें भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है। तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते समय बशीर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। यह मैच इंग्लैंड ने 22 रन से जीता था। चोट के बावजूद बशीर ने भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट करके अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की। 35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। वह कई वर्षों से हैम्पशर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। डॉसन ने अब तक 212 प्रथम श्रेणी मैचों में 371 विकेट लिए हैं। वह निचले मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।

**टीम**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# आक्रामक बल्लेबाज शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची

दुबई, एजेंसी

भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई है।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी। भारत की ऐतिहासिक 3-2 से शृंखला जीत में अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की सुधार के साथ 39वें स्थान पर और हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गयी। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गयी है। राधा यादव तीन पायदान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर है। इस रैंकिंग में शृंखला गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम के कई खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है। शृंखला के आखिरी मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल करने वाली स्पिनर चार्ली डीन रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रनों पर ढेर किया

किंग्स्टन (जमैका), एजेंसी

● सीरीज 3-0 से जीती, मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर झटके छह विकेट

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रनों पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रनों से जीत कर शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रनों के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे।

ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क 400वां विकेट हासिल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रनों और दूसरा टेस्ट मैच 133 रनों से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा यह शानदार शृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा। स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

# महिला विश्व कप से पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से अभ्यास मैच खेलेगा भारत

दुबई, एजेंसी

भारत इस साल सितंबर-अक्टूबर में अपनी और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप से पहले बेंगलुरु में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। पाकिस्तान अपने अभ्यास मैच और विश्व कप मैच दोनों श्रीलंका में खेलेगा। यह बीसीसीआई और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आपसी सहमति से तय किया है। भारत 25 सितंबर को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा और 30 सितंबर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होने से तीन दिन पहले 27 सितंबर को न्यूजीलैंड से उसी स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान 25 और 28 सितंबर को कोलंबो के कोलंबो क्रिकेट क्लब में क्रमशः श्रीलंका और श्रीलंका 'ए' टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। आईसीसी ने कहा 25 से 28 सितंबर तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान (दोनों बेंगलुरु), आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (दोनों कोलंबो) में कुल नौ दिन-रात्रि मैच खेले जाएंगे।

**अभ्यास मैचों का कार्यक्रम**

**25 सितंबर :** भारत बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम पाकिस्तान, कोलंबो क्रिकेट क्लब। बांग्लादेश बनाम श्रीलंका 'ए', आर प्रेमदासा स्टेडियम।

**27 सितंबर :** ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। भारत बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, कोलंबो क्रिकेट क्लब।

**28 सितंबर :** दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत 'ए', बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पाकिस्तान बनाम श्रीलंका 'ए', कोलंबो क्रिकेट क्लब।

**यहां होगा विश्व कप**

एकदिवसीय विश्व कप की 12 साल बाद उपमहाद्वीप में वापसी हो रही है। यह टूर्नामेंट 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों - एम चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में खेला जाएगा।

# प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल थे फौजा सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

● 114 वर्ष की उम्र में वाहन की टक्कर से हो गया है निधन

● 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़ना किया था शुरू

वर्ष 2016 में मुंबई में जॉगिंग करते हुए फौजा सिंह। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

पुरानी कहावत है कि दोबारा शुरुआत करने में कभी देर नहीं होती और अगर कभी इस बात के प्रमाण की जरूरत पड़े तो एक बार फौजा सिंह के जीवन पर गौर कर लेना जिन्होंने प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल पेश की। फौजा सिंह ने 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़नी शुरू की और फिर दुनिया भर में अपने जोश और जज्बे का डंका जमाया। उनका सोमवार को 114 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी उम्र के बावजूद, यह एक दिल दहला देने वाला अचानक अंत था। वह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

फौजा सिंह ने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया। वह जब मैराथन धावक बने तो उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा ब्रिटेन में बिताया, लेकिन संन्यास लेने के बाद तीन साल पहले वह अपने गांव लौट आए थे। उनकी जीवनी 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' के लेखक खुशवंत सिंह ने कहा हम हमेशा उनसे कहते थे कि भारत में दौड़ने वाले उनकी उम्र के व्यक्ति को हमेशा टक्कर लगने का खतरा बना रहता है, क्योंकि यहां वाहन चलाने का तरीका बहुत लापरवाही वाला है। दुर्भाग्यवश आखिर में ऐसा ही हुआ। फौजा की असली कहानी तब शुरू हुई जब ज्यादातर लोगों के लिए समय धीमा पड़ जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो जिंदगी की कई त्रासदियों से जूझ चुके हैं। वह भी जीवन के इन थपेड़ों से जूझ रहे थे।

फौजा सिंह 90 के दशक के मध्य में अपने छोटे बेटे की मौत से काफी व्यथित हो गए थे। इसके बाद जब उनकी पत्नी और बेटी का भी निधन हो गया तो उन्हें इंग्लैंड के एसेक्स में एक स्थानीय क्लब में दौड़ने से सांत्वना मिली। खुशवंत ने बताया गांव वालों ने उनके एक बेटे से कहा कि वह उन्हें ब्रिटेन ले जाए, क्योंकि वह श्मशान घाट जाते रहते थे और घंटों वहीं बैठे रहते थे। इसलिए वह इलफोर्ड (पूर्वी लंदन का एक शहर) चले गए। फौजा सिंह ने वहां पहुंचने के बाद ही दौड़ना शुरू किया। इसके बाद वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर के धावक बन गए और उन्होंने अपने दमखम और जज्बे से दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया। उन्होंने लंदन, न्यूयॉर्क और हांगकांग की प्रसिद्ध मैराथनों सहित अन्य मैराथनों में भाग लिया और कमजोर पैरों के साथ पैदा हुए 90 वर्ष से अधिक उम्र के इस व्यक्ति ने इस दौरान कुछ अच्छा समय भी निकाला जिससे पेशेवर धावक भी हैरान थे।

**मैराथन से कमाए हर पैसे को कर देते थे दान**

फौजा सिंह ने कहा वह ऐसे व्यक्ति थे जिनमें कोई लालच नहीं था। मैराथन दौड़कर कमाए गए हर एक पैसे को वह दान में देते थे। जब वह प्रसिद्ध हो गए, तो लोग गुरुद्वारों में भी उनके पास पैसे देने आते थे, लेकिन वह तुरंत ही उस धनराशि को वहां के दानपात्रों में डाल देते थे। एक सच्चे, बड़े दिल वाले रूमानी पंजाबी की तरह, फौजा को अपनी पिन्नियां (घी, आटे और गुड़ से बनी मीठी गोलियां जिन पर सूखे मेवे लगे होते हैं) और मैकडॉनल्ड्स से कभी-कभार मिलने वाला स्ट्रॉबेरी शेक बहुत पसंद था। लेकिन वह एक अनुशासित धावक भी थे जो दौड़ से पहले कड़ा अभ्यास करते थे। उनकी सबसे यादगार दौड़ में से एक 2011 की थी जब वह 100 वर्ष के हो गए थे। टोरंटो में आयोजित आमंत्रण प्रतियोगिता का नाम उनके सम्मान में रखा गया था।

# ऑर्थोडॉक्स पार्टी गठबंधन से अलग, नेतन्याहू को झटका

तेल अवीव, एजेंसी

● गाजा में युद्ध के निर्णायक दौर में सरकार अस्थिर होने की आशंका

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में प्रमुख सहयोगी दल रहे अति-रूढ़िवादी दल ने मंगलवार को कहा कि वह गठबंधन सरकार छोड़ रही है। अति-रूढ़िवादी दल की इस घोषणा को गाजा में युद्ध के निर्णायक समय में इजराइली नेता के शासन को अस्थिर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यूनाइटेड टोरा जूडिज्म नामक पार्टी के दो गुटों ने कहा कि वे एक कानून पर असहमति के कारण सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह कानून अपने सदस्यों के लिए व्यापक सैन्य मसौदा छूट को संहिताबद्ध करेगा। इन दलों के सदस्यों में से कई लोग सेना में भर्ती होने के बजाय यहूदी ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। इस मुद्दे ने यहूदी इजराइलियों को विभाजित कर रखा है, जिनमें से अधिकांश को सेना में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। इजराइलियों में यह दरार तब से और गहरी होती जा रही है, जब से गाजा में युद्ध शुरू हुआ है और सैनिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इजराइल की राजनीति में लंबे समय से 'किंगमेकर' की भूमिका निभाने वाली पार्टी के जाने से नेतन्याहू को तत्काल कोई खतरा नहीं है।

## ट्रंप को शिक्षा विभाग में 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शिक्षा विभाग को समाप्त करने की उनकी योजना को फिर से आगे बढ़ाने और लगभग 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति दे दी है।

तीन न्यायमूर्तियों की असहमति बावजूद, उच्चतम न्यायालय ने बोस्टन के डिस्ट्रिक्ट न्यायाधीश मयोंग जॉन के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी को रद्द करते हुए अंतरिम रोक लगाई थी। जॉन ने आदेश में कहा था, छंटनी से विभाग संभवतः कमजोर हो जाएगा।'एक संघीय अपीलीय अदालत ने भी प्रशासन की अपील पर इस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## मुस्लिम देशों में शरीया कानून का हिस्सा है

# ब्लड मनी परंपरा

केरल की नर्स निमिषा को यमन में फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद इस इस्लामी देश की 'ब्लड मनी' नाम की वह परंपरा भी चर्चा में आई है जो पैसों के बदले मौत की सजा माफ कर देती है। ब्लड मनी को अरबी में दिया कहा जाता है और यह परंपरा उन कई और मुस्लिम देशों में लागू है जहां इस्लामी शरीया कानून का प्रभाव है। इस पारंपरिक कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी की हत्या का गुनहगार है तो वह मृतक के परिवार को मुआवजा देकर सजा में छूट या माफी हासिल कर सकता है।

### इन देशों में भी ब्लड मनी जैसा कानून

**सऊदी अरब :** दिया यानी ब्लड मनी यहां शरीया कानून के अनुसार लागू है। हत्या, दुर्घटना और मेडिकल लापरवाही में भी ब्लड मनी दी जा सकती है। पीड़ित परिवार चाहे तो ब्लड मनी लेकर दोषी को माफ कर सकता है और इससे फांसी की सजा रुक सकती है।

**ईरान :** ईरान की इस्लामी दंड संहिता में ब्लड मनी को मान्यता है। अब तक यहां महिला और पुरुष की ब्लड मनी में अंतर होता था लेकिन अब इसे बराबरी की ओर लाया जा रहा है। विदेशी नागरिकों को भी कुछ मामलों में इसका फायदा या नुकसान झेलना पड़ता है।

**पाकिस्तान :** पाकिस्तान में सन् 1990 के दशक में दिया और किसास कानून लागू किए गए। ये कानूनी दंड संहिता से हटकर शरीया आधारित है। इसमें पीड़ित के परिवार को मुआवजा लेकर दोषी व्यक्ति को माफ करने का अधिकार है। अदालत इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करती।

**संयुक्त अरब अमीरात :** यूएई में भी शरीया कानून दिया लागू है। अफगानिस्तान, सूडान, नाइजीरिया समेत कई और देशों में आंशिक या पूर्ण रूप से दिया लागू है, वहां भी पीड़ित परिवार को सजा माफ करने का अधिकार है।

### समर्थन

ब्लड मनी परंपरा इस्लामी न्याय प्रणाली का हिस्सा है। इससे पीड़ित के परिवार को कुछ राहत मिलती है, साथ ही बदले की भावना को रोकने में मदद मिलती है।

### आलोचना

अमीर अपराधियों को बच निकलने का मौका मिलता है और न्यायिक समानता पर सवाल उठते हैं। इसके अलावा गरीब पैसे के अभाव में न्याय नहीं दिला पाते।

### पश्चिमी देश

पश्चिमी देशों में सीधे तौर पर ब्लड मनी जैसा शरीया आधारित सिस्टम नहीं है, लेकिन वहां सिविल सूट और मुआवजा/क्षतिपूर्ति की व्यवस्था होती है।

### ब्लड मनी के चर्चित केस

- उत्तर प्रदेश के रईस खान को सऊदी अरब में एक पाकिस्तानी नागरिक की हत्या के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी। भारतीय सामाजिक संगठनों और परिवार ने मृतक के परिवार को लगभग 30 लाख रुपये ब्लड मनी देकर माफी दिलवा दी।
- एक अमीर व्यवसायी के बेटे शाहरुख जटोई ने कराची में युवा छात्र शाहजेब खान की हत्या कर दी थी। जनता में भारी गुस्सा फैला मगर शाहजेब के परिवार ने शाहरुख से ब्लड मनी लेकर उसे माफ कर दिया। लोगों ने इसे पैसे वालों का न्याय तंत्र से खिलवाड़ कहा।
- पंजाब के नवदीप पर 2019 में एक साथी भारतीय की हत्या का आरोप लगा। सऊदी कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई। लेकिन एनजीओ और गुरुद्वारों की मदद से करीब 1 करोड़ रुपये की ब्लड मनी दिए जाने के बाद मृतक के परिवार ने उसे माफ कर दिया।

## एक नजर

### दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का निधन

**मुंबई।** मनोज कुमार की फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में अभिनय करने और हिट टेलीविजन शो 'ओम नमः शिवाय' और 'अदालत' के निर्माण के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके एक पारिवारिक मित्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वह 79 वर्ष के थे। कुमार निमोनिया से गंभीर रूप से पीड़ित थे और उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया गया था।

### छत्तीसगढ़: 30 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 30 नागरिकों को उनके देश वापस भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से इन लोगों को निर्वासित करने की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर हवाईअड्डे से विमान के जरिए गुवाहटी भेजा गया। घुसपैठियों को रायपुर पुलिस बीएसएफ को सौंपेगी फिर असम से बंगलादेश सीमा पर बीएसएफ के जरिए निर्वासन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### गजनी में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

**काबुल।** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

### सिन्हा सीएम अब्दुल्ला से दुर्व्यवहार पर माफी मांगें

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने प्रदेश की पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ की गई धक्कामुक्की के लिए उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से माफी मांगने की मांग की है। चौधरी ने कहा कि जुलाई 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जाते समय निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ दुर्व्यवहार लोकतंत्र और जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान है। चौधरी ने कहा, उमर अब्दुल्ला सिर्फ मेरे नेता नहीं हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। यह सिर्फ़ उमर साहब का अपमान नहीं था। यह जम्मू-कश्मीर और पूरे देश में लोकतंत्र का अपमान था।

# कैदियों को महंगा खाना न मिलना मौलिक अधिकारों का हनन नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जेल सुधारात्मक संस्थान है, सुविधाओं का विस्तार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जेल में कैदियों को उनका पसंदीदा भोजन या महंगे खाद्य पदार्थ न दिया जाना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार सभी कैदियों को हासिल है, लेकिन यह पसंदीदा या शानदार भोजन की मांग करने का अधिकार नहीं देता।

पीठ ने कहा, केवल पसंदीदा या महंगी खाद्य सामग्री की आपूर्ति न किए जाने को मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं माना जा सकता। राज्य का दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांगों सहित सभी कैदियों को पर्याप्त, पौष्टिक और चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त भोजन मिले, जो चिकित्सा प्रमाणीकरण के अधीन हो। शीर्ष अदालत ने जेल को सुधारात्मक संस्थान बताया, न कि नागरिक समाज की सुविधाओं का विस्तार। उसने कहा कि गैर-जरूरी या महंगी वस्तुओं की आपूर्ति न करना संवैधानिक या मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है, जब तक कि इससे स्वास्थ्य या सम्मान को स्पष्ट नुकसान न पहुंचे।

पीठ ने कहा, जेलों को अक्सर आपराधिक न्याय प्रणाली का 'अंतिम छोर' माना जाता है, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सख्त अनुशासन, कठोर परिस्थितियों और न्यूनतम स्वतंत्रता के लिए तैयार किया गया है।

सर्वोच्च अदालत ने 'बेकर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' से पीड़ित अधिवक्ता एल. मुरुगनन्थम की मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्हें पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। मुरुगनन्थम को सजा एक जमीन विवाद में मिली थी जिसमें उनका परिवार एक अन्य व्यक्ति के साथ उलझा हुआ था। उन्होंने दावा किया कि कारावास के दौरान उन्हें प्रतिदिन चिकित्सा और पर्याप्त प्रोटीन युक्त भोजन, जैसे अंडे, चिकन और मेवे नहीं मिले।

### आतंकी कृत्य के दोषी की समय पूर्व रिहाई से इन्कार

नई दिल्ली। शीर्ष न्यायालय ने एक आतंकवादी कृत्य से जुड़े तिहरे हत्याकांड के दोषी गुलाम मोहम्मद भट की समय पूर्व रिहाई का आदेश देने से इन्कार कर दिया। हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने भट को एक अन्य लंबित मामले में आवेदन दायर करके केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की सजा छूट नीति को चुनौती देने की अनुमति दे दी। पीठ ने भट की समय पूर्व रिहाई की याचिका पर इस आधार पर सुनवाई की कि उसने 27 साल जेल में बिताए हैं। भट कथित तौर पर एक सेना के मुखबिर के घर में घुस गया था और एके-47 राइफल से गोली चला दी थी, जिसमें तीन लोग मारे गए थे।

### दिव्यांगों का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणी पर समय रैना, दूसरे इन्फ्लुएंसर कोर्ट में पेश

**नई दिल्ली।** दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाने के आरोप में कार्रवाई की मांग को लेकर दर्ज मामले में 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के प्रस्तोता समय रैना सहित पांच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने उन्हें याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। उन पर दिव्यांगों और स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी तथा दृष्टिहीनता से पीड़ित लोगों का मजाक उड़ाने का आरोप है। उन्हें अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया गया है। शीर्ष अदालत ने इन्फ्लुएंसर सोनाली ठक्कर उर्फ सोनाली आदित्य देसाई को कुछ शारीरिक समस्या के कारण अगली सुनवाई पर डिजिटल माध्यम से पेश होने की छूट दे दी।

## दुनिया के 1.4 करोड़ बच्चों को नहीं लगा एक भी टीका, आधे भारत समेत 9 देशों के

**लंदन।** दुनियाभर में पिछले साल 1.4 करोड़ से अधिक बच्चों को एक भी टीका नहीं लगा जो 2023 की संख्या के लगभग बराबर है। इन बच्चों में से आधे से ज्यादा भारत समेत नौ देशों से हैं। संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वैश्विक टीकाकरण के संबंध में मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ ने बताया कि 2024 में एक वर्ष से कम उम्र के लगभग 89 प्रतिशत बच्चों ने डिप्थीरिया, टेटनस और काली खांसी के टीके की पहली खुराक मिली जो 2023 के बराबर है। इसने कहा कि लगभग 85 प्रतिशत बच्चों ने ही इन टीकों की तीनों खुराक लीं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 84 प्रतिशत था। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा कि टीकाकरण अब भी आसान नहीं है और संघर्ष व मानवीय संकटों के कारण टीकाकरण में हुई प्रगति तुरंत ही कमजोर पड़ने लग जाती है।

● संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने जारी की 2024 की रिपोर्ट

# आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत

बीजिंग/नई दिल्ली, एजेंसी

● बीजिंग में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने किया पहलगाम हमले का जिक्र

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा।

डॉ. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने, आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इसी के अनुरूप कार्रवाई की है। उन्होंने कहा,हमने तब से ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे।

### सुरक्षा खतरों से निपटने तंत्र में सुधार करें: शी

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एससीओ देशों के विदेश मंत्रियों से कहा कि समूह को सुरक्षा खतरों और चुनौतियों का जवाब देने के लिए तंत्र में सुधार करने के साथ एक ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि स्थापना के बाद से पिछले 24 वर्षों में एससीओ ने हमेशा शंघाई भावना को कायम रखा है, एक परिपक्व और मजबूत संगठन के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने जोर दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर, एससीओ को केंद्रित और आश्वस्त रहना चाहिए।

# मानव रहित विमानों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने की कवायद

नई दिल्ली, एजेंसी

● हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के बाद लिया गया फैसला

सेना के अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ, नीति निर्माता और निजी उद्योगों के प्रतिनिधि बुधवार को एकत्रित होंगे और स्वदेशीकरण के लिए एक 'रणनीतिक रोडमैप' विकसित करने पर विचार करेंगे, जिसका व्यापक उद्देश्य महत्वपूर्ण मानवरहित वायु यानों (यूएवी) और काउंटर-मानवरहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के घटकों के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करना है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ द्वारा थिंक-टैंक 'सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज' के सहयोग से आयोजित की जाने वाली कार्यशाला-सह-प्रदर्शनी 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित भारत-पाकिस्तान के हालिया सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है, जिसमें यूएवी और सी-यूएएस के सामरिक महत्व तथा परिचालन प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला गया था।

### स्वदेशी तकनीक से तैयार किया सस्ता कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला और तेलंगाना स्थित एम्स बीबीनगर ने स्वदेशी तकनीक से अपनी तरह का पहला उन्नत कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर विकसित किया है जो 125 किलोग्राम तक का भार सहन करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, प्रदर्शन के मामले में बाजार में उपलब्ध विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मॉडल को टक्कर देने वाला यह कृत्रिम पैर जरूरतमंद आबादी को उच्च गुणवत्ता वाला किफायती समाधान मुहैया कराने के लिए डिजाइन किया गया है।

## मणिपुर में बड़ी कार्रवाई में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए।

पुलिस महानिरीक्षक के. कबीब ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया। उन्होंने कहा, मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में पांच एके राइफल, तीन इंसास राइफल, 16 एसएलआर, पांच प्वॉइंट 303 राइफल, 19 पिस्तौलें, दो कार्बाइन, नौ अन्य प्रकार की राइफल और 16 सिंगल बैरल बंदूक शामिल हैं।

### आस्था का सैलाब

हरिद्वार में हर की पौड़ी पर पवित्र श्रावण मास शुरू होने के बाद रोज लाखों कांवड़िए गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी यहां भगवान शिव के भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। शिव के अभिषेक के लिए गंगाजल लेने से पहले कांवड़ियों ने गंगा नदीं में स्नान भी किया। एजेंसी

# विमान हादसे की जांच रिपोर्ट में किसी सवाल का जवाब नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● अब इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ पायलट एसोसिएशन असंतुष्ट

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (इफाल्पा) ने कहा है कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट अपनी प्रकृति के अनुसार ही कई सवाल उठाती है लेकिन जवाब मुहैया नहीं कराती। संगठन ने इस मामले में सभी पक्षों से अटकलों से बचने का आग्रह किया है।

गत 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में एएआईबी ने शनिवार को कहा था कि उड़ान भरने के तुरंत बाद 1 सेकंड के अंतराल में इंजन के ईंधन स्विच बंद हो गए, जिससे विमान के कॉकपिट में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक पायलट ने पूछा कि स्विच क्यों बंद हुआ और दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया। हालांकि प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है।

इफाल्पा ने एक बयान में कहा, हालांकि यह प्रारंभिक रिपोर्ट अपने आप में कई सवाल उठाती है, लेकिन इसमें कोई जवाब नहीं है, और इसकी सामग्री का कोई भी अनुमान केवल अनुमान ही माना जा सकता है, जो जांच के सुचारू संचालन के लिए उपयुक्त नहीं है।

## मुंबईः डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी की छापे

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को मुंबई में अवैध 'डब्बा ट्रेडिंग' और ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। ये नेटवर्क करोड़ों रुपये की धनराशि का लेन-देन कर रहे थे।

ईडी ने मुंबई में चार ठिकानों से लगभग 3.3 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, कुछ लग्जरी घड़ियां और आभूषण, विदेशी मुद्रा और महंगे वाहन जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई अब भी जारी है। 'डब्बा ट्रेडिंग' शेयरों में व्यापार के एक अवैध और अनियमित रूप को संदर्भित करता है। उन्होंने बताया कि इस जांच के तहत वीमनी, वीएम ट्रेडिंग, स्टैंडर्ड ट्रेड्स लिमिटेड, आईबुल कैपिटल लिमिटेड, लोटसबुक, 11स्टार्स और गेमबेटलीग जैसे कुछ ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म एजेंसी की जांच के दायरे में हैं।

**संबोधन** कटक के रेवेनशॉ विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया दीक्षांत समारोह को संबोधित

# जीवन बदल रही है प्रौद्योगिकी, मगर इसका दुरुपयोग घातक

कटक, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लोगों की सोच और कार्यशैली में व्यापक बदलाव आने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह भी दी।

मुर्मू ने यहां रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय इन प्रौद्योगिकियों का अच्छा उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, 3डी प्रिंटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग ने हमारी सोच और कार्यशैली में व्यापक बदलाव ला दिया है। हालांकि, मुर्मू ने सभी को इन उन्नत प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह दी।

मुर्मू ने छात्राओं के बढ़ते शैक्षणिक प्रदर्शन का उल्लेख किया, जिन्होंने इस वर्ष विश्वविद्यालय के 27 विभागों में से 21 में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में, संस्थान में छात्राओं ने पढ़ाई के मामले में लगातार छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर, टॉप करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में साढ़े तीन गुना से भी अधिक है। यह दर्शाता है कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में जनजातीय छात्रों, वंचित और दिव्यांग छात्रों के नामांकन में लगातार हो रही वृद्धि पर भी संतोष जताया।

स्नातक छात्रों से भविष्य में और अधिक ईमानदार और मेहनती बनने का आह्वान करते हुए, मुर्मू ने कहा, आज से, आपका जीवन एक नया मोड़ लेगा। आप शैक्षणिक विश्वविद्यालय से बाहर निकलकर जीवन और समाज के एक बड़े विश्वविद्यालय में कदम रखेंगे। मुझे आशा है कि आप जीवन और समाज के विश्वविद्यालय में भी सफलता और सम्मान प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह शैक्षणिक संस्थान स्वतंत्रता संग्राम का एक सक्रिय केंद्र था और ओडिशा राज्य के गठन के आंदोलन से जुड़ा था। उन्होंने न केवल नौकरी पाने, बल्कि दूसरों को भी नौकरी प्रदान करने के माध्यम से उद्यमशीलता और सामाजिक योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से कहा, अगर आप चाहें, तो उद्यमी बन सकते हैं और अपना खुद का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्र प्रथम की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसे समझना चाहिए।

### समान सुविधाएं मिलने पर लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर

मुर्मू ने कहा, विभिन्न दीक्षांत समारोहों के दौरान उन्होंने पाया कि समान सुविधाएं और अवसर मिलने पर लड़कियां बेहतर प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महिलाएं हर क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं, चाहे वह शिक्षा और साहित्य हो या विज्ञान, प्रौद्योगिकी, उद्योग और वाणिज्य। उन्होंने कहा, हमारी विविधता इंद्रधनुष की तरह है। हमारी एकता सदियों से बहुत मजबूत रही है। हमारी कई भाषाएं हैं, लेकिन भावना एक है। दुनिया इस बात से चकित है कि इतनी सारी भाषाओं और इतने सारे धर्मों के बीच भारत कैसे एकजुट और एकीकृत बना हुआ है। भारतीय भाषाओं ने शैक्षिक परंपरा को समृद्ध बनाने में बहुत योगदान दिया है।